ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 09 दिसंबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 303 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

मशहूर अभिनेता जूनियर महमूद का ... पेज 12 पर



## बारिश थमी, राज्य में कड़ाके की ठंड शुरू

### रात का पारा दो से चार डिग्री तक गिरेगा

### 20 दिसंबर के बाद दिन के पारे में भी तेजी से होगी गिरावट

### दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में अभी भी तेज बारिश की संभावना



**आरएनएम। रांची/दिल्ली**

बदलते मौसम के चलते अगले कुछ दिनों में उत्तर भारत के कई राज्यों में तापमान के कम होने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट दर्ज हो सकती है। जम्मू, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के मैदानी हिस्से, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड समेत पश्चिम बंगाल के इलाके में 20 दिसंबर के बाद दिन के पारे में भी तेजी से गिरावट शुरू हो जाएगी।

इधर झारखंड की राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मंगलवार से शुरू हुई बारिश के बाद शुक्रवार को धूप निकली लेकिन इसके साथ कड़ाके की ठंड का दौर भी शुरू हो गया है। इससे रांची व आसपास के जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रांची में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम शेष पृष्ठ 11 पर

> रबी फसल के लिए यह वर्षा उपयुक्त है जबकि पूर्व से खेतों में लगी खरीफ फसल को नुकसान की संभावना है। आलू की खेती करने वाले किसानों को भी अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है अन्यथा फसल पर झुलसा रोग का प्रभाव हो सकता है। रबी फसलों में गेहूं, चना, सरसों, मटर, मसूर के लिए यह वर्षा लाभदायक साबित होगी।
> –डॉ. एसके पाल, कृषि विज्ञानी

## तीसरे दिन भी धीरज साहू के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी

### 300 करोड़ से अधिक नोटों की गिनती पूरी

### सारे नोट 500, 200, 100 और 50 के हैं

### नोटों को 157 बैगों में भरकर ट्रक पर लोड कर बैंक पहुंचाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रही। अब तक बरामद हुए 300 करोड़ रुपये कैश का बड़ा खुलासा हो चुका था। अलमारियों में रखे सारे नोट 500, 200, 100 और 50 के हैं लेकिन इसमें एक भी 2000 का नोट नहीं दिखा। 2000 रुपये के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं और इन्हें बदलने की अवधि आठ अक्टूबर तक ही थी। जानकारी के अनुसार, 300 करोड़ से अधिक रुपये की गिनती पूरी हो चुकी है लेकिन इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। आईटी की टीम ने धीरज साहू से संबंधित कंपनियों के झारखंड-ओडिशा और बंगाल के 10 स्थानों पर छापेमारी की। आईटी की टीम ने मशीनों का उपयोग करके नोटों की गिनती की और 157 बैगों में भरकर उन्हें एक ट्रक पर लोड कर बैंक में पहुंचाया गया।

आईटी की 40 सदस्यों की टीम ने बुधवार की सुबह से ही ओडिशा के बौध, बोलांगीर, रायगढ़ा और संबलपुर, झारखंड के रांची-लोहरदगा और कोलकाता में समूह में छापेमारी की। आईटी ने कंपनी के कई खातों को फ्रीज कर दिया है। इस मुद्दे में आयकर विभाग के अधिकारी कंपनी के प्रबंधन स्तर से आय के स्रोतों और इतनी बड़ी मात्रा में नकदी जमा करने के संदर्भ में पूछताछ कर सकते हैं।

### सांसद के ठिकानों से करोड़ों की रकम बरामदगी पर पीएम ने कसा तंज

झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और उनके करीबियों के ठिकानों से आयकर छापे में बरामद की गई रकम की गिनती 200 करोड़ से भी ज्यादा पहुंच गई है। आलमारियों में नोटों की गड्डियों की तस्वीरें सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गई हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे जुड़ी मीडिया में प्रकाशित एक खबर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें... जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने अपने इस पोस्ट में हंसी वाली इमोजी भी डाली है। प्रधानमंत्री के इस पोस्ट को मात्र 50 मिनट के अंदर 10 हजार से ज्यादा लोग रिपोस्ट कर चुके हैं। भाजपा की केंद्रीय कमेटी और झारखंड राज्य इकाई ने भी इसे रिपोस्ट किया है। प्रधानमंत्री के इस पोस्ट के बाद झारखंड के भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग की है। ओडिशा में धीरज साहू के रिश्तेदारों के नाम पर कई कंपनियां हैं। इनमें बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई एश ब्रिक्स), क्वालिटी बाटलर्स प्राइवेट लिमिटेड व किशोर प्रसाद विजय प्रसाद बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। क्वालिटी बाटलर्स प्राइवेट लिमिटेड में विदेशी शराब की बाटलिंग होती है। वहीं, किशोर प्रसाद विजय प्रसाद बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड से विदेशी शराब का विपणन होता है। इनमें से कुछ कंपनियों में धीरज प्रसाद साहू भी डायरेक्टर हैं। आयकर छापेमारी का यह पूरा मामला शराब कारोबार में टैक्स चोरी से जुड़ा हुआ है।



## एक नजर

### पंकज मिश्रा रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती



**रांची।** मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती कराया गया है। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार से रिम्स लाया गया, जहां सेंट्रल इमरजेंसी एंड ट्रॉमा सेंटर में इलाज के बाद रिम्स के पेइंग वार्ड के कमरा संख्या 14 में शिफ्ट किया गया।

### कच्छ में 4.2 तीव्रता का भूकंप, फिर कांपी धरती

**भुज।** गुजरात के कच्छ जिले में शुक्रवार सुबह 9 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया। घरों में कंपन महसूस होते ही लोग बाहर आ गए। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 बताई गई है। इसका केंद्र रापर से 19 किलोमीटर दूर था। कच्छ के साथ राजकोट में भी भूकंप के झटके लोगों ने महसूस किए। वहीं दक्षिण भारत के दो राज्यों कर्नाटक और तमिलनाडु में भी शुक्रवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की अधिकतम तीव्रता 3.2 रही। कर्नाटक के विजयपुरा जिले में सुबह 6:52 बजे भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 रही। इसके अलावा तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में सुबह करीब 7:39 बजे 3.2 तीव्रता का भूकंप आया।

### पूर्व सीएम केसीआर अस्पताल में भर्ती



**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर को गुरुवारकी रात गिरने के बाद यहां एक निजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भर्ती कराया गया है, उनकी हड्डी टूटने की आशंका है। केसीआर के कार्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि चिकित्सक भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष राव (69) की स्थिति का आकलन कर रहे हैं और सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है। उन्होंने कहा कि एक मेडिकल बुलेटिन जारी किया जाएगा। केसीआर के कूल्हे की हड्डी की हड्डी में चोट है।

### सीएम ने 441.06 करोड़ की 217 योजनाओं का किया उद्घाटन, बोले

# सर्वजन पेंशन लागू करने में झारखंड पहला राज्य



### 181303 लाभुकों के बीच 300 करोड़ 96 लाख रुपये की बांटी परिसंपत्तियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को गोड्डा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में कहा कि झारखंड सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। वर्तमान में हमारी सरकार जो योजनाएं बना रही है वे योजनाएं आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों के आकलन के बाद ही तैयार की जाती है। झारखंड की जड़ कैसे मजबूत हो, इस पर हमारी सरकार गंभीरता के साथ कार्य कर रही है ताकि आने वाली पीढ़ी को इसका फल मिल सके। पिछले दो साल में लाखों आवेदन हमें शिविर के माध्यम से प्राप्त हुए। इसका परिणाम यह हुआ कि सबसे पहले हमारी सरकार ने राज्य के बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा माताओं-बहनों सहित सभी जरूरतमंदों के प्रति सरकार ने संवेदना दिखाते हुए राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू की।

### पूर्ववर्ती सरकारों ने लोगों को दलालों के चक्र में फंसाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने इन सभी जरूरतमंद वर्ग को दलालों के चक्कर में फंसने को मजबूर कर दिया था। अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आने वाले पात्र लोगों को पेंशन के लिए विभिन्न कार्यालयों चक्कर नहीं काटना पड़ रहा है। झारखंड जैसा पिछड़ा राज्य अब सभी पात्र लाभुकों एक हजार रुपए पेंशन दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड 23 वर्ष का हो गया है। यह राज्य अब युवावस्था में आ गया है लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इस राज्य को दिशा देने का काम तो किया नहीं, बल्कि इसे खोखला करते रहे।

### 217 योजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 441.06 करोड़ रुपये की 217 योजनाओं की सौगात गोड्डा वासियों को दी। इसमें 6 करोड़ 96 लाख रुपये की 02 योजनाओं का उद्घाटन और 133 करोड़ 34 लाख रुपये की 215 योजनाओं की नींव रखी गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 181303 लाभुकों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए उनके बीच लगभग 300 करोड़ 96 लाख रुपये की परिसंपत्तियां बांटी।

### आठ लाख तीन कमरों वाला अबुआ आवास दे रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2022 तक सभी गरीबों को आवास देने की बात कही थी। केन्द्र को मालूम है इस राज्य में गरीबों की संख्या अधिक है। हमारी सरकार गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के लिए कई बार केंद्र सरकार से समन्वय बनाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने हमारी बात को अनसुना कर दिया गया। राज्य सरकार ने अपने दम पर आठ लाख गरीब परिवारों को आवास देने का लक्ष्य तय किया है। इस निमित्त अबुआ आवास योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत तीन कमरों का सुसज्जित आवास गरीबों को दिया जाएगा। सुदूरवर्ती तथा पहाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले एसटी/एससी सहित सभी वर्ग के युवाओं को भी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निः शुल्क कोचिंग कराई जा रही है ताकि वे भी अधिकारी बनकर राज्य की सेवा कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोड्डा जिला अंतर्गत करीब 800 किमी सड़क का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे सूचना मिली कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। जिला प्रशासन इसपर नजर रखें। खराब कार्य करने वाले संवेदकों को ब्लैकलिस्टेड करें। राज्य के ग्रामीणों को अब मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का लाभ मिल सकेगा। इस योजना के तहत ट्रांसपोर्टर को राज्य सरकार आर्थिक सहायता भी देगी। यह योजना जल्द शुरू होने वाली है, जिससे यहां के आंदोलनकारी, बुजुर्ग, महिला, छात्र-छात्राएं निःशुल्क बस में सफर कर सकेंगे।

**देवघर में लोगों से की मुलाकात :** गोड्डा से लौटते हुए मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम के लिए देवघर सर्किट हाउस में रुके। वहां उन्होंने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के सामने लोगों ने कई समस्याओं की चर्चा की। सीएम ने कहा कि शीघ्र ही सभी समस्याओ का निराकरण होगा।

## पैसे लेकर सवाल पूछने पर महुआ मोइत्रा की लोस सदस्यता खत्म

### फैसले के बाद समूचे विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया

### 2005 में ऐसे ही मामले में 10 सांसदों की गई थी सदस्यता



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सदस्य महुआ मोइत्रा की लोकसभा की सदस्यता शुक्रवार को खत्म कर दी गई। लोकसभा ने महुआ मामले में एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा के बाद इसे पास कर दिया। रिपोर्ट में महुआ की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश की गई थी। सदस्यता खत्म करने के फैसले के बाद समूचे विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। इसी के साथ लोकसभा की कार्यवाही सोमवार, 11 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के बीच सदन में पेश की गई। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सख्त फैसले लेने होंगे। उन्होंने रिपोर्ट पर चर्चा के लिए आधा घंटे का समय तय किया, जिसे कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्यों ने नाकाफी बताया था। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य कल्याण बनर्जी ने मांग की कि स्वयं महुआ मोइत्रा को इस संबंध में अपना पक्ष रखने दिया जाए। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ने इसकी अनुमति नहीं दी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 2005 में इसी तरह के मामले में 10 सांसदों को निलंबित किया गया था और उस दौरान लोकसभा अध्यक्ष रहे सोमनाथ चटर्जी ने सदस्यों को अपनी बात रखने की अनुमति नहीं दी थी। जोशी की ओर से पेश प्रस्ताव पर विचार करने के दौरान विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया और महुआ के निष्कासन के प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। लोकसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आचार समिति की रिपोर्ट बहुत लंबी है। ऐसे में सदस्यों को इसको पढ़ने का और समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि इस मुद्दे पर आज कोई फैसला न लिया जाए। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने भी चर्चा के दौरान कहा कि महुआ पर आरोप लगे हैं, लेकिन उनको अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। यह न्याय संगत नहीं है। कोई भी आचार समिति दंड देने की सिफारिश नहीं कर सकती है उसे सिर्फ रिपोर्ट पेश करने का अधिकार है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर प्रश्न पूछने का आरोप लगाया था। उन्होंने इन आरोपों पर जांच समिति से जांच कराए जाने की मांग की थी। दुबे के आरोप पर लोकसभा अध्यक्ष ने मामले को संसद की आचार समिति को भेज दिया था। दुबे का आरोप था कि महुआ मोइत्रा ने बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से प्रश्न पूछे जाने के एवज में रिश्वत और उपहार लिए हैं। इन आरोपों को हीरानंदानी ने भी स्वीकार किया है।

(संबंधित खबर पेज 12 पर)

## अर्जुन मुंडा छग व आशा लकड़ा एमपी के पर्यवेक्षक बनाए गए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा कर दी। राजस्थान विधानसभा के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पांडे को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, के लक्ष्मण, आशा लाकड़ा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सबानंद सोनोवाल और दुष्यंत गौतम को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

पर्यवेक्षकों के नामों के एलान के साथ अब मुख्यमंत्री के नामों की भी घोषणा रविवार तक की जा सकती है। माना जा रहा है कि तीनों राज्यों में शनिवार-रविवार को विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है।

इधर अर्जुन मुंडा ने बतौर कृषि मंत्री अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्हें झारखंड के भाजपा नेताओं ने बधाई दी है।

### संसद से इस्तीफा देने वाले भाजपा सांसदों को घर खाली करने का नोटिस

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में विधायक का चुनाव जीतने के बाद संसद सदस्यता से इस्तीफा देने वाले भाजपा सांसदों को दिल्ली के उनके सरकारी आवासों को खाली करने का नोटिस दे दिया गया है।

## लालदुहोमा ने मिजोरम के सीएम पद की ली शपथ



**आइजोल।** जेडपीएम के नेता लालदुहोमा ने शुक्रवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने लालदुहोमा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जेडपीएम के 11 अन्य नेता भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में आयोजित किया गया जहां मिजो नेशनल फ्रंट के नेता और निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथांगा भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में एमएनएफ के विधायक दल के नेता लालचंदमा राल्ते समेत सभी विधायक शामिल हुए।

## डिजिटल अरेस्ट ज्यादा पढ़े-लिखे लोग हो रहे हैं ठगी के शिकार



सुनील बादल

*पहले* ओटीपी पूछकर, लिंक में क्लिक कराकर या एनी डेस्क या रस्ट डेस्क जैसे एप डाउनलोड कराकर कम पढ़े लिखे लोगों के साथ ठगी होती थी लेकिन डिजिटल दुनिया में यह उल्टा हो रहा है। देश के कई हिस्सों से अब इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं जहां साइबर ठगों ने लोगों को मजबूर कर उनके पैसे हड़पे हैं। सब से पहले नोएडा से घटना चर्चा में आई एक महिला इंजीनियर को डरा धमकाकर उससे 11 लाख रुपये ठग लिए।

कॉल करने वाले ने बताया कि वह ट्राई से बोल रहा है और अगले 2 घंटे में उसका फोन बंद हो जाएगा। उसने महिला को एक नंबर दिया और बोला कि ये क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर का नंबर है इनसे बात कर लीजिए। महिला ने जब उस कथित इंस्पेक्टर को तुरंत कॉल किया तो वो स्काइप कॉल पर बोला कि पहले तो आप कहीं जाएंगी नहीं, अब बैठ जाइए, आपसे लंबी पूछताछ करनी है।

पुलिस के मुताबिक, महिला ने कहा कि उसके आधार का कहीं भी कोई इस्तेमाल नहीं हुआ है। लेकिन उस नकली अधिकारी ने फिर एक नकली आईपीएस से भी इस महिला की बात कराई। ये सब कुछ वीडियो कॉल के दौरान हो रहा था। उन दोनों ने मिलकर महिला इंजीनियर को इतना डरा दिया कि वह 8 घंटे से ज्यादा वक्त तक मोबाइल के सामने से हिल नहीं पाई। क्योंकि ऐसा करने पर जेल भेज दिए जाने की धमकी उसे मिल रही थी। आखिर जमानत और दूसरी कानूनी कार्रवाई के नाम पर महिला से 11 लाख रुपये लेने के बाद स्कैमर्स ने फोन काट दिया। महिला साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पहुंची, जहां उसे पता चला कि उसे डरा डिजिटल अरेस्ट कर उसका अकाउंट खाली कर दिया गया है। कानूनी भाषा में डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई चीज होती ही नहीं है। लेकिन ठगों की भाषा में ये बेहद अहम है। नोएडा और फरीदाबाद में कुछ ऐसा ही हुआ है। डिजिटल अरेस्ट के मामले में स्कैमर्स एक वर्चुअल लॉकअप भी बना देते हैं और अरेस्ट मेमो पर दस्तखत भी डिजिटल कराया जाता है। ज्यादा शेष पृष्ठ 11 पर



> रांची की साइबर डीएसपी यशोधरा ने बताया कि झारखंड में अभी तक एक भी मामला नहीं आया है पर सावधानी आवश्यक है और कोई आपकी निजी फोटो के आधार पर धमकी दे तो नजदीकी थाने या राज्य के सात साइबर थानों में अवश्य सूचना दें कार्रवाई भी की जाती है और आजकल मोबाइल सेट को भी ब्लॉक किया जाता है।

### वाट्सएप-फेसबुक व अन्य मैसेंजर से सीधे वीडियो कॉल खतरनाक

कुछ लोग मिस्ड कॉल से शुरूआत करते हैं। इसके बाद अश्लील बातें फोन पर करते हैं। इस पूरी बातचीत को रिकॉर्ड कर लेते हैं। इसके बाद शुरू होता है डिजिटल अरेस्ट। इसी तरह की ठगी का दूसरा तरीका है वीडियो कॉल। वाट्सएप से लेकर फेसबुक व अन्य मैसेंजर पर सीधे वीडियो कॉल आता है। इस वीडियो कॉल में एआई का इस्तेमाल कर अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर ली जाती है। इसे बहु प्रचारित करने की धमकी दी जाती है। अनजान नंबर से वीडियो कॉल न उठाएं। इंटरनेट मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर अपनी प्रोफाइल लॉक कर रखें। अनजान की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। अगर अनजान का वीडियो कॉल मैसेंजर पर आ रहा है तो इसकी रिपोर्ट फेसबुक, इंस्टा पर की जा सकती है।

## अनुच्छेद 370 निरस्त करने के खिलाफ याचिकाओं पर फैसला सोमवार को



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 11 दिसंबर को अपना फैसला सुनाएगा। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बी.आर. गवई और सूर्यकांत की संविधान पीठ पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दिए गए विशेष दर्जे को छीनने और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने वाले 2019 के राष्ट्रपति के आदेश की संवैधानिकता पर फैसला करेंगे। 5 जजों की संविधान पीठ ने 5 सितंबर को दोनों पक्षों की मौखिक दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि वह कोई सटीक समय सीमा नहीं दे सकती है और जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करने में कुछ समय लगेगा, जबकि यह दोहराते हुए कि इसकी केंद्र शासित प्रदेश की स्थिति अस्थायी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि संविधान पीठ का फैसला चाहे जो भी हो, ऐतिहासिक होगा और कश्मीर घाटी के निवासियों के मन में मौजूद मनोवैज्ञानिक द्वंद्व को खत्म कर देगा। उन्होंने कहा था कि यह मनोवैज्ञानिक द्वंद्व अनुच्छेद 370 की प्रकृति से उत्पन्न भ्रम के कारण उत्पन्न शेष पृष्ठ 11 पर

## जमशेदपुर के मानगो में अपराधियों का तांडव

# टाइगर मोबाइल जवान सहित युवक को मारी गोली, एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के आजादनगर थाना अंतर्गत सिटी इन होटल के बाहर गुरुवार रात फायरिंग की घटना के बाद शुक्रवार को भी अपराधियों ने पुलिस को चुनौती देते हुए दिन दहाड़े फायरिंग की. अपराधियों ने मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 17 के पास शहजादा उर्फ टांडा पर गोलियां बरसाईं. इस दौरान सूचना पाकर पहुंचे टाइगर मोबाइल के जवान पर भी अपराधियों ने गोली चला दी. हालांकि, इस बीच स्थानीय लोगों ने एक अपराधी को दबोच लिया और तीन मौके से फरार होने में सफल रहे. घायलों को इलाज के लिए तत्काल टीएमएच ले जाया गया, जहां शहजादा को मृत घोषित कर दिया गया. शहजादा के सिर पर गोली लगी है. वहीं जवान के छाती में गोली लगी है. उसकी भी स्थिति गंभीर बताई जा रही है. सूचना पाकर सिटी एसपी टीएमएच पहुंचे और मामले की जानकारी ली. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विशाल मेगा मार्ट के पास चारों अपराधी शहजादा से उलझ गए. इसी बीच एक अपराधी ने अपने पिट्ठू बैग से पिस्टल निकाली और शहजादा पर फायरिंग कर दी. गोली शहजादा को लगी, जिससे वह घायल हो गया. शहजादा जान बचा कर गली में भागा, तभी अपराधी भी उसके पीछे फायरिंग करते हुए भागे. इसकी जानकारी पास ही खड़े टाइगर मोबाइल के जवान को दी गई. टाइगर मोबाइल का जवान भी अपराधी के पीछे भागा. इसी बीच गोली जवान को भी लगी. एक गोली शहजादा के सिर पर भी लगी, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा. इसी बीच स्थानीय लोगों ने एक अपराधी को पकड़ लिया. 29 दिसंबर 2021 को शहजादा के भाई डाबर ने जाकिर नगर रोड नंबर 14 में दानिश की गोली मरवा कर हत्या कर दी थी. इस मामले में डाबर और शहजादा को पुलिस ने जेल भी भेजा था. आशंका जताई जा रही है कि दानिश के मौत का बदला लेने के लिए ही शहजादा की हत्या कराई गई है. हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है.



## बेरमो : पति गया था पंच बुलाने, पत्नी ने लगाई फांसी

**बोकारो।** गोमिया थाना क्षेत्र के तुलबुल कमल टोला निवासी संजय किस्कू की पत्नी मनीषा देवी (23 वर्ष) ने बुधवार की सुबह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी मिलते ही गोमिया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि संजय किस्कू ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था. वह पिछले 10-15 दिनों से घर से लापता थी. गुरुवार की रात पुलिस ने उसे बरामद कर संजय किस्कू को सौंप दिया था. इसके बाद दोनों पति-पत्नी घर चले गए थे. जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह संजय ने पत्नी के घर से बार-बार भाग जाने के मुद्दे पर पंचायत कराने की बात कह गांव के लोगों को बुलाने गया था. जब वह वापस घर लौटा, तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है. काफी आवाज देने पर भी अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला, तब ग्रामीणों की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया. कमरे में मनीषा फंदे पर लटकी हुई थी.

## एक्सएलआरआई का प्लेटिनम जुबिली समारोह कल, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे शामिल



**जमशेदपुर।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 10 दिसंबर को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। राज्य के दो जिलों जमशेदपुर और धनबाद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कार्यक्रम है। उपराष्ट्रपति पहले शहर की प्रबंधन संस्था एक्सएलआरआई की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर प्लैटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस समारोह को लेकर देश के अलग-अलग क्षेत्रों के दिग्गजों को आमंत्रित किया गया है। एक्सएलआरआई से मिली जानकारी अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को दोपहर दो बजे एक्सएलआरआई पहुंचेंगे। इससे पहले वे विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे। इस दौरान उनके साथ झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज फर्नांडिस भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद सोनारी एयरपोर्ट रवाना हो जाएंगे। 3.50 बजे वे धनबाद के लिए रवाना हो जाएंगे। शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक्सएलआरआई अपनी स्थापना के गौरवमयी 75 साल के सफर को सेलिब्रेट कर रहा है।

### उपराष्ट्रपति के आगमन के लिए जिला प्रशासन ने वायुसेना के साथ किया मॉकड्रिल



**धनबाद।** आइएसएम आईआईटी धनबाद में 10 दिसंबर को होने जा रहे 43वां दीक्षांत समारोह में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शिरकत करेंगे। इसकी तैयारियों में धनबाद जिला प्रशासन पूरे जोरशोर से जुटी है। इसी क्रम में शुक्रवार को धनबाद जिला प्रशासन भारतीय ने वायुसेना के साथ बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डे पर मॉकड्रिल किया। इस मॉकड्रिल में वायुसेना के तीन हेलीकॉप्टर शामिल हुआ। इसके साथ ही मौके पर अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, यातायात विभाग सहित तमाम जिला प्रशासन के आलाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बोकारोः ट्रक की चपेट में आने से सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत

**बोकारो।** बोकारो जिले के उकरीद मोड़ के समीप आज शुक्रवार सुबह सड़क हादसा हो गया. यहां मेन रोड में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी. जिससे बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वहीं बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी. मृतक की पहचान कसमार थाना क्षेत्र के हिसिम निवासी सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षक नागेश्वर महतो (63 वर्षीय) के रूप में हुई है. इधर घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया. समाचार लिखे जाने तक बोकारो पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी थी. घटना की सूचना के बाद भाजपा नेता आनंद महतो, ग्रामीण व मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर शव के साथ सड़क जाम कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं. करीब दो घंटे से सड़क जाम है.

### गिरिडीह में अवैध कोयला खंता में गिरा दस साल का बच्चा

**गिरिडीह।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बनियाडीह पहाड़ी के समीप खुले हुए एक अवैध कोयला खंता में शुक्रवार को दस साल का एक बच्चा गिर गया। बच्चा कितनी गहराई में गिरा, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। बच्चा पेशराबहियार गांव का रहने वाला है और उसकी पहचान करण भुइयां के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही सीसीएल के जीएम बषाक चौधरी, पीओ और मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। बताया जाता है कि करण भुइयां अपने कुछ दोस्तों के साथ बनियाडीह पहाड़ी के समीप बेर चुनने गया हुआ था। इस दौरान वह अवैध खंता के समीप लगे बेर के पेड़ के पास पहुंच गया। पैर फिसलने के चलते वह गहरे खंता में जा गिरा। घटना की जानकारी उसके दोस्तों ने अन्य लोगों को दी। स्थानीय लोगों के सहयोग से बच्चे को बाहर निकालने का प्रयास चल रहा है।

## एसडीपीओ से वार्ता के बाद किसान जनता पार्टी ने वापस लिया आंदोलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन पर डटे किसान जनता पार्टी ने एसडीपीओ सदर अनिल सिंह से वार्ता के बाद आंदोलन वापस ले लिया. दो दिनों के अंदर जांच कर मामले में कार्रवाई के लिखित आश्वासन के बाद किसान के सदस्यों ने आंदोलन वापसी की घोषणा की. मौके पर किजपा के संस्थापक सदस्य अवधेश सिंह ने कहा कि दो दिनों के बाद अगर आवेदन पर कार्रवाई नहीं होगी तो फिर से आंदोलन को तेज किया जाएगा. बता दें कि अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर किजपा के सदस्य प्रखंड मुख्यालय के समक्ष आंदोलन पर थे. आंदोलन के तीसरे दिन किजपा के सदस्य प्रखंड मुख्यालय से एनएच-114 ए पर विरोध प्रदर्शन करने जा रहे थे. इसी दौरान प्रशासन द्वारा उन्हें रोका गया. जिसके बाद किजपा के सदस्य गिरफ्तारी देने की जिद पर अड़ गए. इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता भी हुई, मगर कोई नतीजा नहीं निकल पाया. घंटों बाद शाम को दूरभाष पर एसडीपीओ अनिल सिंह से वार्ता के बाद किजपा के सदस्यों ने आंदोलन वापस लिया. इस दौरान मौके पर सीओ राजेश डुंगडुंग, पुलिस इंस्पेक्टर ममता कुमारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे.

## अवैध कारोबार के खिलाफ 14 को होगा धरना-प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** बमामाइंस सहित अन्य रिहायशी इलाकों में खुलेआम संचालित हो रहे अवैध स्क्रैप टाल, तेल कटिंग सहित अन्य गोरखधंधों के विरोध में भारतीय जनतंत्र युवा मोर्चा जिला पुलिस मुख्यालय के समक्ष 14 दिसंबर को धरना-प्रदर्शन करेगी. युवा मोर्चा के इस कार्यक्रम में भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर जिला कमेटी, महिला मोर्चा, एसटी एवं एससी मोर्चा भी पूर्ण रूप से सक्रिय भूमिका में रहेगी. इस कार्यक्रम के संबंध में शुक्रवार को भाजमो युवा मोर्चा की एक बैठक जिलाध्यक्ष अमित शर्मा की अध्यक्षता में बारीडीह स्थित कार्यालय में हुई. इसमें धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए विचार-मंथन किया गया. बैठक में तय हुआ कि भाजमो युवा मोर्चा आगामी एक सप्ताह के भीतर जिला के सभी मंडलों में बैठक कर योजना बनाएगी. इस दौरान शहर के विभिन्न इलाकों में प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे अवैध कारोबार को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जाएगा और आगामी 14 दिसंबर को विराट धरना-प्रदर्शन के माध्यम से जिला पुलिस के समक्ष विरोध दर्ज कराया जाएगा.

# पूर्व विधायक रानी डे का हुआ अंतिम संस्कार

### गोमिया विधायक डॉ लंबोदर व कई गणमान्य लोग रहे मौजूद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** हजारीबाग की पहली महिला विधायक रहीं रानी डे का अंतिम संस्कार शुक्रवार को गोमिया के तेनुघाट स्थित दामोदर नदी तट पर किया गया. 85 वर्षीय रानी डे का निधन गुरुवार को रांची स्थित आवास पर हुआ था. पार्थिव शरीर शुक्रवार की सुबह पैतृक गांव साड़म लाया गया. पारंपरिक क्रिया के बाद आवास से अंतिम यात्रा शुरू होकर दामोदर नदी घाट पहुंची, जहां अंतिम संस्कार किया गया. पुत्र रूप सनातन डे ने मुखाग्नि दी. इस मौके पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिप सदस्य आकाश लाल सिंह, डॉ सुरेंद्र राज, देव नारायण प्रजापति, अधिवक्ता मॉन्टी डे, तरुण डे, अशोक यादव, प्रवीण राय, गोवर्धन हालदार, उमेश महतो, नंदलाल महतो, चितरंजन दत्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.



### वर्ष 1977 में बनी थीं विधायक

रानी डे समाजवादी नेताओं में शुमार थीं. वर्ष 1977 में उन्हें हजारीबाग सीट से जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने का अवसर मिला और जीत गईं. ढाई साल तक वह विधायक रहीं. इसके बाद भी वे राजनीति से जुड़ी रहीं. उनके पति बैंकुठनाथ डे वरिष्ठ अधिवक्ता हैं. वह अपने पीछे तीन पुत्र और दो पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं.

## स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़ कंप्यूटर की चोरी



**धनबाद।** धनबाद नगर निगम के लोदना हरिजन पट्टी स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार की रात चोरों ने बरामदे व कमरे का ताला तोड़कर कंप्यूटर सेट समेत करीब 30 हजार की संपत्ति की चोरी कर ली. शुक्रवार की सुबह जब सिक्योरिटी गार्ड राजेश मल्लाह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई. मेन गेट का ताला खोल अंदर प्रवेश किया, तो देखा कि बरामदा व एक कमरे का ताला टूटा हुआ है और कमरे में लगा कंप्यूटर सेट समेत अन्य सामग्री गायब है. उसने घटना की सूचना नगर निगम अधिकारी व केंद्र के डॉ नितेश प्रसाद को दी. सूचना पर पहुंची लोदना थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की.

## 14 को झरिया में रन फॉर क्लीन एयर के लिए स्कूलों में चलाया गया जागरूकता अभियान

**धनबाद।** झरिया में 14 दिसंबर को आयोजित रन फॉर क्लीन एयर को लेकर शुक्रवार को झरिया के बालिका विद्या मंदिर व इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग में जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान 10 व 11वीं के छात्र-छात्राओं को झरिया में बढ़ते प्रदूषण, इसकी रोकथाम और स्वछ हवा के बारे में बताया गया. छात्र-छात्राओं में रन फर क्लीन एयर में शामिल होने के प्रति उत्साह देखा गया. बच्चों ने कहा कि हमसब सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाएंगे. यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने लोगों से झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ जन-जागरूकता के तहत 14 दिसंबर को सुबह 8 बजे चिल्ड्रेन पार्क झरिया से नेहरू पार्क कतरास मोड़ तक रन फॉर क्लीन एयर में भाग लेने की अपील की.

# धनबाद : उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठाने वाले बिजली अधिकारी नपेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** बिजली विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठाते, यह शिकायत आम हो गई है. बिजली विभाग ने कनीय अभियंताओं व उनके वरीय अधिकारियों को सरकारी मोबाइल फोन दिए गए है, ताकि वे आम उपभोक्ताओं की शिकायतें सुन सकें. फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों की अब खैर नहीं. विभाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिन्हा ने मिल रही शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक पत्र जारी किया है. पत्र में कहा है कि उपभोक्ताओं का फोन नहीं उठाने पर संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. पतराकुल्ही के मनीष कुमार ने बताया कि गुरुवार को दिन में 9 घंटे बिजली गुल रही. जानकारी के लिए नया बाजार के सहायक अभियंता के सरकारी नंबर 9431135817 पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, उन्होंने फोन नहीं उठाया. वहीं हीरापुर के मुन्ना सिंह ने बताया कि हीरापुर के कनीय अभियंता जिनके सरकारी नंबर 9431135827 पर कई बार फोन किया, लेकिन उनका भी फोन नहीं उठा. वहीं, एक अन्य उपभोक्ता झुनझुन पांडेय ने बताया कि गुरुवार को कई घंटे बिजली बाधित रहने पर कार्यपालक अभियंता को उनके नंबर 9431135809 पर फोन किया गया, पर उन्होंने भी फोन नहीं उठाया. बैंक मोड़ क्षेत्र में बिजली का लोड ज्यादा होने की वजह से नया पीएसएस बनाने के लिए जगह की तलाश की जा रही है. जीएम अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि कनीय अभियंता व सहायक अभियंता को इसके लिए जगह चिह्नित करने को कहा गया है. जगह मिलते ही नया पीएसएस लगाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. इस पीएसएस के लगने के बाद बैंक मोड़, मटकुरिया आदि क्षेत्रों में बिजली सुचारू रूप से मिल सकेगी. जीएम ने बताया कि सुगियाडीह में बन रहे सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति दिसंबर के अंतिम सप्ताह से शुरू कर दी जाएगी.

## गिरिडीह में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान कल से

**गिरिडीह।** तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 10 दिसंबर से शुरू होगा. गिरिडीह में 5 साल तक के 491250 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है. सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा ने बताया कि पहले दिन 2535 बूथों पर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी. इसके बाद 11 व 12 दिसंबर को घर-घर जाकर बच्चों को खुराक दी जाएगी. अभियान में 5000 से अधिक कर्मियों को लगाया जाएगा. इसके लिए 507 सुपरवाइजर बनाए गए हैं. उन्होंने बताया कि अभियान का शुभारंभ गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू रविवार को सुबह 10 बजे चैताडीह मातृत्व एवं शिशु कल्याण केंद्र में करेंगे. डॉ मिश्रा ने बताया कि तीन दिवसीय अभियान में 0-5 वर्ष आयु वर्ग के 4,91,250 बच्चों को खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है.


## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

**जलाशय स्तरीय स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा विस्थापितों के SHG ग्रुप से दिनांक 23.12.2023 तक प्रस्ताव की मांग**

हजारीबाग जिला अर्न्तगत जलाशयों के स्थानीय/विस्थापितों को मछली पालन से जोड़ने तथा आर्थिक उन्नयन के लिए विभागीय संकल्प सं0 1575 दिनांक 09.11.2017 के आलोक में जल संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन एवं जल संसाधन विभाग द्वारा जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग को उपलब्ध कराये गये जलाशयों की सूची यथा (1) टाटीझरिया प्रखण्ड अंतर्गत बौधा जलाशय, (2)केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत घाघरा जलाशय एवं (3) कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत गोंदा जलाशय की बंदोबस्ती स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा विस्थापितों के SHG के साथ वर्ष 2023–24 से दस वर्षो के लिए किया जाना है। उक्त जलाशयों की बंदोबस्ती हेतु पूर्व में प्रकाशित सभी विज्ञापन में आंशिक संशोधन के साथ पुनः प्रस्ताव की मांग की जा रही है। संशोधित प्रस्ताव में विभागीय संकल्प 1575 दिनांक 09.11.2017 के आलोक में ही मान्य होगा। इसके अतिरिक्त पूर्व से जलाशय बंदोबस्ती हेतु प्राप्त प्रस्ताव एक से अधिक रहने के कारण मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 1546 दिनांक 08.09.2023 के आलोक में आपसी मतैक्य से केन्द्रीय समिति का गठन कराते हुए बंदोबस्ती किये जाने का मन्तव्य प्राप्त है। अतः विभागीय संकल्प एवं केन्द्रीय समिति हेतु यदि संभव हो तो इस विज्ञापन के माध्यम से उपरोक्त जलाशयों पर गठित समितियों/SHG ग्रुप सम्मलित कर एक प्रस्ताव कार्यालय में बंदोबस्ती हेतु जमा कर सकते है। तदोपरांत विभागीय संकल्प सं0 1575 दिनांक 09.11.2017 एवं विभाग से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में नियत टोकन मनी पर बंदोबस्ती की प्रक्रिया अपनाई जा सकें। यह प्रस्ताव एक जलाशय पर एक से अधिक प्रस्ताव रहने पर ही मान्य होगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR.NO.313074 Fish(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, रॉंची (कमरा नं०–503, जल भवन, डोरण्डा)

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–08/2023–24 दिनांक–07.12.2023**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | | कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, रॉंची। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि | :– | | 12.12.2023 से 19.12.2023 (कार्यालय अवधि में) |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | | 20.12.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | | 20.12.2023 को अपराह्न 3:30 बजे तक। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, रॉंची। (कमरा नं0–402, जल भवन, डोरण्डा) |
| | | | 2) | अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, जलपथ अंचल, रॉंची। (कमरा नं0–101, जल भवन, डोरण्डा) |
| | | | 3) | मुख्य अभियंता का कार्यालय, जल संसाधन विभाग, रॉंची। (कमरा नं0–501, जल भवन, डोरण्डा) |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | | कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, रॉंची। (कमरा नं0–402, जल भवन, डोरण्डा) |
| 7. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | :– | | |

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य(रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिंचाई शिविर धुर्वा, रॉंची के मुख्य पाईप लाईन, मोटर मरम्मति एवं सेप्टिक टैंक की सफाई का कार्य। | 9,08,698/– | 1,250/– | 18,500/– | 45 दिन |

नोट – 1) परिमाण विपत्र की राशि सिर्फ बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ही ली जायेगी जो कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, रॉंची के पदनाम से निर्गत होगा एवं SBI, Doranda, Ranchi में भुगतेय होगा जो None refundable होगी।
2) विस्तृत विवरणी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

PR.NO.313069 Water Resource(23-24):D

कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, रॉंची।


## बीआईटी सिंदरी की 75वीं वर्षगांठ पर व्याख्यान में जुटे विशेषज्ञ

# नरम मिट्टी के उपयोग की बताई तकनीक

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** बीआईटी सिंदरी की 75वीं वर्षगांठ पर संस्थान के राजेंद्र प्रसाद हॉल में व्याख्यान का आयोजन हुआ. सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित प्लेटिनम जुबिली लेक्चर सीरीज में कई विशेषज्ञों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए. मुख्य अतिथि आईआईटी (बीएचयू) के सहायक प्राध्यापक डॉ सुरेश कुमार ने धरती की नरम मिट्टी में स्टोन कॉलम मिलाकर उसे सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की. उन्होंने नरम मिट्टी पर हो रहे निर्माण में आने वाली तकनीकी दिक्कतों पर प्रकाश डालते हुए इसके तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया. एआई/एमएल प्लेटफॉर्म के अभियांत्रिकी निदेशक मोती लाल वत्स ने विश्व में चल रहे तकनीकी विकास पर प्रकाश डाला. समारोह में आए आईओसीएल के उप महाप्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ पंकज राय, सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर, प्राध्यापक डॉ विक्रमा पाण्डेय, डॉ उदय कुमार सिंह, प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ ब्रह्मदेव यादव, डॉ माया राजनारायण रे, डॉ सुमित कुमार, डॉ कोमल कुमारी, डॉ अभिजीत आनंद, प्रो प्रकाश कुमार उरांव, प्रो इकबाल शेख समेत सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे.

## एक नजर

### मूलवासी सदानों की विचार गोष्ठी 10 को रांची में

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की विचार गोष्ठी 10 दिसंबर को रांची में होगी। जिसमें 2024 के लोकसभा, विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने और आंदोलन तेज करने पर चर्चा की जायेगी। मूलवासी सदान मोर्चा की इस विचार गोष्ठी में राज्य के बुद्धिजीवी और युवा शामिल होंगे। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि वह पूरे राज्य में दौरा कर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि सदानी झंडा घर-घर में लगाने का काम भी ग्रामीण क्षेत्रों में जोरो पर है। राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि मूलवासी सदानों के अधिकार के लिए झारखंड के चुनाव में मूलवासी सदान का क्या रणनीति अपनानी होगी।

### लोअर बाजार थाना क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

रांची। लोअर बाजार थाना इलाके में शुक्रवार सुबह एक शव मिला है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद लोअर बाजार थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि फिलहाल अब तक शव की पहचान नहीं हो पाई है, आसपास के लोगों से पूछताछ की गई है लेकिन सभी ने शव को पहचानने से इनकार कर दिया है। वहीं हत्या के कारणों का भी अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।

### गोस्सनर कॉलेज के सहायक अध्यापकों ने नवनियुक्त बिशप थियोडोर मसकारेन्हास से मुलाकात की



रांची । डाल्टनगंज डायसिस के नवनियुक्त बिशप थियोडोर मसकारेन्हास से गोस्सनर कॉलेज के सहायक अध्यापकों ने आर्च बिशप हाउस रांची में मुलाकात की और उन्हें बुके देकर बधाई दी। इस दौरान बिशप ने अपने इंस्टॉलेशन कार्यक्रम महुआडांड़ में आने के लिए आमंत्रण भी दिया। बिशप थियोडोर मसकारेन्हास का बिशप पदस्थापना समारोह कार्यक्रम 11 जनवरी 2024 को महुआडांड़ में रखा गया है। इस अवसर पर बिशप ने युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग और कई मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित कर मार्गदर्शन करने पर भी जिक्र किया। बिशप थियोडोर मसकारेन्हास से मुलाकात करने वालों में डॉक्टर योताम कुल्लू, असिस्टेंट प्रोफेसर हेमंत कुमार टोप्पो और डॉक्टर कोरनेलियुस मिंज शामिल थे।

### कांग्रेस में शामिल होंगे संजय सिंह व कारगिल योद्धा हृदयानंद यादव

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ह्यआ अब लौट चलें कार्यक्रम के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है और यही कारण है कि राजनैतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक स्तर के लोग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस कड़ी में 10 दिसम्बर को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के समक्ष राज्य प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ संजय सिंह एवं कारगिल युद्ध के योद्धा हृदयानंद यादव कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करेंगे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि लगातार राजनीतिक दल, सामाजिक कार्यकताओं का संपर्क कांग्रेस की सदस्यता लेने के लिए किया जा रहा है।

---

**पटना साइंस कॉलेज से पढ़ाई के बाद वहीं से पूरी की इंजीनियरिंग**

# कार्तिक उरांव की प्रतिभा के कायल थे नेहरु

**अरुण उरांव, रांची**



कार्तिक उरांव अपनी मेधा और देशसेवा की भावना के कारण आज भी आम लोगों के मन मस्तिष्क में छाये हुए हैं। उनका जन्म एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। उनके मां पिता दोनों निरक्षर थे। बावजूद इसके, अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के बदौलत उन्होंने इसे आगे बढ़ने में आड़े नहीं आने दिया। स्कूल में उनके गुरुओं ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। उन्होंने शिक्षा के प्रति उनके लगाव और कुछ बड़ा कर गुजरने की लालसा को धार दिया।

पटना साइंस कॉलेज से पढ़ाई कर वहीं के इंजीनियरिंग कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। कुछ दिन राज्य सरकार की नौकरी भी की। उसके बाद वह इंग्लैंड चले गए। ब्रिटिश रेल में काम करते हुए वहां के नामचीन कॉलेज एवं विश्वविद्यालय से सिविल स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग की डिग्रियां हासिल की जिनमें ग्लासगो एवं अमेरिका के शिक्षण संस्थान भी शामिल थे । उनके साथ काम करने वाले विदेशी साथियों को बड़ी हैरानी होती थी की मुश्किल से मुश्किल परीक्षाओं को एक छोटा सा भारतीय कितनी आसानी से पास कर लेता था जिसे पास करना उनके लिए अत्यंत कठिन होता था। हिंकले प्वाइंट में बना इंग्लैंड के पहले न्यूक्लियर पावर स्टेशन के डिजाइन में बाबा का हाथ रहा। लंदन के भारतीय एंबेसी में प्रवासी मुलाकात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नेहरू की इन पर नजर उनपर पड़ी। उन्हें एक आदिवासी इंजीनियर के प्रतिभा ने अचंभित कर दिया । उन्होंने बाबा को भारत वापस आकर देश सेवा का अनुरोध किया जिसे वे ठुकरा न सके। एचईसी रांची में उन्हें डिप्टी चीफ इंजीनियर, डिजाइन नियुक्त किया गया ।

देश लौटने के बाद उन्हें नजदीक से गरीब आदिवासियों की दशा को देखने, जानने और समझने का अवसर मिला। आदिवासी समाज की दुर्दशा उनसे देखी नहीं गई। नौकरी छोड़कर लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़े। पहली चुनाव में असफलता मिलने के बावजूद वो आदिवासियों को एकजुट और जागृत करने में लगे रहे। अगली चुनाव जीत कर संसद पहुंचे जहां उन्होंने अपनी विद्वता और संवेदनशीलता का परिचय दिया। तत्कालीन प्रधान मंत्री स्व इंदिरा उनकी प्रतिभा की कायल थी और जरूरी मसलों पर उनसे राय मशविरा लेती थीं। कार्तिक उरांव उनके मंत्रिमंडल में संचार मंत्री रहे। देश में आदिवासियों को एकजुट कर उनकी आवाज को बुलंद करने के लिए वर्ष 1967 में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की स्थापना की। बाबा ने आदिवासियों के हालात को समझते हुए उनकी व्यथा और समाधान को बीस वर्ष की काली रात नामक पुस्तिका के माध्यम से देश के सामने प्रस्तुत किया। इसी के परिप्रेक्ष्य में समाज के बेहतरी एवं न्याय के लिए, सांसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया, जिसमें तथ्यों के आधार पर धर्मांतरित आदिवासियों द्वारा मूल आदिवासी धर्म में आस्था और विश्वास रखने वालों आदिवासियों पर अन्याय और उनके संवैधानिक अधिकारों पर हनन करने का दोषी ठहराया एवं उन्हें आरक्षण से बाहर रखने की वकालत की।

### आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय ने शुरू की स्कालरशिप हेल्पलाइन

रांची। प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय से हेल्पलाइन शुरू की गयी है। जिससे छात्र अपनी समस्याओं के बारे में कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते है। छात्रवृति से संबंधित समस्याओं के सुगम निस्तारण के लिए झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय ने स्कालरशिप हेल्पलाइन शुरू की है। नयी व्यवस्था के अंतर्गत छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन प्रावधान किए गए हैं। छात्र अपनी समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 1800-599-1289 पर प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त व्हाट्सप्प नंबर 9440256299 चौबीस घंटे छात्रों की समस्या ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से पंजीकृत करने के लिए चालू रहेगा। साथ ही (ट्विटर) अकाउंट पर भी छात्र अपनी समस्या प्रेषित कर सकते हैं।

### बिरसा कृषि विवि में कार्तिक उरांव को दी गयी श्रद्धांजलि



रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में पूर्व केन्द्रीय मंत्री कार्तिक उरांव की पुण्यतिथि पर शोकसभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बीएयू मुख्यालय स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मियों ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किये। बाद में प्रसार शिक्षा निदेशालय के सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में कार्तिक उरांव की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के बाद इंग्लैंड में कार्यरत रहते हुए उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े ऑटोमेटिक पावर प्लांट हिंकले न्यूक्लियर पावर प्लांट का डिजाइन तैयार कर ब्रिटिश सरकार को दिया था। एचईसी और बीआईटी के विकास तथा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास, उनकी जमीन की सुरक्षा तथा धर्मांतरण से बचाव आदि उद्देश्यों से उन्होंने अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की स्थापना की थी। अपने विचार रखने वालों में प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ जगरनाथ उरांव, कुलसचिव डॉ नरेंद्र कुदादा तथा अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह शामिल थे।

### उत्पन्ना एकादशी पर करुणामूर्ति भगवान श्रीमन्नारायण का मना मंगलोत्सव



रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मंदिर में मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की उत्पन्ना एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को दिव्य मंगलोत्सव मना। प्रथम चरण में प्रार्थी लोगों के अभिष्ट पूर्ण करने वाले भगवान ब्रह्मांड नायक का विश्वरूप दर्शन कराया गया। सुप्रभातम, मंगलाशासनम, करावलंबम स्तोत्र आदि के पश्चात पाञ्चरात्र आगम विधि से तिरुवाराधन हुआ। दूध, दधि, हल्दी, चंदन, शहद, डाभयुक्त जल एवं गंगाजल आदि अनेक औषधयुक्त द्रव्यों से सनातन परमात्मा का सुश्राव्य वेदध्वनियों के साथ महाभिषेक कराया गया। सहस्त्रधारा, शंखधारा, चक्रधारा एवं कलशधारा के उपचार पूर्वक नयनानंद दायक महाभिषेक हुआ। तदोपरांत श्रीभगवान् दम्पत्ति के विग्रहों को सदभूषणों से सुसज्जित करके पुनः सुगंधित फूलराशियों से भव्य श्रृंगार हुआ। 27 दीपों के प्रकाश पुंज से युक्त नक्षत्र आरती, कुंभ आरती और कपूर से महा आरती की गई। भगवान को सॉबा दाना का खीर, कूटू आटा और कद्दू की पकौड़ी, सिंघाड़े आटे का हलवा, मखाना का भुजा, साबूदाना और आलू की खिचड़ी आदि फलाहारी व्यंजनों का नैवेद्य भोग लगा। कलियुग में दर्शन मात्र से ही करोड़ों पापों का अपहरण करने वाले दयामृत सागर भगवान के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ हुई। महाभिषेक के यजमान मनोज-अनिता केजरीवाल दिनभर का भोग लगवाया। राजू-मोना चौधरी जबकि पुष्प का श्रृंगार किया। अजय कुमार व सुनीता प्रसाद यजमान रांची निवासी हैं। अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने सभी अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। अनुष्ठान में राम अवतार नारसरिया, ओमप्रकाश केजरीवाल, मुकेश केजरीवाल, संजय केजरीवाल, अशोक धनानी, कमलनयन द्विवेदी, आकाश लोहिया, प्रकाश मोदी, प्रदीप मोदी और महावीर गुप्ता सहित अन्य शामिल हुए।

---

**छात्रों ने कहा-छात्रवृत्ति के लिए पिछले 9 महीनें से कार्यालय का लगा रहे हैं चक्कर**

# उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के छात्रों ने जिला कल्याण कार्यालय का किया घेराव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति की मांग को लेकर 9 महीनें से जिला कल्याण पदाधिकारी कार्यालय का चक्कर लगाने से परेशान है। आज छात्रों का धैर्य जवाब दे दिया। कार्यालय के रवैये से नाराज उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने आज रांची जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण के कार्यालय का घेराव किया। करीब 60 की संख्या में घेराव करने आये छात्रों का आरोप है कि बाकी यूनिवर्सिटी के छात्रों को छात्रवृत्ति दे दी गयी है। लेकिन उन्हें अभी तक छात्रवृत्ति नहीं मिली है। उन्होंने जिला कल्याण विभाग पर उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। छात्रों का कहना है कि पिछले नौ माह से लगातार वो छात्रवृत्ति की मांग को लेकर जिला कल्याण विभाग के पदाधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन अभी तक उनकी मांगों को लेकर सकारात्मक पहल नहीं की गयी है। इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण ने कहा कि सरकार के नियमानुसार, पहले सरकारी कॉलेज और विश्वविद्यालयों के छात्रों को ई-कल्याण छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है। इसके बाद निजी विश्वविद्यालय के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। रांची जिला में ओबीसी छात्रों को 36 करोड़, एससी को 32,59,000 और एसटी को 13 करोड़ 47 लाख की छात्रवृत्ति की राशि उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दी गयी है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कुछ छात्रों का अकाउंट आधार से लिंक नहीं है। इसलिए उनके अकाउंट में अभी तक पैसा ट्रांसफर नहीं हुआ है.। इसको लेकर विभाग की तरफ से जल्द नोटिस जारी की जायेगी।

## विभाग से मांगी गयी है और राशि : डीडब्लूओ

जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण ने कहा कि छात्रवृति की राशि की कमी हो गयी है। जिस कारण ओबीसी छात्रों को भी राशि नहीं दी गयी है। ओबीसी और निजी विश्वविद्यालय की छात्रवृति के लिए विभाग से और पैसे की मांग की गयी है। विभाग से राशि मिलने के बाद निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अकाउंट में भी छात्रवृत्ति की राशि ट्रांसफर कर दी जायेगी।

---

# झारखंड स्वास्थ्य मिशन के शिविर में हुई सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्वास्थ्य मिशन की ओर से नया नगर बरकाकाना के आर्य बाल उच्च विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जांच शिविर में 550 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें भी शामिल रहे। शिविर में निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य रोग, नेत्र, स्पीच एंड हियरिंग जांच और शिशु रोग जांच किया गया। सभी को दवाईयां भी दी गयी। आंख के रोगियों को आई ड्रॉप एवम दवाईयां दिया गया। झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि संस्था का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। कार्यक्रम में रामगढ़ स्थित जनता हॉस्पिटल के डा बी.बी सिंह, गौतम पटेल, पूनम कुमारी, मोनिका कुमारी, इम्तियाज आलम, वेल क्योर हॉस्पिटल के डा वसीम अंसारी, भगवान महावीर आई हॉस्पिटल के जूही कुमारी, ममता कुमारी, दुबराज महतो, बिट्टू ऑप्टिकल के शाहनवाज नैयर और कल्पना हियरिंग एंड स्पीच क्लीनिक के अंकित कुमार एवं रामगढ़ टायर मोड स्थित स्टार किड्स डिजिटल चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के डा गौतम कुमार,विभा कुमारी, मानवाधिकार सहायता संघ के सचिव रविन्द्र मुंडा, आर्य बाल उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल श्रीमती आशा सिंह, सतपाल बोहरा, अर्चना, कुंती, शक्ति, संगीता, सुभाष और रीना आदि ने सहयोग किया।

### हाल-ए-एचईसी, अस्थायी कर्मचारी चुटका पर बना रहे अटेंडेंस

रांची। एचईसी के अस्थायी कर्मचारी चुटका में अटेंडेंस बना रहे हैं और उन्हें पर्चे को जमा कर रहे हैं। इसी चुटके से उनकी उपस्थिति और वेतन का ब्यौरा रखा जा रहा है। 31 अगस्त 2023 को ही अस्थायी कर्मचारियों का कॉन्टैक्ट समाप्त हो चुका है। आलम ये है की दूसरी कोई भी कंपनी टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले रही है और अस्थायी कर्मचारियों का कॉन्टैक्ट रिन्यू नहीं हो पाया है। जिस पुरानी कंपनी के तहत ठेका कर्मी एचईसी में इनरॉल थे, उसने पहले की आगे काम लेने से इनकार कर दिया है। क्योंकि एचईसी ने एजेंसी को ठेका कर्मियों के ईएसआई और जीएसटी आदि मद का भुगतान बंद कर दिया था। जिस वजह से एजेंसी पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता गया। अंततः एजेंसी ने खुद को पीछे कर लिया। हालांकि नवंबर महीने में एचईसी कर्मियों को 2 महीनों का वेतन दिया गया है। लेकिन अब भी लगभग 18 महीनों का वेतन बकाया है। इसके साथ एचईसी में बुनियादी सुविधा भी बंद है।

---

**जेजे बोर्ड और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों के मामले में हुई सुनवाई**

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से 20 दिसंबर तक मांगी स्टेटस रिपोर्ट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए सरकार को 20 दिसंबर तक समय दिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा और बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से जगजीत सिंह छाबड़ा वर्चुअल मोड में उपस्थित हुए। मामले में राज्य सरकार एवं सचिव कृपानंद झा की ओर से कहा गया कि रांची एवं जमशेदपुर में एक-एक अतिरिक्त जेजे बोर्ड के गठन को कैबिनेट ने स्वीकृति दी थी। राज्यपाल से भी इसकी अनुमति मिल गई थी। इसके बाद रांची में अतिरिक्त जेजे बोर्ड गठन कर लिया गया है, जबकि जमशेदपुर में इसके गठन की प्रक्रिया जारी है। चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) में चेयरमैन के 6 जिलों में रिक्त पदों के लिए दो सप्ताह में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल कुछ उम्मीदवारों के बारे में कुछ शिकायत आई थी। जिसका वेरिफिकेशन कर दो सप्ताह में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर ली जाएगी। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि छह जिलों दुमका, हजारीबाग, कोडरमा, लोहरदगा, साहिबगंज, सिमडेगा को छोड़कर बाकी सभी जगह सीडब्ल्यूसी कार्यरत है। राज्य सरकार की ओर से मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं की जा सकी। कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए सरकार को 20 दिसंबर तक समय दिया है।

---

# नई अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन रिपोर्ट में बुनियादी सहयोग का अभाव उजागर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्राथमिक और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख गैर-लाभकारी संगठन, सेंट्रल स्क्वैयर फाउंडेशन (सीएसएफ) ने ठोस बुनियाद का निर्माण : भारत में आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा की पड़ताल रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट भारत में 200 अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन (ईसीई) यानि आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा क्लास रूम्स में संचालित स्थितिपरक विश्लेषण अध्ययन के बाद जारी की गई है। इस अध्ययन का उद्देश्य अनुसंधान के मौजूदा आंकड़ों का सत्यापन करना, ईसीई पाठ्यक्रम में सुधार के अवसरों की पहचान करना और महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालना था। जिन पर तत्काल कारवाई की जरुरत है। भारत के सात राज्यों में 200 ईसीई क्लासरूम्स में अध्ययन किया गया। रिपोर्ट में 3-6 वर्ष की आयु के बच्चों में शिक्षण के कम नतीजों के कारणों की पड़ताल की गयी। बजट प्रस्ताव और व्यय से ईसीई को दी गई कम प्राथमिकता दिखाई देती है। खेल-आधारित सामग्रियों और अभ्यास-पुस्तिकाओं के सीमित प्रयोग से स्टूडेंट्स के सीखने के अवसर प्रभावित हो रहे हैं। रिपोर्ट में देश भर में गुणवत्तापूर्ण ईसीई प्रदान करने के लिए निरंतर बुनियादी सहयोग का अभाव उजागर किया गया है। रिपोर्ट में इन कमियों को दूर करने और नन्हें विद्यार्थियों के लिए शिक्षण की बुनियाद मजबूत करने के लिए जल्द ही उपाय करने की हिमायत की गई है। सीएसएफ की सीईओ और एमडी, श्वेता शर्मा-कुकरेजा ने कहा कि सभी बच्चों के लिए बेहतर शिक्षण परिणाम सुनिश्चित करते हुए बेहतर नीतिगत कार्यान्वयन से सतत विकास लक्ष्यों और निपुण भारत मिशन को पूरा किया जा सकता है।

---

**डिस्टिंक्शन मार्क्स के साथ पास हुए छात्र ने सीएम हेमंत और मंत्री चंपई को दिया श्रेय**

# पोटका प्रखंड के आदिवासी छात्र ने लंदन की यूनिवर्सिटी से प्राप्त की डिग्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के बच्चों की प्रतिभा को देश दुनिया के सामने लाने के जो प्रयास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया है। वह सफल होता नजर आ रहा है। झारखंड के युवा अब शिक्षा के क्षेत्र में विदेशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहें हैं। ऐसी ही प्रतिभा का प्रदर्शन पूर्वी सिंहभूम के पोटका प्रखंड स्थित भाटिन गांव निवासी अजय हेंब्रम ने दिखाई है। अजय ने लंदन की यूनिवर्सिटी से डिस्टिंक्शन मार्क्स के साथ डिग्री प्राप्त की। अजय मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहते हैं भले ही डिग्री के लिए मैंने पढ़ाई की। लेकिन इसका श्रेय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री चंपई सोरेन को जाता है। जिन्होंने हम जैसे युवाओं को वैश्विक मंच पर छा जाने का



अवसर मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के जरिए दिया। अब हमलोग यहां के लोगों के बीच अपने समाज, राज्य और देश की और भी बेहतर छवि बनाने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री ने एक्स पर अजय से कहा, आदरणीय बाबा दिशोम गुरुजी कहा करते हैं कि गरीब और वंचित समाज के युवाओं को शिक्षा के अवसर मिलते हैं। तो सिर्फ वह ही नहीं, उनका घर, गांव और समाज भी आगे बढ़ता है। आप सदैव अपनी मेहनत और लगन से सफलता की बुलंदियों को छूते रहें। मुख्यमंत्री ने अजय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड के युवाओं के साथ उनका यह भाई हमेशा खड़ा है और रहेगा।

**सरकारी खर्च पर 50 युवा विदेश में पढ़ रहे हैं :** मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत अब तक राज्य के 50 छात्र-छात्राएं ब्रिटेन के विभिन्न यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं, या कर रहे हैं। जिन्होंने पढ़ाई पूरी कर ली इनमें से कुछ विदेश में ही नौकरी कर रहे हैं। वहीं कुछ देश में ही उच्च संस्थानों में नौकरी कर रहे हैं। इनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थी शामिल हैं। इन सभी को राज्य सरकार शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। देशभर में पहली बार मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में इस तरह की छात्रवृत्ति योजना झारखंड में लागू की गई है।

---

**इस माह विवाह लग्न 9, 10, 13, 14 और 15 दिसंबर तक**

# 16 दिसंबर से लगेगा खरमास बंद हो जायेंगे मांगलिक कार्य




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इस साल शादी-विवाह और शुभ कार्य सिर्फ एक सप्ताह और होंगे। जिसके बाद 15 दिसंबर के बाद सभी मांगलिक कार्य बंद हो जायेंगे। क्योकि सूर्य देव ब्रह्मांड का चक्कर काट जब 16 दिसंबर धनु राशि में प्रवेश करेंगे तो खरमास लग जायेगा। इसके बाद एक माह तक सभी मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लग जायेगा। खरमास में शादी-विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश आदि संस्कार नहीं होते हैं। शुभ संस्कारों के लिए एक माह इंतजार कराना होगा। नये साल में इस बार सूर्य देव 15 जनवरी को मकर राशि में आयेंगे। साथ ही सनातनी दड़ी-चूड़ा आदि ग्रहण कर पुनः मांगलिक कार्य आरंभ कर देंगे। पंचांग के अनुसार, इस साल 16 दिसंबर को दिन के 03 : 47 मिनट पर सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही खरमास लग जायेगा, जो पूरे माह रहेगा। नये साल 2024 में 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व के साथ खरमास की समाप्ति होगी। पंडित सुधांशु मिश्रा ने बताया कि सूर्य जब गुरु की राशि धनु और मीन में प्रवेश करते हैं तो वह अपने गुरु की सेवा में लग जाते हैं।

## एक नजर

### राज्यपाल ने राज्य की मतदाता सूची में दर्ज कराया नाम

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने राजभवन में भेंट की तथा राज्यपाल को राज्य में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस दौरान राज्यपाल ने झारखंड राज्य की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

### राज्यपाल से मिले मुख्य सचिव एल. खियांग्ते



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को राज्य के मुख्य सचिव एल. खियांग्ते ने राजभवन में मुलाकात की। यह शिष्टाचार भेंट बतायी जा रही है।

### खियांगते से मिला झाप्रसे संघ का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते से शुक्रवार को झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम एवं महासचिव राहुल कुमार के नेतृत्व में प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने संघ के सदस्यों के समक्ष आ रही प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रीमियर सर्विस, चाइल्ड केयर लीव, डीपीसी की बैठक एवं समयबद्ध प्रमोशन तथा प्रोन्नत पदाधिकारी के पद को उत्क्रमित करने की परिपाटी को समाप्त करना शामिल था।

### राजेश ठाकुर कल करेंगे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

**रांची।** संगठन सशक्तीकरण अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शनिवार को पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि पूर्वाह्न 10 बजे डालटेनगंज में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। इसके बाद 11 बजे गढ़वा में इंदिरागांधी चौक से निकाले जा रहे बाइक जुलूस में शिरकत करेंगे। इसके अलावा एक बजे भवनाथपुर विधानसभा के विशुनपुरा में प्रखंड, मंडल एवं पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक संगठन सशक्तिकरण अभियान पर चर्चा करेंगे।

### मृतक के परिवार से मिले परमेश्वर भगत

**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम चटवल में शुक्रवार की शाम मृतक अब्दुल कुद्दुस के शोक संतप्त परिवार से समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बीते रात करीब 32 वर्षीय युवक अब्दुल कुद्दुस की आकस्मिक मौत हो गई थी। मृतक अपने पीछे पत्नी और चार बच्चें छोड़ गए। पत्नी भी मानसिक रूप से बीमार रहती है।

## पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक कल पटना में

# झारखंड उठाएगा केंद्र पर 1.32 लाख करोड़ के बकाये का मामला

**झारखंड और बिहार के बीच पेंशन की देनदारी विवाद का मामला भी उठेगा**

**जनसंख्या के आधार पर 25 फीसदी राशि का भुगतान करना चाहता है झारखंड**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आगामी 10 दिसंबर को पटना में होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की बैठक में झारखंड सरकार एक बार फिर केंद्र के पास राज्य के एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए की बकाया राशि का मामला उठाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में होने वाली इस अहम बैठक में झारखंड और बिहार के बीच पेंशन की देनदारी विवाद का मामला भी उठेगा। इस बैठक में बिहार, झारखंड, ओडिशा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों के मौजूद रहने की संभावना है। झारखंड की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में राज्य वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह भी इस बैठक में शिरकत करेंगे। पिछले साल कोलकाता में हुई बैठक में भी सीएम सोरेन ने विभिन्न कोयला कंपनियों पर लैंड कंपनसेशन और रॉयल्टी के मद में झारखंड की बकाया राशि के भुगतान की मांग उठाई थी। तब से लेकर अब तक इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है। झारखंड सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि राज्य में खनन का काम करने वाली कोयला कंपनियों सेंट्रल कोलफील्ड्स लि.(सीसीएल), भारत कोकिंग कोल लि. (बीसीसीएल) और ईस्टर्न कोलफील्ड् लि (ईसीएल) के पास भूमि मुआवजे के मद में झारखंड सरकार के एक लाख करोड़, सामान्य मद में 32 हजार करोड़ और धुले हुए कोयले की रॉयल्टी के एवज में 2900 करोड़ रुपए लंबे वक्त से बकाया हैं। झारखंड सरकार राज्य में नक्सल नियंत्रण के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के एवज में राज्य सरकार की ओर से केंद्र को राशि के भुगतान की व्यवस्था समाप्त करने की भी मांग उठा सकती है। इसके अलावा झारखंड सरकार पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के जरिए बिहार के साथ पेंशन देनदारी का भी विवाद सुलझाना चाहती है। यह विवाद 22 साल पुराना है। बिहार की सरकार ने पेंशन मद में झारखंड से 847 करोड़ रुपये की मांग को लेकर हाल में पत्र भेजा है। झारखंड का कहना है कि बिहार उसपर अनुचित और अतार्किक तरीके से बोझ लाद रहा है। झारखंड सरकार छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड का हवाला देते हुए जनसंख्या के आधार पर 25 फीसदी राशि का भुगतान करना चाहती है, जबकि बिहार सरकार चाहती है कि झारखंड को सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की पेंशन के लिए एक तिहाई राशि भुगतान करना चाहिए।

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव में 385 प्रतिभागी दिखायेंगे अपनी प्रतिभा

# युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर प्रगति पथ पर अग्रसर होना होगा : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजादी के अमृत काल वर्ष पर राज्यस्तरीय दो दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का उदघाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दीप प्रज्जवलित कर किया।
कार्यक्रम का आयोजन मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट हॉल में किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश आत्मनिर्भर एवं विकसित तभी होगा। जब हम विभिन्न क्षेत्रों यथा कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थ केयर, स्पोर्ट्स इत्यादि में आत्मनिर्भर होंगे एवं प्रगति करेंगे। इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए युवाओं को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया करानी होगी। युवाओं को भी निरंतर प्रयास करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर होना होगा। प्रधानमंत्री इस दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा लागू की गई उज्ज्वला योजना एवं नल-जल योजना से लोग विशेषकर मां-बहने काफी लाभान्वित हुयी हैं। सड़कों के निर्माण से कृषकों के उत्पाद का शहर तक पहुँचना सुगम हो गया है। आज आवश्यकता इस बात कि है की अपनी विरासत पर गर्व करते हुए युवाओं को चरित्र निर्माण के साथ-साथ अपनी योग्यता से समाज को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ) अजित कुमार सिन्हा, राज्य के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार और दूरदर्शन के निदेशक आरके राव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के अमृत काल के वर्ष 2023-24 में पंच प्रण तथा इंडिया@2047 के तहत भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में किया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय तथा राष्ट्र स्तरीय युवा उत्सव 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। झारखंड में जिले स्तर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 8 और 9 दिसंबर को नेहरू युवा केंद्र संगठन झारखंड और रॉंची विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है।




### हो रहीं पांच तरह की प्रतियोगिताएं

कार्यक्रम में झारखंड के सभी जिलों से कुल 385 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ये सभी प्रतिभागी पांच भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में कविता लेखन, चित्रकला, मोबाईल फोटोग्राफी, पंचप्रण पर भाषण और लोककला पर आधारित सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### जिला के चयनित छात्र बने प्रतिभागी

इन प्रतियोगिताओं में जिला स्तर के युवा उत्सव आयोजन में कविता लेखन, चित्रकला एवं मोबाईल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी तथा पंचप्रण पर भाषण एवं लोक कला पर आधारित सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी भाग लेंगे।

### कैलेंडर का किया गया विमोचन

कार्यक्रम स्थल से विकसित भारत संकल्प यात्रा के जागरूकता वाहन से जागरूकता सामग्री और वर्ष 2024 के नए कैलेंडर का विमोचन विभाग के सचिव मनोज कुमार एवं नेहरू युवा केंद्र के स्टेट डायरेक्टर श्रीमती हनी सिन्हा द्वारा किया गया। वाहन द्वारा केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एलईडी स्क्रीन के द्वारा दी गई।

# चलती कार में गैंगरेप मामले में तीनों युवक दोषी करार

**पीड़िता ने 1010 रुपये के पेट्रोल से की थी पहचान**



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
चान्हों में एक 15 वर्षीय छात्रा को अगवा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था। इस वारदात को नगड़ी निवासी सोहन महतो ने अपने दो दोस्तों कुदुस अंसारी और इरशाद अंसारी के साथ मिलकर अंजाम दिया था। कोर्ट ने गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए तीनों युवकों को दोषी करार दिया है। 12 दिसंबर की सजा तय की जाएगी। तीनों अभियुक्त 17 जनवरी 2022 से जेल में हैं। पीड़िता के परिवार ने चान्हो थाना में 16 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता समेत 10 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। जिसमें सभी अभियुक्त दोषी पाये गये थे।

### मॉर्निंग वॉक पर निकली थी छात्रा

पीड़िता के परिवार ने चान्हो थाना में 16 जनवरी 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के बारे में बताया जाता है कि पीड़िता अपनी सहेली के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। तभी कार में सवार युवकों ने छात्रा का अपहरण कर लिया और उसे सुनसान जगह पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया।

### पेट्रोल पंप से लिया था तेल

छात्रा ने पुलिस को बताया था कि किडनैपिंग के बाद अपराधियों ने गाड़ी में किसी पेट्रोल पंप पर 1010 रुपए का तेल भरवाया था। इसी आधार पर पुलिस ने चान्हो से लेकर रांची तक के सभी पेट्रोल पंप की सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इसमें 1010 रुपए का तेल भरवाने की पुष्टि हुई। इसके बाद कार के मालिक कुदूस अंसारी गिरफ्तार किया गया।

# 'धीरज साहू से जब्त हुई नकदी कांग्रेसी नेताओं और सीएम की'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला। मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार का पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से आईटी के छापेमारी में बरामद लगभग तीन सौ करोड़ नकद राशि कांग्रेस के शीर्ष नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हैं।
उन्होंने कहा कि इसके तार छत्तीसगढ़, झारखंड से जुड़े हैं। ये पैसा गरीबों की गाढ़ी कमाई का, शराब घोटाले का है, जिसके संकलन कर्ता भी झारखंड के हैं। ये पैसे चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए रखे गए थे, ऐसी संभावना है। उन्होंने कहा कि मुझे आशंका है कि झारखंड में ईडी के छापे के बाद रातोंरात उड़ीसा बंगाल, बिहार की तरफ एंबुलेंस में ढोकर पैसे ले जाने की बात चर्चा में आई थी। इतने बड़ी रकम की बरामदगी के बाद आज भी यह चर्चा हो रही है।
उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी झारखंड में हुए ईडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि लूट के पैसे से सोना खरीद कर जमीन में गाड़ दिया गया, छुपाया गया। जांच जैसे-जैसे तेज होगी ये सब धीरे-धीरे सामने आएगा। उन्होंने कहा कि गरीबों को लूटकर पैसा जमा करने वालों से पाई-पाई निकलवाने की मोदी की गारंटी है। झारखंड का लूटा हुआ पैसा जनता को लौटाना होगा।
उन्होंने कहा कि सांसद धीरज साहू पर अविलंब एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए और उनसे कड़ाई से पूछताछ हो। साथ ही कहा कि भाजपा धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग सहित झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 10 दिसंबर को धरना-प्रदर्शन करेगी।
इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रवक्ता प्रतुल शाह देव भी उपस्थित थे।

# सिल्ली विस के लिए गूंज महोत्सव का आयोजन ऐतिहासिक : सुदेश



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
गूंज महोत्सव को लेकर विधानसभा स्तरीय एक बैठक का आयोजन शुक्रवार को सिल्ली स्टेडियम परिसर में किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। इस बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि 18 दिसंबर से लेकर 20 तक होने वाली गूंज महोत्सव सिल्ली विधानसभा के लिए एक ऐतिहासिक महोत्सव के रूप में जाना जाता है। गूंज महोत्सव का शुरूआत 13 दिसंबर को जोन्हा में स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र जांच शिविर और ग्राम प्रधान, रसोईया, सहिया आदि को सम्मानित कर शुरूआत किया जाएगा। साथ ही साथ बच्चों का उज्जवल भविष्य के लिए तीरंदाजी केंद्र का शुरूआत होगा जहां से बच्चे तीरंदाजी में अपने भविष्य को उज्जवल बना पाएंगे। वही 14 को राहें में भी शिविर के माध्यम से ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच एवं सभी को मंच पर सामान देने का काम किया जाएगा। 15 को सोनाहातु एवं अनगड़ा इन चारों क्षेत्र में स्टूडेंट बस की सेवा छात्राओं के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। जहां से छात्र अपने पढ़ाई करने के लिए रांची आना-जाना कर सकेंगे। उज्ज्वला योजना के तहत जो भी छूटे हुए गरीब महिला है उनके पास हमारे ग्राम प्रभारी उनका चयन कर उन्हें लाभ दिलाने का काम करेंगे। सभी पंचायत में एक कॉमन रूम बनाया जाएगा जहां बच्चो के लिए अखबार एवं ऑनलाइन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शरीर को फिटनेस रखने के लिए जीम का भी व्यवस्था दिया जाएगा। दूसरी ओर बुजुर्ग लोगों के लिए उस कामन रूम में चाय का व्यवस्था किया जाएगा। सुबह-सुबह घर से निकल कर बुजुर्ग अखबार एवं चाय का आनंद ले पाएंगे। खेलो सिल्ली के तहत पंचायत स्तर पर टूर्नामेंट का आयोजन होगा जहां बच्चे अपने खेलकूद के माध्यम से सिल्ली का नाम रोशन करेंगे। क्षेत्र में ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। कहीं-कहीं गांव में हमारे किसान भाई हाथी से परेशान है उस गांव को चयनित कर स्ट्रीट लाइट एवं हाई मस्ट लाइट चौक चौराहा पर लगाया जाएगा जिससे हाथी प्रभावित गांव को राहत मिल सके। सरकारी मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास के जरिए बच्चों को उच्च शिक्षा देने का काम का शुरूआत गूंज महोत्सव के रूप में किया जाएगा। हमारे छऊ नृत्य कलाकार अपना प्रदर्शन गांव से शुरूआत करेंगे। अंत में आए हुए पंचायत कमेटी, पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी, बुद्धि जीवी, मुखिया, पूर्व मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, महिला ग्राम संगठन, चूल्हा प्रमुख एवं सभी खेल प्रभारी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उप प्रमुख आरती देवी, जयपाल सिंह, सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ मुखिया एवं पंचायत समिति उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### लोहरा आदिवासी समाज कल्याण समिति ने अंचलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**चान्हो।** अंचल कार्यालय में शुक्रवार को लोहरा आदिवासी समाज कल्याण समिति की बैठक राजू लोहरा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में लोहार को लोहरा जाति का जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि झारखंड सरकार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से खतियान में दर्ज लोहार को लोहरा जाति का जाति प्रमाण पत्र दिया जा रहा था और लोहरा जनजाति को प्रमाण पत्र नहीं निर्गत किया जा रहा। बैठक के पश्चात लोहरा समाज कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल ने अंचलाधिकारी संजीव कुमार को लोहरा जनजाति का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित मांग पत्र सौंपा। मौके पर रुपेश लोहरा, संगीता देवी, संजय लोहरा, बजरंग लोहरा समेत लोग अन्य मौजूद थे।

### शमीम बने ग्रामीण अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष



**मांडर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा ने मांडर प्रखंड के सुरसा निवासी शमीम अख्तर को रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक अध्यक्ष नियुक्त किया है। शमीम अख्तर को अध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे मांडर विधानसभा के लोगों ने शमीम अख्तर को बधाई दी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शमीम अख़्तर ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसपर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। बधाई देनेवालों में मुख्य रूप से जमील मलिक, प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, तबारक खान, सरीता तिग्गा, अर्जुन महतो, होसे उरांव, आबिद अंसारी, अमानत अंसारी, इस्तियाक अंसारी, इरसाद खान, अब्दुल्ला अंसारी, मजकुर सिद्दिकी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### डायन प्रथा हिंसात्मक घटना, रहें सावधान

**खूंटी।** नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में शुक्रवार को कर्रा प्रखंड के लोधमा बाजार में चलंत लोक अदालत सह न्याय आपके द्वार वाहन के माध्यम से विधिक सहायता उवं कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने डायन प्रथा के बारे में आम जनों को विशेष जानकारी दी और कहा कि डायन प्रथा एक हिंसात्मक घटना है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं आए दिन घटती रहती हैं। इसलिए महिलाओं को अधिक से अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। चलंत लोक अदालत के जरिए खास तौर पर आम जनों को कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**मुरी।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के सी एस आर विभाग के सौजन्य से मुरी पश्चिमी पंचायत भवन में शंकर नेत्रालय के अनुभवी एवं लोकप्रिय नेत्र रोग विशेषज्ञों के द्वारा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला, जिप सदस्य (पूर्वी) लक्ष्मी कुमारी, एचआर के अनिल कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह एवं संदीप कुमार महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान हिंडालको के हेड अरुण राय ने बताया कि हिंडाल्को के द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा जिससे ग्रामीण लाभान्वित हो सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन भरत सिंह ने किया। डॉक्टर नीलांजल चौधरी के नेतृत्व में शंकर नेत्रालय के डॉक्टरों की टीम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कौशिक अधिकारी एवं गौतम सरकार के द्वारा लगभग 275 मरीजों का नेत्र जांच किया गया। मरीजों की मोतियाबिंद, आंख का रोशनी, आंख से पानी निकलना, आंख की लाली, आंख में इंफेक्शन एवं आंख की पर्दा की स्थिति का जांच किया गया और बताया गया की 9 दिसंबर को पुनः सामुदायिक भवन कोकोरोना में भी आयोजन किया गया है जिसका लाभ ग्रामीण ले सकते हैं। मौके पर पूर्व मुखिया प्रकाश सिंह बडाईक और तीर्थंकर पटनायक का काफी सराहनीय योगदान रहा।

## पर्यटन

## कोयल-कारो नदी के संगम का पानी 80 फीट की ऊंचाई से गिरता है

# सैलानियों को लुभा रहा पेरवाघाघ जलप्रपात



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड क्षेत्र में जंगलों और पहाडियों से अच्छादित पेरवाघाघ जलप्रपात की मनोरम वादियां सैलानियों के सबसे पसंदीदा पर्यटनस्थलों में से एक है। यह जलप्रपात झारखंड के सबसे खूबसूरत जलप्रपातों में शुमार है। पेरवांघाघ का प्राकृतिक सौंदर्य और नीले पानी का झील काफी मनमोहक प्रतीत होता है। पेरवांघाघ में दूर-दूर तक फैली नदी, उसमें खड़े बड़े-बड़े चट्टान और उनसे टकराकर बहती नदी की कलकल करती धारा अनायास की लोगों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कर लेती हैं।
ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच स्थित पेरवाघाघ जलप्रपात के आकर्षक दृश्य का लुत्फ उठाने सैलानी खींचे चले आते हैं। खूंटी, तोरपा, तपकारा, मुरहू, रनिया, कमडारा के अलावा रांची और दूसरे जिलों और राज्यों के सैलानी भी यहां पहुंचते हैं। जिला प्रशासन के सौजन्य से सैलानियों की सुविधा के लिए पेरवां घाघ में आधारभूत संरचना का विकास किया जा रहा है। इसका सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। पर्यटकों के जलप्रपात परिसर में सुगमतापूर्वक उतरने के लिए रेलिंग युक्त सीढ़ी, वाच टावर, यात्री शेड का निर्माण कराया गया है। पेरवांघाघ के झील का आनंद लेने के लिए नौका विहार की भी व्यवस्था है। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गये लाइफ जैकेट का प्रयोग कर सैलानी नौका विहार का लुत्फ उठाते हैं। पेरवा घाघ में पर्यटकों की सुविधा के लिए सुबह से लेकर शाम तक पर्यटन मित्र और गोताखोर तैनात रहते हैं। पेरवा का नागपुरी भाषा में अर्थ है कबूतर और घाघ का अर्थ ऊंचाई से झील में गिरता पानी। यहां कोयल और कारो नदी के संगम का पानी 80 फीट की ऊंचाई से झील में गिरता है। आसपास के लोग बताते हैं कि पहाडों की गुफाओं में कबूतरों का निवास आज भी है। इसलिए इसका नाम पेरवा घाघ पड़ा। यहां स्थित एक गुफा में अति प्राचीन शिवलिंग स्थापित हैं। इस शिवलिंग की पूजा-अर्चना गांव के पाहन वर्षों से करते आ रहे हैं। पेरवा घाघ में कई छोटे-बड़े जल प्रपात हैं।

### खराब सड़क बनती है परेशानी का सबब

वैसे तो पेरवाघाघ जन प्रपात की सुंदरता लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर लेती है, लेकिन तपकारा से पेरवाघाघ जक की खराब और संकीर्ण सड़क सैलानियों के लिए परेशानी का सबब बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पेरवाघाघा और उससे आगे पाड़ी पुड़िंग जल प्रपात तक अच्छी सडक बन जाए, तो सैलानियों की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## पुलिसकर्मियों से मारपीट के आरोपित ने कोर्ट में किया सरेंडर



**रांची।** पुलिसकर्मियों से मारपीट करने और उपद्रव करने के आरोपित साजिद ने शुक्रवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में होटवार जेल भेज दिया। साजिद पर डेली मार्केट थाना में एक जुलूस के दौरान थाना में पदस्थापित पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने और पथराव करने का आरोप है। इस संबंध में डेली मार्केट थाना में कांड संख्या 24/2018 दर्ज की गई है। इसे केस के सूचक डेली मार्केट थाना में तत्कालीन सब-इंस्पेक्टरअनिल कुमार गुप्ता हैं। साजिद ने रांची सिविल कोर्ट के सीजीएम (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) की कोर्ट में सरेंडर किया।

## हजारीबाग में स्कूल वैन और यात्री बस में टक्कर

# 14 छात्र घायल, बच्ची और चालक की मौत पर सीएम ने जताया दुःख

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के कटकमसांडी में सुबह-सुबह स्कूल वाहन और यात्री बस के बीच भीषण टक्कर हो गयी। इस हादसे में 14 बच्चे बुरी तरह घायल हो गए जबकि स्कूली वैन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक ओमनी वाहन में लगभग 15 बच्चे सवार होकर चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के नॉनगांव से हजारीबाग के संत अगस्टिन स्कूल के लिए चले थे। इस जोरदार टक्कर में ओमनी वाहन के परखच्चे उड़ गए और चालक की मौत हो गयी। आनन फलन में स्थानीय लोगों के द्वारा सभी घायल स्कूली बच्चों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग लाया गया । जहां सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि स्कूल वाहन चालक रामप्रवेश यादव अपने गांव से ही स्कूली बच्चों को मारुति वैन से छड़वा हजारीबाग संत अगस्टिन स्कूल लेकर जा रहा था। तभी कटकमसांडी पेट्रोल पंप के पास बस से टक्कर हो गई जिससे घटनास्थल पर ही रामप्रवेश की मौत हो गई। घटना से उग्र ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। वहीं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय के पौत्र समाजसेवी आशीष सहाय ने कटकमसांडी में सड़क दुर्घटना पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दुर्घटना बहुत ही दुखद है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हजारीबाग जिले के कटकमसांडी में सड़क हादसे में वैन के ड्राइवर तथा बच्ची के निधन की दुःखद खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को इस विकट घड़ी में दुःख की सहन करने की शक्ति दें। हादसे में घायल सभी बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।



## दो ट्रकों की टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर

**हजारीबाग।** चौपारण के पिपरा में जीटी रोड वन वे कट के पास शुक्रवार की अहले सुबह लगभग 2:00 बजे बड़ा हादसा हो गया. दो ट्रकों के आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया. मरनेवालों में सलमान (उम्र 27 वर्ष) ग्रामटांडा जिला अमरोहा उत्तरप्रदेश और आसिम (उम्र 18 वर्ष) ग्राम खंद्रावली जिला मेरठ का रहनेवाला था. वहीं गुफरान (उम्र 19 वर्ष ) ग्राम बीरमपुर जिला हापुर उत्तर प्रदेश गंभीर रूप से घायल हो गया. आसपास के लोगों का कहना है कि एनएचएआई ने सिंघरावा से दनुआ तक सड़क निर्माण में घोर लापरवाही बरती है. जिसका नतीजा है कि यहां आये दिन दुर्घटना हो रही है, जिसमें कई लोग अपनी जान गंवा रहे हैं. बता दें कि जीटी रोड के चौड़ीकरण कार्य के कारण पांडेयबारा चौक के आगे से सिंघरावा चौक के आगे तक एनएचएआई कॉन्ट्रैक्टर ने सड़क को वन वे कर दिया है. सड़क को वन वे तो कर दिया गया, मगर सुरक्षा के मापदंडों का ख्याल नहीं रखा गया है, जिस वजह से दुर्घटनाएं हो रही है. हादसे के संबंध में आसपास के लोगों ने बताया कि जीटी रोड में कट के कारण गाड़ी वन वे में आने के लिए टर्न ले रही थी. इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर से जोरदार टक्कर हो गई. हादसे में मटर लदे ट्रक के परखच्चे उड़ गये. उसके ड्राइवर समेत दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं एक गंभीर रूप से घायल है.

### कल रामगढ़ में वैश्य मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक

**रांची।** 10 दिसंबर को रामगढ़ के झंडा चौक स्थित होटल गुलमोहर रेसीडेंसी में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की नवगठित केंद्रीय समिति की प्रथम बैठक रखी गयी है। इस बैठक की अध्यक्षता वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु करेंगे, जबकि इस बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में हाइकोर्ट के तीन-चार अधिवक्ता भी शामिल होंगे। बैठक में ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन आदि मुद्दों को लेकर चर्चा की जाएगी।

## मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत बड़ासिंगा के हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच मुखिया ललिता देवी के द्वारा स्वेटर वितरण किया गया। बच्चों के बीच स्वेटर वितरण करते हुए मुखिया ने कहा कि ठंड को देखते हुए सरकार के द्वारा बच्चों के लिए स्वेटर उपलब्ध कराया गया है ताकि बच्चे ठंड से बचें और नियमित रूप से अपने केंद्र पर पहुंचे । उन्होंने अभिभावकों से बच्चो को नियमित रूप से केंद्र में भेजने की सलाह दी। मौके पर



झारखण्ड आंदोलनकारी सह मुखिया प्रतिनिधि समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, सेविका शीलावती कुमारी, समाजसेवी गणेश नायक, राजकुमार मोदी, दिनेश रविदास नंदू राणा ,भोला रविदास, राजू साव, डोली देवी, अनार देवी, गुड़िया देवी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे हैं। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मांडू प्रखंड के उत्तरी कर्मा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान बेबी महिला समूह, अक्सा महिला समूह एवं समीरा महिला स्वयं सहायता समूह को कुल 9 लाख रुपए का कैश क्रेडिट लिंकेज का स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराया गया। मौके पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सरकार व जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के उपरांत न केवल वे रोजगार के नए अवसर से जुड़कर आत्मनिर्भर हो रही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अपने जैसी कई महिलाओं की जिंदगी को भी बदलने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही शिविर के दौरान सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया। वहीं, उनके बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला परिषद सदस्य मुखिया वार्ड सदस्य प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी जेएसएलपीएस के जिला एवं प्रखंड स्तरीय कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### बरकट्ठा : पंचायत समिति सदस्यों ने की बीडीओ से शिष्टाचार मुलाकात



**बरकट्ठा।** पंचायत समिति सदस्य बेडोकला के यूसुफ अंसारी तथा शिलाडीह के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समीम अंसारी ने संयुक्त रूप से प्रखंड के नव नियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा डुंगडुंग से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए बुके देकर सम्मानित किया। वहीं प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करते हुए जल्द समाधान के लिए आग्रह किया। इस क्रम में बीडीओ ने कहा कि वरीयता के आधार पर समस्याओं का शीघ्रता से समाधान करने का प्रयास करूंगी।

### बरकट्ठा : वन क्षेत्र से मिट्टी और बालू उठाव से गंगपाचो के ग्रामीणों में आक्रोश

**बरकट्ठा ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगपाचो के ग्रामीणों में शमशान घाट के नजदीक और वन क्षेत्र से मिट्टी और बालू उठाव होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इस बाबत गंगपाचो के ग्रामीणों ने अनुमंडलीय वन पदाधिकारी बरही को आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि वन क्षेत्र में झुरझुरी नदी में एक शमशान घाट अवस्थित है जहां पूरी तरह से बालू और मिट्टी का उठाव का कार्य चल रहा है। साथ ही उन्होंने कहा है कि ग्रामीणों ने कई बार इसकी सूचना वनरक्षी और वाचर को दी। परंतु उन्होंने कोई पहल नहीं की। जिससे ग्रामीण काफी परेशान है। वहीं आसपास में पौधा रोपण का कार्य किया गया है। इसके बावजूद दो तीन साल से मिट्टी का उठाव किया जा रहा है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं आवेदन की प्रतिलिपि वन प्रमंडल पदाधिकारी हजारीबाग को दिया है। आवेदन देने वाले में अशोक रविदास, उमेश कुमार, दिनेश कुमार, नारायण पासवान, राहुल चौधरी, रीतलाल प्रसाद, महावीर प्रसाद, फलेंद्र प्रसाद, प्रयाग महतों, किरण देवी, सुनीता कुमारी समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### जनता दरबार में दर्जन से अधिक मामलों को डीसी ने निष्पादित करने का दिया निर्देश

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में,अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में आदि आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## एक नजर

### चिराग पासवान आज पहुंचेंगे रजरप्पा

**रामगढ़।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान 9 दिसम्बर को रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर पहुंचेंगे। जहां वे माता की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लेंगे। इसकी जानकारी पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने 8 दिसम्बर को दी। उन्होंने बताया की पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष 11:30 बजे रांची हवाई अड्डा पहुंचेंगे। जिसके बाद 1:30 बजे वे रजरप्पा पहुंचेंगे। जहां माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लेंगे और वापस लौट जायेंगें। जिलाध्यक्ष ने बताया की उनके आगमन के मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी, झारखंड प्रभारी अरविंद सिंह आदि मौजूद रहेंगे ।

### गुंजरा मोड़ से दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने गुंजरा मोड़ से दो साइबर क्राइम युवकों को गिरफ्तार किया है। इस बाबत थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गुंजरा मोड़ जीटी रोड के पास दो लड़कों द्वारा अपने मोबाइल के जरिए एस्कार्ट सर्विस वेबसाइट के माध्यम से कई लोगों को अलग-अलग नंबरों से संपर्क करके मोबाइल पर महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें भेजकर उनसे सर्विस दिलाने के नाम पर ब्लैकमेल/ठगी करते हैं। जिसके बाद थाना प्रभारी बरकट्ठा गौतम कुमार के नेतृत्व में छापामारी कर दो साइबर अपराधी में महावीर प्रसाद पिता रामेश्वर प्रसाद ग्राम किमनिया तथा मुन्ना कुमार पिता स्वर्गीय किशुन महतो ग्राम सलैया दोनों थाना बरकट्ठा निवासी को गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 226/23 के तहत कांड अंकित कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### हजारीबाग में सीटू की वार्षिक बैठक

**हजारीबाग।** डीवीसी श्रमिक यूनियन, सीआईटीयू हजारीबाग यूनिट की वार्षिक बैठक श्रमिक यूनियन के कार्यालय डीवीसी में शुक्रवार को हुई।अध्यक्षता मजदूर नेत्री कविता सरकार और अर्द्धेन्दू द्वारी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक का उद्घाटन करते हुए यूनियन के संयुक्त महासचिव निचित मुखर्जी ने कहा कि प्रथम पंचवर्षीय योजना के तहत स्थापित डीवीसी आज अपने उद्देश्य से भटक गया है और सिर्फ व्यापार कर रहा है। डीवीसी की स्थापना के पीछे यह उद्देश्य था कि इस इलाके में बाढ़ को नियंत्रित करना, सिंचाई व्यवस्था किसानों को देना और दामोदर नदी के आसपास रहने वाले लोगों का आर्थिक,शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान करना था।

## विस्थापितों के समर्थन में विधायक उमाशंकर अकेला धरनास्थल पर पहुंचे, कहा

# हर संभव सहयोग के लिए तैयार, धरना जारी रखें

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बिजली की समस्या को लेकर तिलैयाबस्ती वालों के आंदोलन के समर्थन में स्थानीय विधायक धरनास्थल पर पहुंचे. धरनार्थियों की समस्याओं को जाना और हर संभव न्यायपूर्ण सहयोग देने की बात कही. उन्होंने कहा कि 1952 के बाद यहां के रैयत विस्थापित हुए है. यहां की जनता ने त्याग किया है, डीवीसी को विस्थापितों को हक देना ही होगा. पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा आदि की व्यवस्था करना डीवीसी की जिम्मेवारी है. अचानक बिजली बाधित करना और न्याय मांगने पर प्राथमिकी दर्ज करना अनुचित है. मौके पर उन्होंने थाना प्रभारी से बात करना चाहा परन्तु फोन रिसीव नहीं करने के कारण बात नही हो सकी. विधायक ने कहा कि थाना प्रभारी जनप्रतिनिधि का फोन रिसीव नहीं करे, खेदजनक है. इसकी शिकायत कोडरमा एसपी और डीजीपी से करने की बात कही. उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में बिजली उत्पादन के लिए कई डैम का उपयोग किया जाता है बाबजूद डीवीसी का मुख्यालय रांची के स्थान पर कोलकाता में होना चिंताजनक है. इस संबंध में उन्होंने विस में भी आवाज उठा चुके है. न्याय के लिए वह डीवीसी प्रबंधन सहित डीसी और एसपी से भी बात करने की बात कही. मामले का निराकरण नहीं हुआ तो विधानसभा में भी सवाल उठाने का आश्वासन दिया. इसके लिए सभी लोगों से न्यायपूर्ण तरीको से धरना जारी रखने की बात कही. कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया मंगलदेव यादव, चंदवारा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अज्जु सिंह, कोल्हुआकाला पूर्व मुखिया सह प्रखंड 20 सूत्र सदस्य रघुवीर यादव, पंसस प्रभु यादव, बड़की धमराय मुखिया सरयू प्रसाद वर्मा, वार्ड सदस्य नकुल कुमार, जितेंद्र यादव, धीरज कुमार, दिलीप राणा, सीताराम चंद्रवंशी, सहदेव राम, पिंटू कुमार, पिंकी देवी, सविता देवी, मीना देवी, दिनेश कुमार आदि सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे. कार्यक्रम संचालन उमेश चंद्रवंशी ने किया. डीवीसी प्रबंधन से मिले विधायक कार्यक्रम के अंत में विधायक अकेला ने डीवीसी प्रबंधन मो कादिर और अजीत शर्मा से मिलने भी बात किया, देर संध्या तक वार्ता जारी थी. देर रात तक डीसी और एसपी से भी मिलने की कार्यक्रम तय था.





## डेंटल कॉलेज एवं श्रीनिवास अस्पताल ने दारू में लगाया निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के सहयोग से दारू में शुक्रवार को निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों का दंत, रक्त एवं वील एज गाइनिक परीक्षण किया गया। जिसमें 104 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने चिकित्सकों से निशुल्क उत्तम स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श भी प्राप्त किया। शिविर के आयोजन में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई ने अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर का नेतृत्व सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली एवं डॉ. सौम्या राज ने किया। विभिन्न बीमारियों एवं उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। वहीं चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविर में बुनियादी उपचार की काफी सरहाना की।



## एफएसओ ने कई खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय व एसीएमओ डॉ शशि जयसवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी ने हजारीबाग शहरी क्षेत्र के कई प्रतिष्ठानों जैसे योलो कैफे एंड लाउंज, मेसर्स स्काई लाइट गार्डन रेस्टोरेंट और मेसर्स बीकानेर एक्सप्रेस रेस्टोरेंट सहित मेसर्स फेमस मेडिकल, मेसर्स न्यू रांची मेडिकल हॉल, मेसर्स ऑर्किड हेल्थप्लस का औचक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में मेसर्स स्काई लाइट गार्डन रेस्टुरेंट, फेमस मेडीकल स्टोर, न्यू रांची मेडीकल हॉल एवं मेसर्स ऑर्किड हेल्थ प्लस, पैगोडा चौक के पास फूड लाइसेंस नहीं होने पर चेतावनी देते हुए सात दिनों के अंदर लाइसेंस लेने का आदेश दिया। साथ ही उक्त वर्णित प्रतिष्ठानो पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्य प्रतिष्ठान जैसे मिठाई दुकान, होटल, रेस्तरां एवं खुदरा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिठाइयों के प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा के नियमों के अनुपालन के साथ कारोबार करने का निर्देश दिया। उन्होंने खाना पकाने में साफ पानी का उपयोग करने, कर्मियों के स्वच्छता पर ध्यान देने, फूड सेफ्टी के अनुज्ञप्ति के साथ कारोबार करने वाले कारोबारियों से समान की खरीद करने सहित उचित लेबल के साथ खाद्य सामग्रियों को पैक करने को कहा। उन्होंने खाद्य सामग्रियों में अनावश्यक रंगों के इस्तेमाल से परहेज करने का निर्देश दिया।



## बरही सॉफ्टेक कंप्यूटर का मनाया गया 26 वां स्थापना दिवस

# 200 युवाओं को मिलेगा मुफ्त प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** हजारीबाग रोड स्थित आरसीएसएम की अधिकृत इकाई सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन का 26वां स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत की गई. जिसका शुभारंभ केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने केक काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर केंद्र के कई विद्यार्थी और कर्मी मौजूद थे. निदेशक ने बताया कि केंद्र के 25 वर्षों के इतिहास को शब्दों में बता पाना असंभव है. उन्होंने कहा कि सॉफ्टेक ने बरही मे कंप्यूटर का चिराग जलाया है और आज डिजिटल क्रांति के लिए अग्रसर है. डिजिटल पेमेंट या डिजिटल फोटोग्राफी अथवा प्रिंटिंग्स इसी केंद्र ने बरही में सर्वप्रथम सिखाने का काम किया है. भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रज्ञा केंद्र को भी बरही में स्थापित करने में इसी केंद्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. गर्व की बात है कि इस केंद्र से जुड़े हजारों बेरोजगार आज स्वनियोजित है. जिनमे कुछ सरकारी सेवा तो कुछ निजी व्यवसाय कर धनोपार्जन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस वर्ष केंद्र की ओर से साइबर फ्रॉड से संबंधित जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. जो सोमवार से प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जाकर साइबर फ्रॉड से संबंधित युवाओं को जागरूक करने का काम करेगा. इसके लिए टीम गठित किए जा चुके है. इसके साथ ही स्थापना दिवस के मौके पर विभिन्न प्रकार के क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एकांकी आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जायेगा. सभी विजेताओं को आगामी 24 दिसंबर के समापन समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा. कार्यक्रम आगाज के अवसर पर शुक्रवार को केंद्र परिसर में ही क्विज और अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मौके पर केंद्र की ओर से कंप्यूटर जागरूकता लक्की ड्रा कूपन लॉन्च और स्कॉलरशिप योजना की शुरूआत की गई. लक्की कूपन की मदद से कोई भी व्यक्ति सात दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण में शामिल हो सकते है. कार्यक्रम को पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो, सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी, लैब इंचार्ज रोहित कुमार आदि ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में केंद्र की शोभा कुमारी, नूपुर कुमारी, मुस्कान प्रवीण, रिंकी कुमारी, नेहा कुमारी, सबिता कुमारी, पूजा कुमारी, मीना देवी, सन्नू रविदास, दिलीप भुईयां, सोनी कुमारी, मनीषा कुमारी, जुली कुमारी, सोनाली पांडेय आदि सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे. कार्यक्रम के अंत में क्विज और अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे केंद्र के विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम संचालन में भोला कुमार, सोनू, रोहित, बैजनाथ, सबिता आदि ने सार्थक योगदान दिया.





### शहरी क्षेत्र में लगा शिविर, नगर आयुक्त ने बांटे कंबल

**हजारीबाग।** वार्ड संख्या 18 और 19 के लिए आरईओ कार्यालय इंद्रपुरी चौक पर शिविर लगाया गया. कार्यक्रम में शहरी निवासियों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंदों को रूबरू कराते हुए उन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया जा रहा है.ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाये. नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेन्द्र लाल ने लाभुकों के बीच कंबल,धोती सारी का वितरण किया. शिविर में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था. मौके पर होल्डिंग टैक्स से 9, ट्रेड लाइसेंस से 6, सावित्री योजना में 9,सर्वजन पेंशन योजना में 2 आवेदन प्राप्त हुए. जरूरतमंदों के बीच 180 कंबल और 83 धोती-साड़ी वितरण किया गया और 50 लोगो ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई.

### सरकार आपके द्वार के तहत कुरडेग प्रखंड के कुटमाकच्छार में पंचायत शिविर

# 3002 आवेदनों का निष्पादन परिसंपत्तियों का हुआ वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** झारखंड सरकार के 4 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा के तहत कुरडेग प्रखंड के कुटमाकच्छार पंचायत शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा, प्रमुख सरस्वती देवी, सीओ किरण डॉग एवं पंचायत के मुखिया मुख्य रूप से मौजूद रहे ।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया जिसके बाद सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक ग्रामीणों को जानकारी दिया गया । जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि गांव में प्रशासन पहुंच रही है ऐसे में आप अपनी छोटी बड़ी समस्याओं को आवेदन बना कर दें उन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर शिविर में 150 कंबल,900 धोती साड़ी, ग्रामीणों के बीच वितरण किया गया। अबुआ आवास के लिए 444, मनरेगा में 462, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए 10, चरित्र प्रमाण पत्र के लिए 10 ,राजस्व में 156,पेंशन के लिए 37 ,पशुपालन के लिए 31 आवेदन जमा तथा 21 किसानों को बिरसा सिंचाई कूप की स्वीकृति दी गई। शिविर में कुल 3002 आवेदन जमा सहित अन्य कार्य निष्पादित किये गये। इस मौके पर विभिन्न विभागों के द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया मौके पर काफी संख्या में पंचायत के लोगों की भीड़ उमड़ी।



### रायकेरा में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव

**बानो ।** प्रखंड के रायकेरा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया जिसमे संयुक्त सचिव परिवहन विभाग झारखण्ड सरकार सह भारत मुंडा समाज के महासचिव ब्रजेन्द्र हेमरोम की उपस्थिति हुई। इस कार्यक्रम में सरकार के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का अलग अलग स्टॉल लगाकर पंचायत के ग्रामीणों का समस्याओ का तत्काल निष्पादन किया गया।इस शिविर में मुख्य रूप से किसानो की समस्या जमीन की ऑनलाइन संबंधित शिकायत को तत्काल ऑनलाइन कर के मालगुजारी रसीद दिया गया, जे एस एल पी एस के द्वारा पांच महिलाओं को फूलो झानों योजना के तहत पचिस - पचिस हजार के राशि का चेक सौंपा गया। ताकि हड़िया दारू बेचने छोड़ कर के सामान जनक रोजगार कर अपना जीविकाऊपर्जन कर सके। मौके पर हेमरोम सर के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता किया गया, साथ ही नशामुक्ति, खेल, एवं शिक्षा की जानकारी दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी नाइमुदिन अंसारी के द्वारा बोला गया की सरकार आज आपके द्वार में आया हुआ है आपलोग सभी योजनाओं का लाभ अवश्य लीजिए। गिरदा ओपी प्रभारी सत्य प्रकाश उपाध्याय के द्वारा बोला गया की आज कल दुर्घटना तेजी से बढ़ गयी है इसको रोकने के लिए अभिभावक की सहयोग चाहिए।

### सिमडेगा देवराहा बाबा आश्रम में बैठक

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए 1 से 15 जनवरी तक घर-घर बांटेंगे अक्षत

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को देवराहा बाबा आश्रम में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चालक श्रवण बड़ाइक ने की।जिसमे सभी आनुषांगिक ईकाई के प्रमुख एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 22 जनवरी 2024 को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में होने वाले भव्य श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त अपने क्षेत्र में, समस्त जिला में भी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को भव्य तरीके से मनाने हेतु योजना बनाई गई।उससे पूर्व समस्त सनातन समाज के प्रत्येक घरों तक अयोध्या से पूजीत अक्षत के साथ आमंत्रण लेकर जाने की योजना बनाई गई। जिसके लिए जिला से लेकर प्रखंड तक संयोजक मण्डल बनाया गया एवं पंचायत से लेकर ग्राम स्तर तक समन्वय स्थापित करने हेतु प्रखंडो में बैठक के लिए तिथि निर्धारित की गई. प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व विश्व हिन्दू परिषद् के नेतृत्व में आगामी 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक समस्त कार्यकर्त्ता टोली बनाकर घर घर पहुंचेंगे और पूजीत अक्षत के साथ श्रीराम मंदिर का तस्वीर और पत्रक देकर 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम को लेकर दिशानिर्देशित करेंगे। बैठक में अतिथियों ने कहा भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन अपने नजदीकी धर्मस्थलों, मंदिरों, मठों और सरना में सामूहिक रूप से उपस्थित होकर पूजा पाठ, भजन कीर्तन, महाआरती सह प्रसाद वितरण का भव्य कार्यक्रम रखें एवं अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण की व्यवस्था करें और संध्या अपने घरों में दीप जलाकर दीपावली मनाएं क्योंकि उस दिन भगवान श्रीराम सैकड़ों सालों के लाखों बलिदान के फलस्वरूप इस वनवास रूपी समय के पश्चात अपने घर में विराजेंगे। सिमडेगा जिले में भगवान के आगमन के प्रतीक श्री रामरेखा धाम में दिनांक 10 दिसम्बर को दोपहर 2:00 बजे पूजित अक्षत कलश के साथ पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। उसके बाद जिले के विभिन्न तीर्थस्थलों का भ्रमण कराया जायेगा.

## एक नजर

### कोडरमा में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**कोडरमा।** नवलशाही थाना पुलिस ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर आम जनता से लेकर विद्यालय के छात्र छात्राओं को जागरूक किया. इस दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के नवादा चौक पर लोगों को सड़क सुरक्षा के निदेशों से अवगत कराया. पुलिस ने ट्रिपल लोडिंग, बिना हेलमेट व बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने, तेज गति व शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चलाने और मालवाहक वाहन पर यात्री के परिवहन नहीं करने को कहा. इसके बाद पुलिस ने उच्च विद्यालय फुलवरिया में छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया. मौके पर अवर निरीक्षक रंजीत कुमार, कुमार शिवम समेत पुलिस के जवान मौजूद थे.

### पंचायतों में ऑन द स्पॉट कई मामलों का निपटारा

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिला के कई पंचायतों में शिविर लगाये गये. सतगावां प्रखंड के समलडीह, डोमचांच प्रखंड के बगरीडीह, कोडरमा प्रखंड के पथलडीहा और जयनगर प्रखंड के डंडाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में लगाये गये शिविर में काफी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी अपनी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया. साथ ही शिविर में लगाये गये स्टॉल में कृषि, समाज कल्याण, दाखिल खारिज, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, जाति / आय / आवासीय प्रमाणपत्र निर्गत करने को लेकर आवेदन दिया. वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिविर में आये लोगों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने से संबंधित किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसके लिए आवेदन दें.

### जलडेगा के बनजोगा में ग्राम सभा का आयोजन

## नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़नी होगी लड़ाई : नेलन तोपनो

**शराब बंदी पर जोर**



नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के लमडेगा पंचायत अंतर्गत बनजोगा में ग्राम सभा उपाध्यक्ष नेलन तोपनो की अध्यक्षता में लीड्स संस्था द्वारा ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को मनरेगा, पीएम आवास, अबुआ आवास, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, पशुपालन, मत्स्य पालन, श्रमिक निबंधन, कृषि और आत्मा द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर योजनाओं से जुड़ने की प्रकिया को बताया और अपने हक अधिकारों के लिए आगे आकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गांव में महिला एवं पुरुषों को नशा नहीं करने की अपील की। और कहा कि नशा देश की युवा पीढ़ी को दलदल की ओर ले जा रहा है। यदि युवाओं को नशा करने से न रोका गया तो देश का भविष्य बचा पाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। नशे के कारण, जहां लोग अपना शरीर बर्बाद कर रहे हैं। वहीं कई बार नशा घरों के टूटने का कारण भी बन रहा है। नशे के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। तभी हम अपने बच्चों को नशे से बचा सकते हैं। कई बार गलत संगत भी युवाओं को नशे का आदि बना देती। मां बाप को अपने बच्चों की हरकत पर नजर रखनी चाहिए। ऐसा करने से हमें पता लगता रहता है कि हमारे बच्चे कैसी संगत में रह रहे हैं और उसका उस पर क्या असर हो रहा है। उन्होंने गांव की महिलाओं को शराब नहीं बनाने की अपील की और ग्राम सभा के माध्यम से पूरे गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में लीड्स संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिंझिया, मुखिया बिपिन बडिंग, ग्राम सभा सचिव बेंजामिन तोपनो, गुडवन बडिंग, हेलेन लुगुन, घुरन मांझी, सेब्रेनियूस तोपनो सहित कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### घायल मरीज से मिलने पहुंचे भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर प्रखंड के धंवईपानी गांव से एक महिला के जो विद्युत तार के संपर्क में आने से घायल हो गयी थी जिसका सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज चल रही है। महिला का हाल खबर जानने के लिए पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा एवं मंडल सांसद प्रतिनिधि दीप नारायण दास सदर अस्पताल सिमडेगा पंहुचा एवं पीड़ीत महिला से मुलाकात कर उनके स्वस्थ्य संबंध जानकारी ली। चिकित्सक ने कहा कि पीड़ित महिला के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है प्रारंभ में झटका महसूस कर रही थी इलाज के बाद काफी सुधार है। उपस्थित गांव की एक महिला ने जानकारी दी कि घर के उपर से ग्यारह हजार हाई टेन्सन तार गुजरी है जिसके कारण वर्षा होने से अर्थिंग तार में करंट लगने से वह बेहोश हो गई। इस संबंध में श्री बेसरा ने विद्युत विभाग में कार्यरत जेई सिमडेगा से फोन द्वारा बातचीत किया एवं कहा कि विद्युत तार के कारण इस तरह की दूर्घटना नहीं घटनी चाहिए। संपर्क में आने वाले तारों को हटाया जाए, और लोगों की जान-माल और सुरक्षा का समुचित ध्यान रखें।

### डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेबल टूर्नामेंट का आयोजन

## डीएवी कोडरमा बना ओवर ऑल चैंपियन, खुशी से झूमे प्रतिभागी




नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेबल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ, जिसमें पीवीएसएस झुमरीतिलैया, कोडरमा ने चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया. इस चैंपियनशिप में डीएवी जोन एफ के सभी विद्यालय ने भाग लिया. इसके अंतर्गत क्रिकेट,फुटबॉल, वॉलीबॉल, चेस, बैडमिंटन, रोलर स्केटिंग, चेस, खो-खो, ताइक्वांडो, योगा, जुडो-कराटे, एथलेटिक्स जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ. डीएवी कोडरमा के प्रतिभागियों ने कुल 105 गोल्ड 72 सिल्वर एवं 22 कांस्य पदक और 13 ट्रॉफी लाकर पूरे क्लस्टर लेबल पर ओवर ऑल चैंपियन बना. साथ ही 7 बच्चों को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड भी मिला. इस चैंपियनशिप ट्रॉफी पर अपना कब्जा करने के लिए विद्यालय के सभी प्रतिभागी तथा शिक्षकों ने खूब मेहनत की. ट्रॉफी पाने सभी खुशी से झूम उठे. सभी बच्चे बहुत ही प्रसन्न और उत्साहित थे. इस सफलता के लिए झारखंड जोन एफ के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी निसिकान्त कर ने डीएवी कोडरमा के प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी को बधाई दी एवं उनकी प्रतिभा की सराहना की. साथ ही आगे की राज स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ भी दी. वहीं डीएवी मैनेजिंग कमीटी के मैनेजर मनोज कुमार सिन्हा ने भी सभी प्रतिभागियों की भूरि झ भूरि प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएँ दी तथा बच्चों के मनोबल को बढ़ाया. बच्चों की खुशी को देखते हुए पूरे गदगद मन से विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारे खेल प्रतिभागियों और एथलीटों ने अद्भुत प्रदर्शन का स्वर्णिम पृष्ठ लिखा.खेल क्षेत्र और एथलेटिक्स मैदान में अपने उत्साह और आत्म विश्वास को प्रदर्शित किया है. यह बेहद गर्व की बात है कि हमारे स्कूल को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया है. ओवरऑल चैंपियनशीप ट्रॉफी हासिल करना हमारे स्कूल की खेल कौशल का प्रमाण है.

## हाथियों ने मचाया उत्पात फसलों को किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

**मरकच्चो।** प्रखंड में एक बार फिर हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। गुरुवार की देर रात हाथियों का झुंड बेरहवा जंगल से सटे पपलो गांव पंहुच कर जम कर उत्पात मचाते हुए धान की फसल को नुकसान पंहुचाया हैं। हाथियों के झुंड ने पपलो निवासी उपेंद्र यादव व नारायण यादव के पंद्रह-पंद्रह कट्ठा खेत में लगे धान के फसल को खा गए। वहीं भुनेश्वर यादव, रामचंद्र यादव व सुरेश यादव के दस दस कट्ठा तथा बाबूलाल यादव के सात कट्ठा में लगे धान को खा गए और बाकी फसलों को रौंद कर नष्ट कर दिया। कृषक उपेंद्र यादव ने बताया कि हाथियों के झुंड ने खेतों मे लगे फसल के अलावे उनके खलिहान में रखा दस क्विंटल धान को और रामसहाय महतो के खलिहान मे रखे पांच क्विंटल धान को भी चट कर गए। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण काफी चिंतित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बीस-बीस के झुंड में 40 हाथियों का झुंड है, जो बेरहवा जंगल मे बसेंरा बनाए हुए हैं और फिर रात मे गांवों मे घुस जमकर उत्पात मचाता है। बीती रात ग्रामीणों ने लूप व पटाखे जलाकर बड़ी मुश्किल से हाथियों को जंगल की तरफ खदेड़ा। कृषकों ने बताया कि हाथियों का झुंड प्रत्येक साल गांव में आकर फसलों को बर्बाद कर देता है।

## मजदूर यूनियन ने किया सिमडेगा में कंबल वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** चक्रवर्ती तूफान थमने के बाद जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है ऐसे में जनजीवन प्रभावित है। जिसे ध्यान में रखते हुए झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा के द्वारा महावीर चौक सिमडेगा में मजदूरों के बीच कंबल का वितरण किया। कम्बल वितरण करते हुए उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते हुए लोगों के बीच अभी कंबल मुहैया कराई जाएगी और लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी देकर उन समस्याओं को दूर करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लोगों की समस्याओं को देखने वाला कोई भी नहीं है चुनाव के समय नेता घर-घर जाकर वोट मांगते हैं लेकिन चुनाव भी जाने के बाद लोगों की समस्या सुनने के लिए कोई भी तैयार नहीं है लेकिन वक्त के साथ जनता अपने वोट से उनका जवाब देगी इसलिए सभी लोग संगठित रहकर अपने हक अधिकार के प्रति आवाज उठाएं। मौके पर सन्नी ठाकुर,श्याम सुंदर साहू सहित मजदूर उपस्थित थे।

### पाकरटांड बीडीओ ने मत्स्य, श्रम और वन विभाग के अधिकारी से मांगी स्पष्टीकरण

**सिमडेगा।** पाकरटांड बीडीओ इम्तियाज अहमद ने पत्रांक संख्या 1576 के तहत मत्स्य, श्रम और वन विभाग के जिला पदाधिकारियों को पत्र भेज कर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभाग के शामिल नहीं होने का स्पष्टीकरण मांगा है। पत्र में बीडीओ इम्तियाज अहमद ने कहा है कि विगत 07 दिसंबर को पाकरटांड के केशलपुर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित की गई थी। इसमें मत्स्य विभाग, श्रम विभाग और वन विभाग के स्टॉल नहीं लगाए गए थे। बीडीओ ने इन तीनो विभाग पर कार्य में लापरवाही और उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाया है। बीडीओ ने इन तीनो विभाग के जिला पदाधिकारी को 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने को कहा है। स्पष्टीकरण नहीं देने पर अनुशासनात्मक करवाई के अनुशंसा की बात कही गई है। बता दें कि इन विभागों के स्टॉल नहीं लगे होने पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सिमडेगा विधायक ने भी नाराजगी जताते हुए करवाई की बात कही थी।

### बिजली चोरी के खिलाफ पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**कोडरमा।** विद्युत विभाग के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर कनीय अभियंता हरिकृष्ण केश्वनी के नेतृत्व में गठित टीम ने मरकच्चो प्रखंड के नावाडीह पंचायत के विभिन्न गांवों में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की. इस दौरान बिजली चोरी के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मरकच्चो थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी. जिसमें नावाडीह निवासी दशरथ कुमार,अनिल कुमार बर्मा, संजय विश्वकर्मा, गगन साव व पिपराडीह निवासी हीरालाल गुप्ता के नाम शामिल है. विभाग ने दशरथ कुमार पर बीस हजार, अनिल कुमार बर्मा व हीरालाल गुप्ता पर दस दस हजार तथा संजय विश्वकर्मा पर चालीस हजार का जुर्माना भी लगाया है।

### अंडर- 14 क्रिकेट खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल 11 को

**झुमरीतिलैया।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर- 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए जिला टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए अंडर- 14 के खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल 11 दिसंबर की सुबह 10 बजे से सीएच हाई स्कूल मैदान में रखा गया है। ट्रायल के समय खिलाड़ी अपने साथ 2020-21,21-22,22-23,23-24 का मार्कशीट, स्कूल बोनाफाइड सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट, 1/9/2010 के बाद और 31/8/2012 के पहले का जन्म होना चाहिए ,माता-पिता का आधार कार्ड, माता-पिता का वोटर आई कार्ड, खिलाड़ी का आधार हिस्ट्री को अपडेट कर पेपर और दो फोटो लाना आवश्यक है। उक्त प्रपत्र के बिना खिलाड़ी को ट्रायल के योग्य नहीं माना जाएगा। बता दें कि अंडर-14 टूर्नामेंट दिसंबर में ही खेला जाना है। जानकारी एसोसिएशन सचिव दिनेश सिंह और उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने शुक्रवार को दी है।

### बारिश थमने से किसानों को मिली राहत

**कोडरमा।** प्रखंड में दो दिन से रुक- रुक हो रही बारिश शुक्रवार से थम गई है। इसके बाद से किसानों को थोड़ी राहत मिली है कि अब बारिश रुकने के बाद सब्जी की फसल को भी राहत मिलेगी। दो दिन से हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दिया था कि यदि बारिश होती रही, तो आलू सहित अन्य सब्जियों को नुकसान पहुंचेगा। सब्जियों का सड़ने का डर बन रहा था। लेकिन अब सुबह से ही बारिश रुक गई है। हालांकि आसमान में दिनभर बादल छाए रहा। मौसम विभाग के अनुसार 10 दिसंबर से पूरा आसमान साफ होगा।

**सवाल का जवाब**

### डीवीसी ने किया लोक जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

# उद्योगों से होता है विकास : दिलीप सिंह





नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** डीवीसी केटीपीएस एडमिन बिल्डिंग के पास डीवीसी ने लोक जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हजारीबाग के जितेंद्र प्रसाद सिंह, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रांची के परामर्श अधिकारी कुमारी मनी भूषण मौजूद थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला डीएलओ गौरांग महतो ने किया. वहीं अतिथियों का स्वागत डीवीसी के महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान दिलीप सिंह ने किया. मौके पर सीनियर मैनेजर इलेक्ट्रिक मांडवी कुमारी ने कहा कि केटीपीएस में विस्तारीकरण के तहत 8002 कुल 1600 मेगावाट का प्लांट लगेगा, इस जन सुनवाई के माध्यम से जानकारी देना है कि प्रदूषण नियंत्रण का क्या उपाय किया जाय. वहीं मौके पर मौजूद विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि 1000 मेगावाट पावर प्लांट से क्षेत्र में प्रदूषण बढा है. लोग मर रहे हैं. करियावां की महिलाओं पर पुलिस लाठीचार्ज हुआ, उन्हें जेल जाना पडा. डीवीसी प्रबंधन बताये कि प्रदूषण नियंत्रण व विस्थापितों के रोजी रोजगार के लिए अब तक क्या किया गया? वहीं पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि डीवीसी ने हमेशा लोगों को धोखे में रखा. कहा कुछ और किया कुछ और. लोगों का भरोसा तोडा है. मौके पर जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, मुखिया संजय साव, मनोज सिंह, अवित सिंह, छोटेलाल सिंह, दामोदर यादव, उमेश यादव, अरूण यादव, डीवीसी के डीजीएम हरीश चंद्र सिंह, कोलकाता मुख्यालय के निदेशक काजल बनर्जी, वैंकटेश, निदेशक भूमि संरक्षण परियोजना प्रधान संजय कुमार, वरीय महाप्रबंधक अर्णव मित्रा, महाप्रबंधक मानस मंडल, मुखिया महाप्रबंधक अभय श्रीवास्तव, संजय कुमार सिंह, महेश यादव, सुनील यादव सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे. संचालन डीवीसी के विनोद राय ने किया. जन सुनवाई के दौरान डीवीसी के वरीय महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने लोगों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नए प्लांट के लिए जमीन का अधिग्रहण नहीं करना है. बेरोजगारी, पर्यावरण, एशपौंड, सीएसआर द्वारा किए गए कार्यो का डाटा उपलब्ध है. जरूरत पडी तो इसे सार्वजनिक किया जाएगा. उन्होंने कहा कि उद्योग लगने से किसी भी क्षेत्र का आर्थिक विकास होता है. लोगों को राज्य सरकार की पॉलिसी के अनुरूप रोजगार दिया जा रहा है, इस दौरान बीच बीच में विरोध और शोर शराबा होता रहा. साथ ही कहा कि सीएसआर हेड हरीश चंद्र ने इलाके में सीएसआर द्वारा कराये गए कार्यो का डाटा प्रस्तुत किया.

## एक नजर

### डीएवी विद्यालयों में खेल-कूद प्रतियोगिता संपन्न




**रांची।** रांची के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मार्शल आर्ट्स में तीस में से सत्ताईस में चैंपियन रही। इसके अलावा क्रिकेट अंडर17 एवं 19बालक वर्ग में तथा अंडर17 बालिका वर्ग में चैंपियन रही। इसके अलावा चेस,हैंडबॉल तथा शॉर्टपुट ,फुटबॉल में भी पदक हासिल किया और इसी के साथ एस. आर. डीएवी.पुंदाग के खिलाड़ी क्लस्टर स्तर की अंडर -19 बालक वर्ग में ओवरऑल चैंपियन बन गए। इससे विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई। ये सभी खिलाड़ी आगामी सप्ताह राज्य स्तरीय खेलों में जोर आजमाएंगे। प्राचार्य एस. के. मिश्र ने सभी खिलाड़ियों के साथ उनके खेल शिक्षक आशीष जायसवाल तथा ऋतु रानी को भी बधाई तथा शुभ कामनाएं दीं।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज - कल खेलों का महत्त्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

### स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों से राज्यपाल ने की मुलाकात

**रांची।** भूटान में पारा थ्रो बाल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों से राज्यपाल ने किया मुलाकात और उनके उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए जीत के लिए हार्दिक बधाई दी। इस मुलाकात के दौरान भारतीय टीम के कप्तान मुकेश कंचन, सनोज महतो और महिला टीम से महिमा उरांव,असुंता टोप्पो एवं पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के उपाध्यक्ष पतरस तिर्की उपस्थित थे।

### बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था युवक, कट्टा के साथ धरा

चतरा। पुलिस ने बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटे युवक को चतरा शहर के अव्वल मुहल्ला स्थित काली मंदिर के पास कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक जटाधारी यादव उर्फ मोदी उर्फ रोहित जोरी थाना क्षेत्र के घंघरी गांव का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने 20 राउंड गोली और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने सदर थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ हथियारबंद अपराधी अव्वल मोहल्ला के पास शादी समारोह में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना पर त्वरित काईवाई करते हुए प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रज्जा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली, सहायक अवर निरीक्षक निर्मल कुमार सिंह, सचिदानंद सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक विकास पासवान व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है। घटना में और लोगों को शामिल होने का मामला सामने आ रहा है, जिसकी जांच की जा रही है।

---

अनिवार्य सेवाओं से जुड़े पदाधिकारियों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

# रेलवे कर्मचारियों के मतदाता निबंधन के लिए शिविर आज और कल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने अपने कार्यालय में अनिवार्य सेवाओं से संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में के रवि कुमार ने कहा कि एक भी मतदाता छूटे नहीं, इस लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग काम कर रहा है। निर्वाचन के दौरान अनिवार्य सेवाओं जैसे रेलवे, स्वास्थ्य, अग्निशमन, विद्युत निगम एवं मीडिया आदि संस्थाओं में काम करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मी अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों। इस के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा न केवल इन संस्थाओं में एक-एक दिन का स्पेशल कैंप लगाकर सभी कर्मियों के मतदाता पहचान पत्र संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान किया जाएगा। बल्कि इसके साथ वैसे मतदाता जो अनिवार्य सेवाओं से जुड़े होने के कारण मतदान के दिन बूथ पर संभव न हो उनके लिए पोस्टल बैलेट की व्यवस्था कराई जाएगी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकरी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, स्वास्थ्य सेवा के उप निदेशक डॉ. अनिल कुमार, अग्निशमन के कमिश्नरअमित कुमार सिंह, जेवीएनएल के जेनरल मैनेजर सुनील कुमार, बीएसएनएल के एजीएम आर.आर. तिवारी एवं बी सिंह, एडीआरए के एपीओ गौतम कुमार, दूरदर्शन से दिवाकर कुमार, पीआईबी की फील्ड पब्लिसिटी ऑफिसर महविश रहमान एवं आकाशवाणी से श्रीमती शिल्पी सहित मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# डायल 112 ऐप को लेकर पुलिस चला रही अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अब किसी भी आपातकालीन सेवा के लिए राज्य में डायल 112 इंडिया ऐप तैयार किया गया है। इस डायल 112 में फोन करने या ऐप के माध्यम से देश के नागरिक किसी भी कोने में सुरक्षा और सहायता आसानी से पा सकते हैं। इस महत्वपूर्ण डायल 112 को लेकर आम लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। लातेहार जैसे छोटे जिले में भी डायल 112 को लेकर आम लोगों को पुलिस डिपार्टमेंट के द्वारा जागरूक किया जा रहा है। पुलिस के अधिकारियों के द्वारा आम लोगों को यह बताया जा रहा है कि किस प्रकार डायल 112 लोगों को हर आपातकालीन स्थिति में मदद उपलब्ध कराने के लिए 24 घंटे सक्रिय है। किसी भी प्रकार की मुसीबत होने पर जब कोई व्यक्ति डायल 112 पर फोन करता है या ऐप के माध्यम से अपनी समस्याओं को भेजता है तो राज्य स्तर पर बनाई गई कंट्रोलिंग टीम के द्वारा तत्काल इस पर एक्शन लिया जाता है। राज्य की टीम पूरी सूचना लेने के बाद तत्काल संबंधित थानों को या फिर संबंधित विभाग को इसकी जानकारी देता है। इसके बाद सूचना देने वालों को सहायता पहुंचाई जाती है।

### बीआईटी लालपुर सेंटर में आयोजित दो दिवसीय संपन्न, कई छात्र सम्मानित

रांची। मशीन लर्निंग इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस इंटेलिजेंस विथ एप्लीकेशन-23 विषय पर बीआईटी के लालपुर सेंटर में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में जाधवपुर विश्वविद्यालय के डॉ यमुना कांत सिंह ने प्रतिभागियों को मेडिकल इमेजिंग के तौर तरीकों की जटिलताओं में गहन अंतर्दृष्टि से अवगत कराया। इसी सत्र में बोलते हुए प्रोफेसर प्रदीप भट्टाचार्य ने मशीन लर्निंग और उसके लाभ पर प्रकाश डाला। डॉ अमृता प्रियम, डॉ उमेश प्रसाद, डॉ सोमित्रो चक्रवर्ती और डॉ प्रणव कुमार ने अपने अपने संबोधन में छात्रों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। अंतिम सत्र में गूगल के प्रतिनिधि डॉ अत्रि डे ने छात्रों को ऑनलाइन संबोधित किया। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन डीन फेकल्टी अफेयर (डोफा) डॉ कुणाल मुखोपाध्याय ने इस जानकारी से परिपूर्ण कार्यक्रम के लिए विभाग और कार्यक्रम के पूरी टीम को बधाई दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में इसी प्रकार के कार्यक्रम होंगे। जिससे कि छात्रों को नई नई जानकारियां मिले और वे बेहतर प्रदर्शन कर सके। कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने सुश्री अदिति सहाय, श्रेयसी करण, साई अदिति, आलोकित टोप्पो, इशिका सिंह को प्रस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

### पोदना के समर्थन में राष्ट्रीय युवा शक्ति के कार्यकर्ता धरना में हुए शामिल




**रांची।** भारत पाकिस्तान की 1971 युद्ध में घायल सैनिक पोदना बलमुचू का सम्मान और अधिकार को लेकर धरना आज 6 वें दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भी धरना में शामिल होकर समर्थन किया। राष्ट्रीय युवा शक्ति के सदस्य भी पोदना के साथ शुक्रवार से अनिश्चितकाल के लिए धरना प्रदर्शन पर शामिल हो गये। मौके पार उत्तम यादव ने कहा कि देश के लिए लड़ने वाले सैनिक युद्ध में घायल हो जाते है। इसके बाद भी सरकार की ओर से उन्हें न तो पहचान और न ही सम्मान दिया जा रहा है, जो दुखद है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि पोदना बलमुचू की मांगों को अविलंब पूरी की जाय। यदि इस विषय पर सरकार त्वरित कार्यवाही नहीं करती है तो हजारों की संख्या में युवा सड़क पर उतरेंगे।

# हाईकोर्ट ने देवघर एम्स से जुड़े मामले में सरकार को दिया 10 दिनों का समय




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट में देवघर, एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। याचिका में उठाए गए बिंदुओं पर ऊर्जा विभाग एवं पेयजल स्वच्छता विभाग का ही जवाब आ सका, जिस पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को सभी विभागों को जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिनों का समय दिया। सांसद निशिकांत ने राज्य के चीफ सेक्रेटरी के जवाब पर अपना शपथ पत्र दाखिल किया था। इसमें सांसद की ओर से देवघर एम्स में सुविधा को लेकर कई बिंदु उठाए गए थे। कहा गया था कि चीफ सेक्रेटरी ने देवघर एम्स के पावर सबस्टेशन के लिए 64 करोड़ रुपये की लागत आने की बात कही है, जिसके लिए कैबिनेट की मंजूरी जरूरी बताया है। सांसद का कहना है कि विगत एक माह में दो-तीन बार कैबिनेट की बैठक हुई हैं लेकिन देवघर एम्स के लिए सरकार 64 करोड़ रुपये स्वीकृत करने पर दिलचस्पी नहीं दिख रही है। देवघर एम्स को पानी देने के सवाल पर कहा गया कि देवीपुर मल्टी विलेज स्कीम के तहत पंचायतों को मात्र दो-तीन दिन ही पानी मिलता है। ऐसे में देवघर एम्स के लिए पुनासी डैम से जोड़कर पानी की व्यवस्था की जाए। चीफ सेक्रेटरी ने अपने जवाब में बताया था कि देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए एक अग्निशमन वाहन उपलब्ध करा दिया गया है, जिसके जवाब में याचिकाकर्ता निशिकांत दुबे की ओर से कहा गया है कि यह अग्निशमन वाहन मात्र चार-पांच तल्ला में आग बुझाने में सक्षम है, जबकि देवघर एम्स 24 मंजिला है, ऐसे में इस अग्निशमन वाहन से काम नहीं होगा।
देवघर एम्स के लिए 20 एकड़ जमीन उपलब्ध नहीं होने के मामले में चीफ सेक्रेटरी ने बताया कि इस संदर्भ में जमीन अधिग्रहण के लिए प्रयास किया गया है, जिसमें सांसद का कहना है कि देवघर एम्स को 237 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी, लेकिन अब तक उसे मात्र 217 एकड़ जमीन ही मिली है। शेष 20 एकड़ जमीन दिलाने के लिए राज्य सरकार को समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए।

### रजरप्पा मंदिर में पूजा कर जायेंगे दिल्ली

**रांची।** जिला लोक जनशक्ति पार्टी के पदाधिकारियों की एक बैठक लाइन टैंक रोड स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के आगमन पर रांची एयरपोर्ट में भव्य स्वागत किया जाएगा। जानकारी दी गयी कि चिराग पासावन एयरपोर्ट से सीधा मां छिनमस्तिका मंदिर के लिए रवाना होंगे। वहॉ पूजा अर्चना के बाद दोपहर 2:30 बजे में रजरप्पा से प्रस्थान कर सीधा रांची एयरपोर्ट से पहुंचेंगे। जहॉ से शाम 4: 30 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला पदाधिकारी एवं महिला मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में ज्योति, दीपिका होरो, आकाश भारती, अमर मुंडा, सरवन कुमार, आनंद वर्मा, भोला सिंह, प्रदीप पासवान, राजेंद्र पासवान, राकेश यादव, सविता कुजूर, शहनाज बेगम, अफसाना परवीन और राजू कश्यप आदि उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आज,मसलिया प्रखंड के दुमका रानी घाघर व सुगा पहाड़ी पंचायत में आयोजित

**रांची।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकास का पडाव आज दुमका जिला के मसलिया प्रखंड के रानी घाघर एवं सुगा पहाड़ी ग्राम पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित की गई।विशेष कर ग्रामीण महिलाएं उससे लाभान्वित हुए। भारत सरकार के प्रचार जागरूकता वाहन से लोगों ने जानकारी प्राप्त की और एलईडी पर प्रधानमंत्री का संदेश देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान सभा में आए हुए ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई व सुयोग्य लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया गया। यह कार्यक्रम मसलिया प्रखंड के वरिष्ठ कर्मचारी श्री सदानंद सिंह के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में प्रखंड के बीपीओ तथा कर्मचारी गण मौजूद थे । साथ ही मसलिया प्रखंड, दुमका के स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद थे। तथा कई गणमान्य वार्ड सदस्य भी कार्यक्रम में भागीदारी लिये। सभा स्थल पर स्वास्थ्य विभाग एवं उज्जवला गैस योजना के स्टॉल भी मौजूद रहे और गैस चूल्हा इत्यादि का वितरण भी हुआ। आज भारत सरकार का प्रचार जागरूकता वाहन विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम स्थल पहुंचा। प्रचार / जागरूकता वाहन के माध्यम से ग्रामीण बड़े एलइडी वॉल पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी से लैस हुए।

# 1984 दंगा पीड़ितों को मुआवजा मामले में मांगा स्टेटस रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में मुआवजा भुगतान को लेकर कोर्ट के 15 सितंबर के आदेश के आलोक में राज्य सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किए जाने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को तीन दिन में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताने को कहा है कि सिख दंगा पीड़ितों को किन-किन जिलों में कितना मुआवजा भुगतान किया गया है। कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा है की बोकारो जिला में मुआवजा भुगतान के लिए एक करोड़ 20 लाख की अतिरिक्त राशि कंटीन्जेंसी फंड से उपलब्ध कराए जाने पर क्या हुआ। कैबिनेट ने भी इस पर अप्रूवल दे दिया है। इसके बाद भी बोकारो में मुआवजा भुगतान के लिए बोकारो जिला को एक करोड़ 20 लाख क्यों नहीं आवंटित की गई। इसके अलावा मुआवजा को लेकर रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में वन मैन कमिशन की रिपोर्ट की कॉपी भी कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था लेकिन सरकार द्वारा इसे प्रस्तुत नहीं किया जा सका, जिसे सरकार की ओर से कोर्ट के समक्ष नहीं लाया गया था। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय एवं हस्तक्षेपकर्ता की ओर से फैसल अल्लाम ने पैरवी की। कोर्ट ने 15 सितंबर को अपने आदेश में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर सरकार को बताने को कहा था कि सिख दंगा के पीड़ितों को मुआवजा देने के कमीशन की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई है। मुआवजा की राशि किन-किन जिलों में भुगतान की जानी है। बोकारो में मुआवजा भुगतान को लेकर क्या पहल की जा रही है।

### नसीम बने कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**बरवाडीह।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति अल्पसंख्यक विभाग द्वारा प्रखंड के पोखरी निवासी नसीम अंसारी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस संबंध में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय संयोजक सह झारखंड प्रभारी उमर खान द्वारा हस्ताक्षर युक्त मनोनयन पत्र में कांग्रेस सांसद सह एआईसीसी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा झारखंड अल्पसंख्यक विभाग द्वारा झारखंड प्रदेश के कई जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसमें लातेहार जिला से प्रखंड 20सूत्री सदस्य नसीम अंसारी को लातेहार जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिलाअध्यक्ष मनोनीत किया गया। अंसारी को कांग्रेस जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर प्रखंड के कई लोगों ने नसीम अंसारी को बधाई दी है, जिनमें कांग्रेसी कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, अजीत गुप्ता, शमशुल अंसारी, जीबोध सिंह, अवधेश मेहरा, लक्ष्मण सिंह, सुजीत गुप्ता समेत प्रखंड के कई कांग्रेसी शामिल है।

# हिन्दू राष्ट्र पुनरूत्थान दिवस मनाया : गोयल




**नवीन मेल संवाददाता**
रांची/ नई दिल्ली। यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व भाजपा नेता जय भगवान गोयल ने सीलमपुर के मौजपुर में एक कार्यक्रम में कहा कि 6 दिसम्बर, भारत के इतिहास में मील का पत्थर है। जब इसी दिन 1992 को अयोध्या में तथाकथित बाबरी ढांचे को ढाह दिया गया था। हिन्दू समाज इसे शौर्य दिवस व विजय दिवस के रूप में मनाता है। गोयल ने कहा कि अगर 6 दिसम्बर 1992 को बाबरी ढांचा नहीं ढहाया जाता तो शायद श्रीराम मंदिर का निर्माण नहीं हो पाता। इसलिए करोड़ों हिन्दुओं के लिए 6 दिसम्बर का दिन हिन्दू राष्ट्र पुनरोत्थान दिवस है। गोयल ने कहा कि श्री कृष्ण जन्म भूमि स्थान से ईदगाह को इंतजामिया कमेटी हटा ले, तो हिन्दू आपको यहां से डेढ़ गुना ज्यादा जमीन, बृज चौरासी कोस के बाहर देगा। गोयल ने बताया कि इलाहबाद हाई कोर्ट में इस विषय पर हमारा मुकदमा चल रहा है, जिसका जल्द ही समाधान होने की पुरी सम्भावना है। राम जन्मभूमि के प्रचार प्रसार में भारत के तेजस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी का हार्दिक धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर डॉ. सत्य नारायण जटिया वरिष्ठ सदस्य, संसदीय बोर्ड व केन्द्रीय चुनाव समिति, भाजपा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कहा कि आज सन्तों के सान्निध्य में, अयोध्या से आध्यात्मिक रूप से आवेशित होकर आए, अक्षत को कलश में डाल कर जन जन में वितरण करने का भव्य समारोह मौजपुर में आयोजित किया गया उसके लिए मैं सभी श्री राम भक्तों का स्वागत व अभिनदंन करता हूं।

### संत जोसेफ प्लस विद्यालय का 55वां वार्षिक खेल-कूद महोत्सव संपन्न

**महुआडांड़।** संत जोसेफ+2 विद्यालय में शुक्रवार को 55वां वार्षिक खेल-कूद महोत्सव संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामचंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एसडीओ विपिन कुमार दुबे, सीओ संतोष बैठा, बीडीओ अमरेन डांग और संत जेवियर्स कॉलेज प्राचार्य फा डॉ.एम के जोश, जोशा के तनवीर अहमद, शामिल हुए। क्रीड़ा महोत्सव की शुरूवात में छात्रों ने मनमोहक ड्रिल करके अतिथियों का मन मोह लिया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने 400 मीटर,100 मीटर दौड़,रिले (टोली) दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद एवं गोला-फेंक समेत अन्य प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी।सभी खेलों में शीर्षस्थ स्थान पानेवाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में छात्र के साथ-साथ उनके परिवारों को भी आमंत्रित किया गया था।अपने बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित होता देख उनके माता-पिता बहुत खुश हुए।

एसपी को मिली गुप्त सूचना पर मानिका थाना की पुलिस ने वाहन को पकड़ा

# एम्बुलेंस में बिहार ले जा रहे 1190 बोलत अवैध शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
रांची से 1190 बोतल अवैध शराब लेकर बिहार जा रहे एम्बुलेंस को लातेहार के मनिका में पकड़ लिया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की शराब माफिया एम्बुलेंस में अवैध तरीके से शराब लोड कर बिहार ले जाने के फिराक में है। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और कार्रवाई करते हुए शराब माफियाओ के मंसूबे को विफल कर दिया। पुलिस ने एक एम्बुलेंस के साथ अवैध शराब के 3 कारोबारी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि लातेहार एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब के अवैध कारोबारी रांची से शराब की खेप ले जा रहे है। सूचना के बाद पुलिस ने एक टीम गठित कर मनिका थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग लगाया। इस दौरान वहॉ आकर रूकी एक एम्बुलेंस की तलाशी ली गयी। जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब की बोतलें बरामद किया गया। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी रांची से शराब माफिया अवैध शराब की बड़ी खेप बिहार ले जाने के फिराक में है। सूचना के बाद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है। साथ ही इस अवैध शराब के कारोबार में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि बरामद शराब की कीमत करीब 9 लाख रुपये है। लगभग 1190 बोतल अवैध शराब बरामद किया गया है। शराब के कारोबारी के द्वारा शराब तस्करी के लिए एम्बुलेंस का इस्तेमाल किया जाने लगा है, ताकि पुलिस की नजरों से बचा जा सके। लेकिन लातेहार पुलिस की सक्रियता से शराब माफियाओं के मंसूबे विफल हो गये।

### नदी से अवैध बालू उठाव में लगे तीन ट्रैक्टरों को किया गया जब्त

**मयूरहंड।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के हजारीबाग सीमा को विभाजित करने वाले बड़ाकर नदी से अवैध बालू खनन में जुटे बालू तस्करों के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। अंचलाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में मिचलौंग तूफान के बाद गौरक्षणी बालू घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन ट्रैक्टर को अवैध बालू खनन में जब्त किया गाय। लगभग एक सप्ताह पूर्व भी सोकी घाट से दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गाय था। लेकिन निर्धारित समय के अंदर प्रशासनिक स्तर से मुकदमा से संबंधित कार्रवाई नहीं देख पुनः धड़ले से बालू उत्खनन शुरू किया गया। बालू माफिया नदी किनारे कई घाटों का अवैध संचालन रात तो रात दिन में भी प्रशासन के सामने धड़ले से उठाव कर रहे हैं। प्रशासन के सामने बालू तस्कर पेटादरी घाट की ऊंच गुणवत्ता वाली बालू को अधिक मुनाफा कमाने के लिए दूसरे जिला में भेजते हैं।

# श्री श्याम मंदिर में भक्तिमय वातावरण में मनाया गया उत्पन्ना एकादशी पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में उत्पन्ना एकादशी पर्व भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तगण आतुर थे। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल गुलाब, जूही, बेला एवं रजनीगंधा के खूबूदार फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान शिव परिवार तथा हनुमान जी का भी इस विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे जयकारों के बीच श्री श्याम नाम की दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गई। मनोवांछित मनोकामना के साथ भक्तगण कतारबद्ध होकर दिव्य ज्योत में आहुति प्रदान करते दिखे। खूब सज्यो दरबार, खाटू वाले को हम आज सभी मिलकर तेरी रात जगाएंगे...,
हमें तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया... और श्याम बाबा को श्रृंगार मन भाव आदि भजनों की लय पर भक्तगण भावविभोर हो गये। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, श्याम सुंदर पोद्दार, गोपी किशन ढांढनियॉ, चन्द्र प्रकाश बगला, सुदर्शन चितलांगिया, बालकिशन परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, मनोज ढांढनियॉ, विकास पाड़िया, सुमित पोद्दार और नितेश लाखोटिया का विशेष योगदान रहा।

**उदय किसी का भी अचानक नहीं होता, सूर्य भी धीरे-धीरे निकलता है, व ऊपर उठता है : अज्ञात**



# भ्रष्टाचार बना शिष्टाचार

***आज*** भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। एक प्रकार से कहा जा सकता है कि इसे एक मंच मिल गया है। इसकी कोख में सब जायज है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू कि तीन राज्यों में आयकर विभाग की टीम ने अकूत सम्पत्ति जब्त की है। ऐसे में सवाल उठता है कि कौन हैं धीरज प्रसाद साहू, जिनके ठिकानों पर मिला कुबेर का खजाना, दौलत देख आपकी आंखें भी चौंधिया न जाएं तो कहियेगा। अब तक 200 करोड़ रुपये से अधिक की गिनती हो चुकी हैं। लेकिन गिनती पूरी होने में समय लगेगा। कैश का सही-सही आंकड़ा गिनती पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। 40 वर्षों से देसी शराब के कारोबार में साहू परिवार संलिप्त हैं। इनके रिश्तेदारों के नाम ओडिशा में शराब का बड़ा कारोबार है। बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज मूल रूप से झारखंड के लोहरदगा जिले की है। छापेमारी के बाद आयकर विभाग ने कंपनी के कई खातों को फ्रीज कर दिया है। आयकर विभाग की ओर से आय का स्त्रोत और इतनी बड़ी संख्या में कैश जमा करने से संबंधित जानकारी कंपनी संचालकों से मांगी जायेगी। यह भी चर्चा है कि इतनी बड़ी रकम को देखते हुए मामले की जांच में ईडी की भी एंट्री हो सकती है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस भ्रष्टाचार की गंगोत्री में कौन -कौन दागदार हैं। यह बीमारी झारखंड ही नहीं पूरे देश में फैली हुई है। समय रहते अगर इसका शल्य चिकित्सा नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इसकी भयानक बानगी देखने को मिलेगी। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। एक तरफ देखा जाये तो झारखंड की अधिसंख्य आबादी घोर उपेक्षा और गरीबी की जिन्दगी जीने को विवश है,वहीं दूसरी तरफ धन रखने की जगह नहीं है। दूसरी तरफ अगर दुर्भाग्य से कोई भ्रष्ट व्यक्ति रंगे हाथ पकड़ा जाता है तो पूरा तंत्र मिल कर उसकी रक्षा करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति इससे पहले कभी नहीं देखी गयी। वर्तमान समय में सरकारी अधिकारी,नेता,ठेकेदार इस गंगोत्री में आकंड डूबे हैं। भ्रष्टाचार एक प्रकार की बेईमानी या अपराध है जो किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा किया जाता है। जिसे अधिकार के पद पर सौंपा जाता है,ताकि किसी के व्यक्तिगत लाभ के लिए अवैध लाभ या शक्ति का दुरूपयोग किया जा सके। हालांकि इसे रोकने के लिए कड़े कानून का प्रावधान है। लेकिन दुर्भाग्य भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का सख्ती से पालन नहीं होता है। जिस कारण भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। आज सभी जगहों पर घोटाले की बाढ़ आयी है। ऐसे में ईमानदार आदमी को अनेकों प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। थक हार कर इस व्यवस्था में ईमानदार आदमी भी भ्रष्ट हो रहा है। यह एक सामाजिक गिरावट है। इसे रोकने की दिशा में हो रहे प्रयास निराशाजनक हैं। सरकार भी संवेदनशील नहीं है। इस स्थिति में इसे रोकने के लिए आदर्श नैतिकता की पढ़ाई जरूरी है। यह सरकार के प्रयास से नहीं रूक सकता है। कारण सभी हमाम में नंगे हैं। इसलिए संस्कार और संस्कृति को बढ़ावा देकर इस पर काबू पाने का प्रयास किया जा सकता है। बहरहाल भ्रष्टाचार के शिष्टाचार आकाश का रंग घने कोहरे से ढका हुआ है। बस जरूरत है इसके आवरण की पड़ताल की जाये। यह वर्तमान समय की मांग भी है।

**40 वर्षो से देसी शराब के कारोबार में साहू परिवार संलिप्त हैं। इनके रिश्तेदारों के नाम ओडिशा में शराब का बड़ा कारोबार है। बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज मूल रूप से झारखंड के लोहरदगा जिले की है। छापेमारी के बाद आयकर विभाग ने कंपनी के कई खातों को फ्रीज कर दिया है। आयकर विभाग की ओर से आय का स्त्रोत और इतनी बड़ी संख्या में कैश जमा करने से संबंधित जानकारी कंपनी संचालकों से मांगी जायेगी। यह भी चर्चा है कि इतनी बड़ी रकम को देखते हुए मामले की जांच में ईडी की भी एंट्री हो सकती है।**

## इन दिनों

***भारत*** जब विश्वगुरु था, तब दुनिया में मानवीय सभ्यता का विकास नहीं हुआ था। लोग भारत में आकर ज्ञान प्राप्त करते थे। वर्तमान सरकार ने इस गौरव को शिक्षा नीति में स्थान दिया। इसके अनुरूप शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे आत्मसात किया। अब राज्य में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक में व्यापक सुधार देखने को मिल रहे हैं। यही कारण है कि विदेशी अखबारों ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था के विषय में लिखा कि उत्तर प्रदेश की शिक्षा में क्रांतिकारी सुधार हो रहा है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का संदेश विद्यार्थियों को नई प्रेरणा देने वाला है। वह भारत की गौरवशाली विरासत पर गर्व करती हैं। वह कहती हैं कि ज्ञान और अनुसंधान के आधार पर ही भारत विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित था। नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारत को फिर विश्व गुरु बनाना संभव होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल का संबोधन ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से ही हमारे अनुसंधान अत्यंत समृद्ध थे। महर्षि भारद्वाज के विमान प्रौद्योगिकी पर किये गये शोध तो सदैव प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि राइट ब्रदर्स द्वारा विमान के आविष्कार से आठ वर्ष पहले ही भारत में मुंबई की चौपाटी पर अठारह सौ फीट की ऊंचाई पर विमान का परीक्षण किया गया था। भारत में एक ही साथ जल, थल एवं नभ पर उड़ान भर सकने वाले विमान का निर्माण प्राचीन काल में ही किया जा चुका था, इसका वर्णन प्राचीन साहित्य में मिलता है। हमें इस बात का गौरव होना चाहिए।


डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

खास बात यह है कि जलधारा अर्पण करके जल संरक्षण के संदेश के साथ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया गया। महत्वपूर्ण यह है कि लखनऊ विश्वविद्यालय को यूजीसी द्वारा एकेडमिक ऑटोनमी में ग्रेड वन का दर्जा दिया गया है। एनआईआरएफ में 200वीं रैंक मिली है। दरअसल भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति विदेशी छात्रों को भी भा रही है। भारत आज स्पेस, स्टार्टअप, ड्रोन, एनिमेशन, इलेक्ट्रिक व्हीकल, सेमीकंडक्टर जैसे कई सेक्टर में युवाओं के लिए नये अवसर तैयार कर रहा है। कुलपति प्रो आलोक राय ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या में कहा कि भारत में शिक्षा के महत्व की चर्चा बहुत प्राचीन और विश्व प्रसिद्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने फिर से भारतीय मानस के अद्भुत योगदान की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया। भारत में शिक्षा के महत्व को सदैव स्वीकार किया गया है। हमारा मानना था कि शिक्षा मुक्तिदाता होनी चाहिए जो हमें सभी बंधनों से मुक्त कर दे। हम सभी अपने मूल सृजनात्मक शुद्ध स्वभाव से सत्यान्वेषी, सत्यनिष्ठ एवं सदाचारी बनें, ऐसी प्रार्थनाएं हमारे सभी गुरुकुलों में गूंजती रही हैं। अतीत के गौरव को याद करने का महत्व भविष्य में ऊर्जा प्रदान करने में सहायक बन सकता है जिसे हम अपने कार्यों और संकल्पों के माध्यम से उज्ज्वल बना सकते हैं। पद्मश्री प्रो. बलराम भार्गव का विचार है कि यह समय हमारी आजादी का अमृत काल है। आज दुनिया में छह में से एक डॉक्टर भारतीय है। इसी तरह पूरी दुनिया में पांच में से एक नर्स भारतीय है। इस विश्वविद्यालय में आध्यात्मिक साधना के क्षेत्र में ऐसे महान विद्वान, वैज्ञानिक, लोक सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, विचारक और लेखक हैं। यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ। शंकर दयाल शर्मा भी यहीं के विद्वान विद्वान थे। विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा, अनुसंधान और नवीन तरीकों के माध्यम से ज्ञान के प्रसार के लिए मानव संसाधन विकसित करना है। भारत में 900 से अधिक विश्वविद्यालय और पचास हजार से अधिक उच्च शिक्षा संस्थान हैं। इनमें तीन करोड़ से अधिक विद्यार्थी हैं। भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। सबसे बड़ी ऊंचाई यह है कि इस समय भारत में करीब अस्सी हजार विदेशी छात्र हैं जबकि सात लाख भारतीय छात्र विदेश में पढ़ रहे हैं। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के अनुसार भारत में कई अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने की जबरदस्त क्षमता है।

# वैदिक अनुसंधान की आधुनिक प्रेरणा



**नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारत को फिर विश्व गुरु बनाना संभव होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल का संबोधन ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि वैदिक काल से ही हमारे अनुसंधान अत्यंत समृद्ध थे। महर्षि भारद्वाज के विमान प्रौद्योगिकी पर किये गये शोध तो सदैव प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि राइट ब्रदर्स द्वारा विमान के आविष्कार से आठ वर्ष पहले ही भारत में मुंबई की चौपाटी पर अठारह सौ फीट की ऊंचाई पर विमान का परीक्षण किया गया था। भारत में एक ही साथ जल, थल एवं नभ पर उड़ान भर सकने वाले विमान का निर्माण प्राचीन काल में ही किया जा चुका था, इसका वर्णन प्राचीन साहित्य में मिलता है। हमें इस बात का गौरव होना चाहिए।**
**खास बात यह है कि जलधारा अर्पण करके जल संरक्षण के संदेश के साथ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया गया। महत्वपूर्ण यह है कि लखनऊ विश्वविद्यालय को यूजीसी द्वारा एकेडमिक ऑटोनमी में ग्रेड वन का दर्जा दिया गया है। एनआईआरएफ में 200वीं रैंक मिली है। दरअसल भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति विदेशी छात्रों को भी भा रही है। भारत आज स्पेस, स्टार्टअप, ड्रोन, एनिमेशन, इलेक्ट्रिक व्हीकल, सेमीकंडक्टर जैसे कई सेक्टर में युवाओं के लिए नये अवसर तैयार कर रहा है। कुलपति प्रो आलोक राय ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या में कहा कि भारत में शिक्षा के महत्व की चर्चा बहुत प्राचीन और विश्व प्रसिद्ध है।**

## आप की बात

### जल जमाव से हाल बेहाल

**शहर** की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हर साल लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन परिणाम शून्य है। शहर में जल जमाव से निजात दिलाने के लिए कोइ ठोस कदम नही उठाया गया है। इतना ही नहीं नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण नगर निगम क्षेत्र के मुख्य सड़क व बाजार सहित अन्य गली-मोहल्ले की नालियां भी बजबजा रही हैं। शहर के छह मुहान चौक पर इन दिनों बारिश होने के बाद तलाब जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है। सड़क पर पानी जमा होने की वजह से लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राह चलने वाले लोगों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार क्षेत्र में भी कई जगहों पर नाली की सफाई नहीं होने की वजह से नाली का पानी सड़कों पर आ गया है। इसकी वजह से स्थानीय दुकानदारों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। हर साल नाली बनाने व मरम्मति करने पर नगर निगम लाखों रुपये पानी की तरह बहा देता है, लेकिन बारिश का पानी शहर से बाहर नहीं बह पाता है। बरसात के पहले तक योजनाएं बनती है और धरातल पर उतरते-उतरते बारिश का मौसम ही खत्म हो जाता है। शहरवासी वर्षों से जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। शहर की समस्याएं हर साल बढ़ती जा रही हैं। शहर में जगह-जगह जलजमाव जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। यहां गली-मोहल्लों से लेकर सड़कों पर जलजमाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मुहल्लों में जलजमाव व नाला का पानी घरों में प्रवेश करने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। **- संतोष पांडेय, अधिवक्ता मेदिनीनगर।**

## प्रकृति

# इजराइल के खिलाफ अमेरिका का अप्रत्यक्षित दंडात्मक कदम

***वैश्विक*** स्तर पर सर्वादित है कि 7 अक्टूबर 2023 से शुरू इजराइल में पश्चिमी देश पूरी तरह से इजरायल के समर्थन में तो वहीं रूस यूक्रेन युद्ध में भी पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ रहे हैं। इन दोनों युद्ध से दुनियां तीन खेलों में बट गई है। पक्ष विपक्ष और न्यूट्रल, ऐसे में इसका प्रभाव संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सभाओं व चुनाव में देखने को मिला है, जिसमें भारत ने पूरी तरह से न्यूट्रल नीति अपना रखी है। इजराइल हमास युद्ध में अमेरिका पूरी तरह से इजरायल के साथ होते हुए भी दिनांक 6 दिसंबर 2023 को अमेरिका विदेश मंत्रालय ने एक अहम जानकारी साझा की जिसमें इजरायल के खिलाफ ठोस अप्रत्यक्ष दंडात्मक कदम उठाया गया है। जिसपर इसराइल सहित पूरी दुनिया हैरान है। याने वेस्ट बैंक पर वीजा प्रतिबंध नीति जो शांति सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करने वालों पर लागू होगी। चूंकि अमेरिका द्वारा इजराइल के खिलाफ अप्रत्यक्षित दंडात्मक कदम की मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका ने वेस्ट बैंक में शांति सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वालों पर वीजा प्रतिबंध लगाया। साथियों बात अगर हम वेस्ट बैंक पर नई वीजा प्रबंध नीति की करें तो, ब्लिंकन ने कहा कि विदेश विभाग एक नई वीजा प्रतिबंध नीति लागू कर रहा है, जिसमें ऐसे व्यक्तियों को निशाना बनाया जा रहा है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे वेस्ट बैंक में शांति, सुरक्षा या स्थिरता को कमजोर करने में शामिल थे। इसमें जिसमें हिंसा के कृत्य करना या अन्य कार्रवाई करना शामिल है, जो आवश्यक सेवाओं और बुनियादी जरूरतों तक नागरिकों की पहुंच को अनुचित रूप से प्रतिबंधित करते हैं वेस्ट बैंक हिंसा में अमेरिका सख्त होते हुए वेस्ट बैंक में हिंसा में शामिल नगरों को के वीजा पर लगाया बयान अमेरिका ने हिंसा में शामिल लोगों का वीजा प्रतिबन्ध लगना शुरू किया है। अमेरिकी प्रशासन ने कहा व्यक्तिगत वीजा प्रतिबंधों की घोषणा नहीं की थी वेस्ट बैंक में बसने वाले दर्जनों यहूदियों और उनके परिजनों को प्रभावित कर सकते हैं।


किशन भावनानी गोंदिया

**इजराइल हमास युद्ध में अमेरिका पूरी तरह से इजरायल के साथ होते हुए भी अमेरिका विदेश मंत्रालय ने एक अहम जानकारी साझा की जिसमें इजरायल के खिलाफ ठोस अप्रत्यक्ष दंडात्मक कदम उठाया गया है।**



## बोधि वृक्ष

# आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा

***इस*** प्रकार उन्होंने एक बहुत ही महत्वपूर्ण सबक दिया कि अगर सही तरीके से उपयोग किया जाय तो क्रोध भी एक उपयोगी उपकरण है और छह आंतरिक दुश्मन केवल कमजोर दिमाग के दुश्मन हैं और एक सच्चे गुरु के मामले में अच्छे गुलाम हैं। पितृ देवताओं ने ऋषि भृगु को सलाह दी कि उन्हें नकुल (एक नेवला और एक ऐसा व्यक्ति जिसका कोई कुल नहीं है, कोई कुल नहीं है, दूसरे अर्थ में कोई वंश नहीं है) के रूप में जन्म लेकर उस गलती का प्रायश्चित करना चाहिए। जब क्षमा के लिए अनुरोध किया गया, तो वे नरम पड़ गए और कई ब्राह्मणों की धार्मिक बातों का खंडन करने वाले नेवले के साथ मेल खाने के लिए शाप को हटा दिया (आधुनिक समय के कानून की तरह धर्म जटिल है और ऐसी कहानियों के माध्यम से बारीकियों को सामने लाया जाता है)। उनके श्राप और आशीर्वाद के अनुसार, ऋषि जमदग्नि नेवले के रूप में जन्म लेते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर द्वारा किये गये अश्वमेध यज्ञ के अंत में उन्हें मुक्ति मिलती है। ऋषि-मुनियों की कहानियाँ मनोरंजक, शिक्षाप्रद एवं ज्ञानवर्धक होती हैं। साई राम। (**समाप्त**)

**आइये सुने ऋषि मार्कण्डेय की कथा**

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि जिस धरती पर हम चार युगों से रह रहे हैं, वह एक शैतान का लोक है। वह शैतान जिसे ज्योति निरंजन या ब्रह्म-काल भी कहा जाता है। यह शैतान / ज्योति निरंजन / काल इस क्षेत्र का राजा है और इसने हमें अपनी पत्नी दुर्गा/ माया/ अष्टंगी/ प्रकृति देवी सहित सभी निर्दोष आत्माओं को अपने वश में कर सबको धोखा दे रखा है। ब्रह्म-काल ने सभी प्राणियों को कर्म-भ्रम और पाप-पुण्य के जाल में फँसाकर तीनों लोकों के पिंजरे में कैद कर रखा है जिस कारण आत्मा जन्म- मरण और पुर्नजन्म के दुष्चक्र में हमेशा फंसी रहती है। (**क्रमशः**)

## फेसबुक वॉल से



## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थें राजा जी

***भारतीय*** राजनीति का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, जो उस युग के नहीं, बल्कि किसी भी युग के महान व्यक्तियों की गिनती में आते हैं। अपनी जिन्दगी में उन्होंने सत्य, राष्ट्रीयता एवं ज्ञान के प्रचार का काम किया, जिनसे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, दार्शनिक के साथ-साथ युग को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं। उनकी उपलब्धियों के वैराट्य को देखते हुए उनको दी गयी 'राजाजी' की उपाधि उचित है। उन्हें भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष कहा जाता है। वे प्रसिद्ध वकील, लेखक और दार्शनिक थे। वे पहले भारतीय गर्वनर जनरल थे। महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, गांधीवादी राजनीतिज्ञ चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को आधुनिक भारत के इतिहास का 'चाणक्य' माना जाता है। सत्य को अपने आचरण में जीने वाले लोग सदियों से धरती पर न सही, लेकिन इतिहास में सदा अमर रहे हैं और राजगोपालाचारी उन्हीं में से एक थे। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म 10 दिसंबर 1878 को तमिलनाडु के सेलम जिले के होसूर के पास धोरापल्ली नामक गांव में हुआ। वैष्णव ब्राह्मण परिवार में जन्मे चक्रवतीर्जी के पिता नलिन चक्रवर्ती थे, जो सेलम न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे। राजगोपालाचारी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही स्कूल में हुई। इंटरमीडिएट परीक्षा बंगलौर के सेंट्रल कॉलेज से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने वकालत भी की। योग्यता और प्रतिभा के बल पर उनकी गणना सेलम के प्रमुख वकीलों में की जाने लगी। चक्रवर्ती पढ़ने-लिखने में तेज तो थे ही, देशभक्ति और समाजसेवा की भावना भी उनमें स्वाभाविक रूप से विद्यमान थी। वकालत के दिनों में वे स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रभावित हुए और वकालत के साथ समाज सुधार के कार्यों में सक्रिय रूप से रुचि लेने लगे।


ललित गर्ग

**चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म 10 दिसंबर 1878 को तमिलनाडु के सेलम जिले के होसूर के पास धोरापल्ली नामक गांव में हुआ। वैष्णव ब्राह्मण परिवार में जन्मे चक्रवतीर्जी के पिता नलिन चक्रवर्ती थे।**

## टेक वर्ल्ड

# Netflix ने लाया खुशखबरी!

Netflix की ओर से अच्छी खबर आ रही है। Netflix अपने प्लेटफॉर्म पर नये गेम्स लाने ला जा रहा है। अमेरिकी वीडियो स्ट्रीमिंग कंपनी ने सब्सक्राइबर्स के लिए नये गेम्स की घोषणा की है। जिन लोगों को गेमिंग का शौक है उनके लिए Netflix की ओर से अच्छी खबर आ रही है। Netflix अपने प्लेटफॉर्म पर नये गेम्स लाने ला जा रहा है। अमेरिकी वीडियो स्ट्रीमिंग कंपनी ने सब्सक्राइबर्स के लिए नये गेम्स की घोषणा की है। ये गेम्स यूजर्स अपने मोबाइल डिवाइसेज पर खेल पायेंगे हालांकि, इसके लिए चार्ज देना होगा। साथ ही TV और कंप्यूटर डिवाइसेज पर भी गेम्स को एक्सेस किया जा सकेगा। Geeked Wee' इवेंट में कंपनी ने घोषणा की है कि जल्द ही ये गेम्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे। Hades : इस गेम को 2020 में लॉन्च किया गया था। ये जल्द ही iOS पर उपलब्ध होगा। लेकिन एंड्रॉयड यूजर्स को कुछ दिन इंतजार करना पड़ सकता है। इस गेम में यूजर्स को अंडरवर्ल्ड के प्रिंस जागरियस की तरह खेलना होगा। जैसे किरदार इसमें मरता है, यूजर को फिर से शुरूआती वाली जगह पर जाना होगा। हर बार की यात्रा अलग होगी, लेकिन यूजर को पहले इस्तेमाल किये गये हथियार और जानकारी उपलब्ध होगी। Death's Door : मौत का दरवाजा एक रोचक गेम है जो जेल्डा जैसा एडवेंचर गेम है। ये Netflix के मोबाइल यूजर्स के लिए एक्सक्लूसिव तौर पर उलब्ध होगा। प्लेयर को इसमें कौए को कंट्रोल करना है जिसे आत्माओं को इकट्ठा करने का काम सौंपा गया है। ये काम वह रीपिंग कमिशन हेडक्वार्टर्स के लिए करता है। ये ऐसी जगह है जहां मौत के बाद दुनिया दिखाई गई है।




स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### वाराणसी में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने की आत्महत्या

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी के दशाश्वमेध थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक आश्रम में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवनाथपुरा इलाके में स्थित आंध्रा आश्रम में एक दंपति और उनके दो बेटों ने आत्महत्या कर ली। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी के रहने वाले 50 वर्षीय कोंड, उनकी पत्नी लवाडिया और उनके दो बेटे राजेश और जय राज ने काशी भवन की तीसरी मंजिल पर अपने कमरे की छत से रस्सी की मदद से लटककर आत्महत्या कर ली।

### बच्चे के रोने से आक्रोशित ससुर ने धारदार हथियार से किया वार, बहू-पोते की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर जिले के तालगांव थाना क्षेत्र में एक वृद्ध ने अपने ही बहू और पोते पर धारदार हथियार से प्रहार कर दिया। हादसे में घायल बहू और पोते की मौत हो गई। क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी कमलाकांत बुजुर्ग हैं। बृहस्पतिवार देर रात उसका पोता आयुष (01) किसी कारणवश रो रहा था। इसी दौरान अचानक कमलाकांत आक्रोश में आ गया। उसने धारदार हथियार से अपनी बहू शिखा (30) और पोते पर वार कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पोते की मौके पर ही मौत हो गयी। आनन फानन बहू को जिला अस्पताल लाया गया।

### बिहार में शराब पीने के आरोप में बंद शख्स की हवालात में मौत

मुंगेर। बिहार में शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार एक युवक की पुलिस थाने के हवालात में मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान मुंगेर के बागेश्वरी के रहने वाले अमन कुमार (22) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि अमन का शव पुलिस थाने के हवालात से जुड़े शौचालय के रोशनदान से रात दो बजे लटका बरामद किया गया था। बताया जाता है कि मद्य और निषेध विभाग के अधिकारियों ने शराब पीने और राज्य के शराबबंदी कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में अमन को गुरुवार को गिरफ्तार किया था और थाना के हवालात में रखा था।

### बिहार को मिलेगी एक और वंदे भारत ट्रेन

पटना। बिहार को जल्द ही एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। पटना से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी हो रही है। इससे बिहार के लोगों को लखनऊ के साथ ही अयोध्या जाने की भी बेहतर सुविधा मिलेगी। पटना से लखनऊ वाया डीडीयू, अयोध्या रूट पर वंदे भारत ट्रेन का सर्वे पूरा कर लिया गया है। जल्द ही रेलवे बोर्ड इस रूट पर सेमी हाईस्पीड ट्रेन की अधिसूचना जारी कर सकता है। पटना से अभी रांची और हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा दिवाली-छठ पूजा के समय दिल्ली से पटना के बीच भी वंदे भारत स्पेशल ट्रेन चलाई गई थी।

### मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना शुरू, प्रथम चरण में आएंगी 126 बसें



**बेगूसराय।** सभी पंचायत और प्रखंड को जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना को मूर्त रूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। बेगूसराय में इस योजना के तहत प्रथम चरण में 126 बस की खरीद की जाएगी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी निशांत कुमार ने बताया कि बिहार सरकार के परिवहन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की शुरूआत किया गया है। यह प्रखंडों एवं सुदूर पंचायतों को जिला मुख्यालय से जोड़ने तथा आमजनों को परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है।

छत्तीसगढ़ चुनाव में गुरु-शिष्य की अनोखी लड़ाई

# पहले 67 हजार वोटों से हराया, फिर पैर छू कर लिया आशीर्वाद



**बृजमोहन अग्रवाल लगातार 8वीं बार जीते**

बता दें कि बृजमोहन अग्रवाल को कुल 1 लाख 9 हजार 263 वोट मिले। वहीं महंत राम सुंदर दास को महज 41 हजार 544 वोट मिले। यानी बृजमोहन अग्रवाल ने 67 हजार 719 वोटों से चुनाव में जीत दर्ज की है। वहीं वोट प्रतिशत की बात करें तो बृजमोहन अग्रवाल को 69.48 प्रतिशत वोट मिला है और महंत राम सुंदर दास को 26.42 प्रतिशत वोट मिला है। बृजमोहन अग्रवाल 1990 में पहली बार अविभाजित मध्य प्रदेश में विधायक बने, इसके बाद 1993, 1998 में अविभाजित मध्य प्रदेश में तीन बार टछअ बने। इसके बाद फिर छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद लगातार चार बार 2003, 2008, 2013, 2018 में चुनाव जीत चुके हैं।

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव ने पूरे देश को चौंकाया। चुनाव से पहले कांग्रेस की लहर का दावा किया जा रहा था, लेकिन मतगणना के बाद बीजेपी की साइलेंट आंधी ने सबको हैरान कर दिया। ऐसे में इस चुनाव में कई दिलचस्प किस्से भी देखने को मिले। कहीं कोई सैनिक मंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ रहा है, तो कहीं चाचा-भतीजे और मामा-भांजे में लड़ाई दिखी। इसी तरह रायपुर दक्षिण विधानसभा से गुरु-शिष्य की चुनावी लड़ाई भी देखने को मिली। इस लड़ाई में शिष्य ने गुरु को पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा मार्जिन से हरा दिया है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और उनके गुरु महंत राम सुंदर दास की, जो कांग्रेस पार्टी से रायपुर दक्षिण विधानसभा से प्रत्याशी थे। वहीं प्रदेश में एक बार फिर गुरु-शिष्य की चर्चा क्यों हो रही है, आइये ये जानते हैं। बता दें कि बृजमोहन अग्रवाल महंत रामसुंदर दास से मिलने दुधाधारी मठ पहुंचे। बृजमोहन अग्रवाल ने महंत रामसुंदर दास का श्रीफल और शॉल से स्वागत कर उनके पैर छुए और आशीर्वाद लिया। प्रतिद्वंदी प्रत्याशियों के बीच ऐसी सौहार्दता आज के राजनीतिक समाज में बहुत कम ही देखने को मिलती है। इस दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं पर कभी किसी से राजनीतिक मनभेद नहीं रखना चाहिए। मनभेद हमेशा व्यक्ति को नीचे ही ले जाता है। खास बात यह है कि रामसुंदर दास और बृजमोहन अग्रवाल के परिवार का रिश्ता पिछले तीन दशक से है। रामसुंदर दास के पहले दूधाधारी मठ के ब्रम्हलीन महंत लक्ष्मी नारायण दास के भी बृजमोहन अग्रवाल और उनके पिता रामजीलाल अग्रवाल का गुरु-शिष्य का रिश्ता था।

### अतुल प्रधान के अनशन में पहुंचे टिकैत

**मेरठ।** मेरठ के मोदीपुरम में पल्लवपुरम थाना क्षेत्र के गांव धंजू में असमाजिक तत्वों ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया। शुक्रवार सुबह प्रतिमा को खंडित देख अनुसूचित जाति के लोगों में रोष फैल गया और एकत्रित होकर हंगामा किया। सूचना पर पल्लवपुरम थाना पुलिस गांव में पहुंची और समाज के लोगों से वार्ता कर शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन, समाज के लोग धरने पर बैठ गए। मेरठ में कलेक्ट्रेट में अनशन पर बैठे सपा विधायक अतुल प्रधान का अनशन पांचवें दिन भी जारी रहा। कलेक्ट्रेट में ही लगातार धरने में शामिल होने वाले लोगों के लिए खाने की व्यवस्था की जा रही है। शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे पुलिस प्रशासन ने अनशन स्थल से खाने का सामान हटवा दिया। सपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी यहां पर रसोई का सारा सामान डीसीएम में भरकर ले गए।

### कांग्रेस के पूर्व सांसद बोले-'दिग्विजय और कमलनाथ का अहंकार कांग्रेस पर पड़ा भारी'



उज्जैन। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में परास्त हुई कांग्रेस को हार के कारण की तलाश है। मगर अब कांग्रेस के से जुड़े रहे कई नेता ही प्रदेश के नेतृत्व पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि दोनों नेताओं के अहंकार की वजह से कांग्रेस को मध्य प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा है। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस को बड़ी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। इतनी बड़ी पराजय का कांग्रेस नेताओं को जरा भी ज्ञान नहीं था।अब हार का ठीकरा कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर फोड़ा जा रहा है। कांग्रेस से सांसद और दो बार विधायक रहे प्रेमचंद गुड्डू ने कांग्रेस की हार का कारण पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और कमलनाथ का अहंकार करार दिया है।

### हर दिन बढ़ रहा राम मंदिर का खजाना; विदेशी भक्त भी भेज रहे चंदा



**आयोध्या।** अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य दुगनी तेजी से चल रहा है। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे ही प्रथम फ्लोर का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। जल्द ही प्रथम तल का काम पूरा हो जाएगा, लेकिन इसके बावजूद भक्त जमकर दान दे रहे है और राम मंदिर का खजाना भर रहे है। मंदिर के निर्माण के लिए देश ही नहीं विदेश से भी लोग दान दे रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक, राम मंदिर का खजाना हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। ट्रस्ट को कोषाध्यक्ष ने कहा कि हमें एफसीआए से भी प्रमाण पत्र मिल गया है और अब विदेशों से भी धन मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, 'रामलला को कोष के बारे में लोगों के भीतर अत्यंत जिज्ञासा होती है। मैं कहना चाहता हूं, कि भगवान रामलला को कोष जहां पर कुबेर सेवा कर रहे हैं वो लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जितना कोष समर्पण के समय एकत्रित किया गया था, लोगों की श्रद्धा के बल पर दिया था, वह उससे भी अधिक बढ़ रहा है। अभी मंदिर तो पूरा हो गया, लेकिन कोष हमारा बरकरार है।

### पुलिस के विशेष अभियान में फंसे 62 आरोपी, गये जेल

**रायपुर।** रायपुर में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निदेर्शानुसार रायपुर पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान में गुरुवार की देर शाम तक कुल 62 आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस के विशेष अभियान में 7 दिसंबर को 11 आरोपितों के विरुद्ध आबकारी एक्ट, 4 आरोपितों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट, 05 आरोपितों के विरुद्ध जुआ/सट्टा एक्ट तथा 30 आरोपितों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करने के साथ ही विभिन्न अपराधों के 04 स्थायी वारंट एवं 08 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की गई। इस प्रकार कुल 62 आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया।

### शादी के 7वें दिन ही नई नवेली दुल्हन ने की फांसी लगाकर की आत्महत्या

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शादी के सातवें दिन ही दुल्हन ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। हर कोई ये चर्चा कर रहा है कि चंद दिनों में ऐसा क्या हुआ है कि नई जिंदगी के सपने आंखों में लिए आई दुल्हन ने अपनी जीवनलीला को इस तरह खत्म कर लिया। पुलिस ने इस मामले में दूल्हे को हिरासत में ले लिया है। दुल्हन की मौत की खबर सुनकर मायकेवालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। उनका आरोप है कि ससुरालियों ने उनकी बेटी की हत्या की है, शादी के बाद से ही वो उसे दहेज की लिए ताने दे रहे थे। आगरा के त्रिवेणी नगर गढी भदौरिया के रहने वाले शू डिजाइनर आनंद कुमार की बेटी संध्या की शादी 29 नवंबर को रतनपुरा के रहने वाले ज्ञानेश कुमार से हुई थी। 30 नवंबर को बेटी की विदाई हुई। पिता ने बेटा को शादी में ढाई लाख रुपये की नगदी और एक ऑल्टो कार दी थी। शादी में 15 लाख से भी ज्यादा का खर्चा हुआ था।

फर्जी प्रमाण-पत्र पर नौकरी करने वाली शिक्षिका पुलिस के शिकंजे में

# प्रधान शिक्षिका 12 वर्षों से विभाग की आंखों में धूल झोंककर कर रही थीं नौकरी



**56 शिक्षकों के विरुद्ध हुई कार्रवाई**

डीईओ जियाउल होदा खां ने बताया कि निगरानी विभाग द्वारा जिले के 9,553 नियोजित शिक्षकों की प्रमाण-पत्रों की जांच होनी है। इनमें से कई शिक्षकों की प्रमाण-पत्रों की जांच हो चुकी है। एक साल पहले 79 शिक्षकों के प्रमाण-पत्रों के गलत पाये जाने पर संबंधित थानों में निगरानी विभाग ने एफआईआर दर्ज करायी थी। निगरानी विभाग के इंस्पेक्टर ने बताया कि हाल में 56 शिक्षकों के प्रमाण-पत्र गलत पाये जाने पर संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज करायी गयी है।

**एजेंसी। बिहारशरीफ**

जिले में फर्जी प्रमाण-पत्रों पर नौकरी करने वालो की खैर नहीं। इसी उद्देश्य से निगरानी विभाग लगातार फर्जी दस्तावेज पर बहाल शिक्षकों पर कार्रवाई कर रहा है। हरनौत प्रखंड के वाजितपुर प्राइमरी स्कूल की प्रधान शिक्षिका रीता रानी 12 वर्ष से शिक्षा विभाग की आंख में धूल झोंककर नौकरी कर रही थीं। निगरानी विभाग के इंस्पेक्टर लाल मोहम्मद ने शिक्षिका द्वारा दूसरे के प्रमाण-पत्र पर नौकरी करने की पुष्टि होने पर गोखुलपुर ओपी में गुरुवार को मामला दर्ज कराया। गोखुलपुर ओपी प्रभारी माया यादव ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शिक्षिका को गिरफ्तार कर लिया है। निगरानी इंस्पेक्टर ने बताया कि हरनौत प्रखंड की चौरिया पंचायत के वाजितपुर में तैनात शिक्षिका का प्रमाण-पत्र संस्कृत बोर्ड का था। संस्कृत बोर्ड से शिक्षिका का अंकपत्र व अन्य प्रमाण-पत्रों की जांच कराने पर चौकाने वाले खुलासे हुए। संस्कृत बोर्ड में जांच के दौरान पाया गया कि शिक्षिका लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना के सहुर गांव निवासी गंगा प्रसाद की पुत्री हैं। लेकिन, जिन प्रमाणपत्र पर नौकरी कर रही थीं, उन प्रमाण-पत्रों में रीता कुमारी के पिता का नाम सुरेश प्रसाद दर्ज है। जबकि, इनके पिता का वास्तविक नाम गंगा प्रसाद है। साथ ही, जन्म तिथि में भी अंतर पाया गया। बीईओ सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने बताया कि फर्जी दस्तावेज पर बहाल शिक्षिका पंचायत नियोजन इकाई से नियोजित हैं। गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शिक्षिका को निलंबित कर चौरिया पंचायत नियोजन इकाई को विधिसम्मत कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजा गया है।

# बिहार के गोपालगंज में एक ही परिवार के तीन लोगों ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान



**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज के बरौली थाना क्षेत्र में ट्रेन से कटकर एक ही परिवार के तीन लोगों ने सुसाइड कर लिया। इस हादसे में बाप और दो बेटा ने जान गंवाई है, फिलहाल मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं स्थानीय थाना की पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। मृतकों में गोपालगंज के चंदन टोला गांव निवासी रामसूरत महतो और उनका दो बेटा दीपक कुमार और सचिन कुमार शामिल हैं।परेशान परिवार ने की सामूहिक आत्महत्याः घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान था। मृतक रामसूरत महतो की एक बेटी और दो बेटे थे। एक बेटा दीपक बचपन से दिव्यांग था, जबकि उसकी बेटी सुभावती भी पांच साल पहले लकवा से ग्रसित हो गई थी और अक्सर बीमार रहती थी। उसकी बीमार बेटी की दो दिन पूर्व ही मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक बेटा सचिन सूरत में रह कर मजदूरी करता था। कल रात को ही वह अपने घर आया था, लेकिन आस-पास के किसी व्यक्ति को भी इसकी भनक नहीं लगी। रामसूरत की बेटी की मौत हो जाने से पूरे परिवार ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया था। शुक्रवार की सुबह तीनों बाप बेटे रेलवे ट्रैक पर बैठ कर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे और जब पैसेंजर ट्रेन आई तो उससे कट कर तीनों ने सामूहिक रूप से जान दे दी- कंचन कुमार सिंह, स्थानीयबेटी की बीमारी से परेशान था पिताः वहीं सूचना मिलने पर बरौली थाने पुलिस और रेल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। स्थानीय मुखिया दिलीप कुमार ने बताया कि रामसूरत का परिवार लड़की की बीमारी से बेहद परेशान था। लकवा का इलाज करने में सब कुछ गंवा बैठा था, फिर भी जब ठीक नहीं हुई और मौत हो गई तो उसने बेटे के साथ मिलकर सुसाइड करने का फैसला लिया।

### मुखिया पति की हत्या मामले में 3 लोगों को उम्रकैद की सजा 2-2 लाख रुपए का जुर्माना

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में तीन लोगों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा के साथ दो-दो लाख रुपए का जुमार्ना भी किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने गुरुवार को मामले में दोनों पक्षों की दलीले सुनने के बाद मनीगाछी थाना क्षेत्र के राघोपुर गांव निवासी रेहाना खातून के पति रेयाजुद्दीन की हत्या के जुर्म में तीन दोषियों को आजीवन सश्रम कारावास और दो-दो लाख अर्थदंड की सजा सुनाई है। मनीगाछी थानाक्षेत्र के नारायणपुर गांव के हैदर हजाम और मो. नसीम उर्फ शेर अली खां एवं दहौड़ा मुशहरी टोल के भरत सदाय को भारतीय दंड विधान (भादवि) की धारा 302 में आजीवन सश्रम कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड एवं भा.द.वि. की धारा 120(बी) में आजीवन सश्रम कारावास तथा एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

जदयू विधायक के बयान पर नितीश की उड़ाई नींद

# 3% वाला सीएम और 12% वाला डिप्टी सीएम तो 18% वाला क्यों नहीं



**एजेंसी। पटना**

बिहार में जातिगत गणना रिपोर्ट आने के बाद तमाम जातियों की आबादी की तस्वीर साफ हो गई है। लेकिन, जब से अलग-अलग जतियों से जुड़े आंकड़े सामने आए है तभी से आबादी के हिसाब से तमाम जाति के लोग अपना-अपना हिस्सा मांगने लगे हैं। लेकिन इसी सब के बीच जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व राज्य सभा सांसद गुलाम रसूल बालियावी ने मुस्लिम समाज के लिए आबादी के अनुसार हक मांगने के चक्कर में अपने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री की जाति का नाम लेकर निशाना साधा है। अब उनके इस बयान के बाद से बिहार की सियासत में हलचल तेज हो गयी है। दरअसल जातिगत गणना रिपोर्ट आने के बाद मुस्लिम आबादी लगभग 18 प्रतिशत बताया गयी है और इसी आंकड़े के आधार पर एदारा ए शरिया तहरीक ए बेदारी कान्फ्रेंस समाज सुधार सम्मेलन के प्रमुख गुलाब रसूल बालियावी के एक मांग कर सियासी हलचल तेज कर दी है। सीतामढ़ी के मुर्गियाचक में 7वें चरण के दौरे के बाद समापन भाषण के दौरान एदारा ए शरिया के अध्यक्ष मौलाना गुलाम रसूल बलियावी मे संबोधित करते हुए कहा कि कोई अपने बेटों के कुर्सी के लिए किसी से हाथ मिला सकता है तो मैं भी अपने नस्लों के मुताबिक के लिए कहीं जा सकता हूं। गुलाम रसूल ने कहा कि बिहार ने सर्वे करके बता दिया है कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी तो अब हमें भी शासन एवं प्रशासन में हिस्सेदारी चाहिए। अगर 3 प्रतिशत वाला मुख्यमंत्री बन सकता है, 6 प्रतिशत वाला मंत्री और 12 प्रतिशत वाल उपमुख्यमंत्री बन सकता है तो 18 प्रतिशत वाला क्यों नहीं? इस लिए अब वक्त आ गया है कि अपना हक लिया जाए हम किसी के बंधुआ मजदूर नहीं हैं।

पर्यटकों से गुलजार होने लगी पहाड़ों की रानी

# वीकेंड के लिए बढ़ी बुकिंग



**एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला वीकेंड के लिए पर्यटकों से गुलजार होने लगी है। मौसम ठंडा होने के बाद सैलानी घूमने के लिए पहाड़ों की रानी का रुख करने लगे हैं। शुक्रवार को शिमला के मालरोड व रिज मैदान पर सैलानियों की खासी भीड़ नजर आई। ऐसे में कारोबारी अच्छे वीकेंड की उम्मीद में हैं। पिछले वीकेंड के मुकाबले इस वीकेंड पर सैलानियों की संख्या थोड़ी बड़ी है। शनिवार तक होटलों में 60 फीसदी से ज्यादा कमरे बुक होने की उम्मीद है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहेंद्र सेठ ने बताया कि इस वीकेंड पर सैलानियों की संख्या थोड़ी बड़ी है। अगर क्रिसमस और न्यू ईयर पर बर्फबारी होती है तो शिमला में सैलानियों की संख्या काफी बढेगी। बताया कि पड़ोसी राज्यों में हवाई सेवाएं सस्ती होने की वजह से सैलानियों को शिमला आना महंगा पड़ रहा है। इसकी वजह से पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष कम सैलानी शिमला पहुंच रहे हैं। उम्मीद है कि क्रिसमस और न्यू ईयर तक सैलानियों की आमद बढ़ने से कारोबार में इजाफा होगा।

### राजद नेता की गोली मारकर हत्या, आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले के महिसौर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात अज्ञात अपराधियों ने राजद नेता मैनेजर सहनी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक साहनी की पत्नी अजीजपुर चांदे पंचायत की उप मुखिया बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, सहनी अपनी कार से मूसापुर की ओर से जा रहे थे। इसी दौरान मरूई चौक पर एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने कार रुकवाकर उनसे बातचीत की और फिर उनको गोली मारकर फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग उन्हें स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने इन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक राजद मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ में पदाधिकारी बताए जाते हैं। इधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने ताजपुर - महुआ मुख्य मार्ग पर बहुआरा चौक पर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम लगा दिया। पुलिस के समझाने के बाद लोग सड़क से हटे।

# बीएसएफ ने तस्करी के 296 स्टार कछुओं के साथ बांग्लादेशी को पकड़ा



**एजेंसी। कोलकाता**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 5वीं बटालियन के जवानों ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी को पकड़ा है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उसके कब्जे से लुप्तप्राय प्रजाति के 296 स्टार कछुए मिले हैं। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बांग्लादेश के जेसोर जिले के निवासी रफीकुल शेख (36) के रूप में हुई है। उसे गुरुवार की रात बांग्लादेश से इचामती नदी पार कर भारतीय सीमा में आने की कोशिश करते समय बीएसएफ जवानों ने पकड़ लिया। उसके पास मौजूद तीन बैगों से स्टार कछुए बरामद किए गए। गिरफ्तार व्यक्ति को स्थानीय गायघाटा थाने की पुलिस को सौंप दिया गया और बचाए गए स्टार कछुओं को राज्य वन विभाग को सौंप दिया गया। राज्य वन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि राज्य के विभिन्न सीमावर्ती जिलों में भारत-बांग्लादेश के साथ सीमा पार तस्करी में दुर्लभ पशु प्रजातियों की तस्करी का एक नया चलन देखा गया है। अक्टूबर में, राज्य वन विभाग के अधिकारियों ने उत्तरी बंगाल के सिलीगुड़ी से तस्करी करके लाए गए तीन टोकाय गेयको छिपकलियाँ बरामद की गई थीं। टोकाय गेयको को 2014 में भारत के वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की चौथी अनुसूची में शामिल किया गया था, जो सूचीबद्ध प्रजातियों के अवैध शिकार और अवैध व्यापार पर रोक लगाता है।

### नवगठित तेलंगाना सरकार की छह में से दो गारंटियां आज से लागू होंगी



**हैदराबाद।** नवगठित तेलंगाना सरकार छह में से दो गारंटियों को कल से लागू करेगी। यह निर्णय कल शाम राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में लिया गया। बैठक के बाद मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने पत्रकारों को बताया कि राज्य के स्वामित्व वाली सड़क परिवहन निगम की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा और राजीव आरोग्यश्री स्वास्थ्य बीमा राशि को 10 लाख रुपये तक बढ़ाने से संबंधित गारंटी कल से लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि शेष गारंटी को लागू करने के लिए सरकार संबंधित विभागों से आंकड़े लेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार एक सौ दिनों में सभी छह गारंटी लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने राज्य के वित्त पर भी चर्चा की और अधिकारियों को 2014 से 2023 तक सभी विभागों के लिए आवंटन और व्यय का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। चर्चा है कि शेष छह गारंटियों को लागू करना वित्तीय कारणों से आसान नहीं होगा।

## एक नजर

### संजय बांगड़ को पंजाब किंग्स का क्रिकेट प्रमुख नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर संजय बांगड़ को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) में क्रिकेट विकास का प्रमुख नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति बांगड़ की पीबीकेएस में वापसी का प्रतीक है, जो 2015 और 2016 में मुख्य कोच की भूमिका संभालने से पहले 2014 में फ्रेंचाइजी के सहायक कोच थे। पीबीकेएस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा,हमें पंजाब किंग्स में क्रिकेट विकास के नए प्रमुख के रूप में हमारे शेर, संजय बांगड़ की वापसी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। बांगड़ हमारे संगठन में अनुभव और विशेषज्ञता का खजाना लेकर आते हैं, और हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में हमारे क्रिकेट विकास कार्यक्रम आगे बढ़ेगा और नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।' 2014 में बांगड़ के नेतृत्व में, पीबीकेएस (तब किंग्स इलेवन पंजाब) उपविजेता रही, जो अब तक उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हालाँकि, वे उस सीजन के बाद से प्लेऑफ तक पहुँचने में कामयाब नहीं हुए हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स टीम की गहराई में सुधार करना चाहती है: जोनाथन बैटी

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शनिवार को मुंबई में होने वाली नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने कहा कि टीम की रणनीति टीम की गहराई में सुधार करने की होगी। दिल्ली, जो डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र में उपविजेता रही थी, अब उनके पास 2.25 करोड़ रुपये का पर्स उपलब्ध है और उसे भरने के लिए तीन स्लॉट हैं। उन्होंने जसिया अख्तर, अपर्णा मंडल और यूएसए की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस को रिलीज कर दिया जिन्होंने टूनार्मेंट में पहली बार पांच विकेट लिए थे। फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में जोनाथन बैटी ने कहा, हम टीम की गहराई में सुधार करना चाहते हैं। हमने पिछले साल की नीलामी में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था और 18 खिलाड़ियों की एक अच्छी टीम तैयार की थी।

### गुजरात जायंट्स को तेज गेंदबाजों की तलाश: डब्ल्यूवी रमन

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शनिवार को होने वाली नीलामी से पहले गुजरात जायंट्स के पास 5.95 करोड़ रुपये के साथ सभी फ्रेंचाइजियों के बीच सबसे ज्यादा पर्स है। साथ ही, उन्हें अधिक से अधिक संख्या में स्लॉट (10) भरने की जरूरत है और भारत के पूर्व क्रिकेटर डब्ल्यूवी रमन का मानना है कि टीम की नजर दो तेज गेंदबाजों को जोड़ने पर होगी। उनके रिटेंशन से पता चलता है कि उन्होंने बल्लेबाजों को साथ लेकर चलने पर भरोसा किया है। इस तरह की प्रतियोगिता में चाहे वह डब्ल्यूपीएल हो या आईपीएल, विदेशियों को या तो गति उत्पन्न करने या तेज गेंदबाजों को मारने की आवश्यकता होती है। लेकिन यहां जो हुआ वह यह है कि उन्होंने अपने सभी तेज गेंदबाजों को जाने दिया। रमन ने जियो सिनेमा पर कहा, उदाहरण के लिए एनाबेल सदरलैंड को जाने दिया गया और वह बहुत अच्छी ऑलराउंडर है।

# पांच देशों के टूर्नामेंट के लिए महिला हॉकी टीम की घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले आगामी 5 देशों के टूर्नामेंट के लिए 22 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। भारत टूर्नामेंट में आयरलैंड, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम के खिलाफ खेलेगा, जो 13 जनवरी, 2024 से शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से पहले तैयारी के रूप में काम करेगा। शीर्ष गोलकीपर सविता को कप्तान और अनुभवी वंदना कटारिया को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। टीम चयन पर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, "हम एक संतुलित, मजबूत टीम के साथ जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को हाल के प्रदर्शन को आगे बढ़ाने और सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में जाने के लिए खुद को सही मानसिक स्थिति में रखने के लिए एक आदर्श मंच देता है। उन्होंने कहा, शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ मैच से हमें उन क्षेत्रों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी जिनमें टूर्नामेंट से पहले सुधार की जरूरत है और हम इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की उम्मीद कर रहे हैं।



**भारतीय महिला हॉकी टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपर- सविता (कप्तान), बिच्छू देवी खारिबाम**

**डिफेंडर्स** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, गुरजीत कौर, अक्षता अबासो ढेकाले

**फारवर्ड** निशा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति, बलजीत कौर

**मिडफील्डर** ज्योति छेत्री, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया (उप-कप्तान), ब्यूटी डुंगडुंग, शर्मिला देवी

## विश्व कप क्वालाफाईंग मैच में भारत ने कोरिया को 3-1 से हराया

**एजेंसी। सैंटियागो**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार को चिली में खेले गए एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के 9वें-12वें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में कोरिया को 3-1 से हरा दिया। भारत के लिए रोपनी कुमारी (23'), मुमताज खान (44') और अन्नू (46') ने गोल किए, जबकि कोरिया के लिए जियुन चोई (19') ने एकमात्र गोल किया। मैच की शुरूआत में दोनों ही टीमें काफी आक्रामक रहीं। कोरिया ने दबदबा बनाए रखा और पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा सका। भारत ने जवाबी हमलों का विकल्प चुनते हुए, कोरिया के डिफेंस को व्यस्त रखा, लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली, जिसके परिणामस्वरूप पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ।कोरिया के जियुन चोई (19') ने सटीक पेनल्टी कॉर्नर के जरिये गोल कर कोरिया को बढ़त दिला दी, हालांकि 23वें मिनट में रोपनी कुमारी ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिये गोल कर भारत को 1-1 से बराबरी दिला दी। मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर रहीं। तीसरे क्वार्टर में, भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा और कोरिया की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाए रखा, जिसका लाभ भी टीम को मिला, क्योंकि मुमताज खान (44') ने पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल कर भारत को 2-1 से आगे कर दिया।

# बांह की चोट के कारण पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ मैच से बाहर हुए मैक्सवेल

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**



मेलबर्न स्टार्स के कप्तान ग्लेन मैक्सवेल चोट के कारण पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ बुधवार के मैच से बाहर हो गए हैं। मैक्सवेल को बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन 13 के शुरूआती मैच में ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय बांह में चोट लग गई थी। मैक्सवेल के 14 गेंदों पर 23 रन बनाने के बावजूद स्टार्स 103 रनों से हार गए। मेलबर्न स्टार्स ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, ‍मैक्सवेल को गुरुवार रात ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय चोट लगी थी और वह तुरंत अपना पुनर्वास शुरू करेंगे। वहीं, ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ गेंदबाजी करते समय पिंडली की चोट के नुकसान का पता लगाने के लिए नाथन कूल्टर-नाइल का इस सप्ताह के अंत में स्कैन किया जाएगा। क्लब बुधवार को स्कॉर्चर्स के खिलाफ मुकाबले से पहले एक और अपडेट प्रदान करेगा। मैक्सवेल को हीट के खिलाफ मैच के दौरान दो बार चिकित्सा सहायता प्राप्त हुई, उनके अग्रबांह को लपेटा गया था, और बाद में गाबा में आउट होने के बाद उन्हें डगआउट में बर्फ लगाते हुए दिखाया गया था। मैक्सवेल की अनुपस्थिति में शुरूआती बल्लेबाजी के रूप में मार्कस स्टोइनिस को अधिक भार उठाना होगा। स्टार्स को उम्मीद होगी कि मैक्सवेल के पास ठीक होने के लिए पर्याप्त समय होगा और वे बुधवार को एमसीजी में स्कॉर्चर्स के खिलाफ मैच के बाद 23 दिसंबर को एल्बरी में सिडनी थंडर के खिलाफ खेलेंगे।

### भारत दौरे के लिए तैयार हैं एलिसा हीली

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली का मानना है कि वह भारत दौरे से पहले प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी को लेकर आश्वस्त हैं, जो 21 दिसंबर से मुंबई में एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू होगा। एलिसा की आखिरी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट उपस्थिति इस साल अक्टूबर में महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में हुई थी। इससे पहले वह अपने पालतु कुत्तों के बीच लड़ाई को रोकने की कोशिश करते समय चोटिल हो गई थी जिसके बाद उन्हें बाकी टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। आईसीसी ने कायो समर ऑफ क्रिकेट में एलिसा के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि मैं वहां मुंबई में पहले टेस्ट के लिए रहूंगी। उन्हें मुझे वहां जाने और पहली गेंद पकड़ने से रोकने के लिए बहुत कुछ करना होगा।

# टेस्ट सीरीज में नई गेंद होगी भारत की ताकत : इरफान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए मेहमान टीम का मंत्र बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में नई गेंद की चुनौती का सामना करना होना चाहिए। भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट खेलेगा, 26-30 दिसंबर तक सेंचुरियन में और 3-7 जनवरी, 2024 तक केप टाउन में। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2023-2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की भारत की दूसरी श्रृंखला है। भारत ने इससे पहले जुलाई में वेस्ट इंडीज में 1-0 से टेस्ट सीरीज जीती थी। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, देखो, उन्हें उस मंत्र की खोज करनी होगी, और मुझे लगता है कि मंत्र नई गेंद में है। जब आप नई गेंद से अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हैं तो यही सबसे बड़ा मंत्र है कि आपने उस पर जीत हासिल कर ली तो आपके लिए चीजें आसान हो जाएंगी, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका में, सबसे मुश्किल काम बल्लेबाजी करना और नई गेंद का सामना करना है। आखिरी बार भारत ने दक्षिण अफ्रीका में दिसंबर 2021-जनवरी 2022 में टेस्ट श्रृंखला खेली थी। भारत ने सेंचुरियन में पहला टेस्ट जीता था,इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने जोहान्सबर्ग और केप टाउन में मैच जीतकर वापसी की और अंततः श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

## सब जूनियर हॉकी चैम्पियनशिप राउंडग्लास पंजाब सेमी में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 के छठे दिन (जोन ए) में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने सब जूनियर वर्ग में अपना मैच जीतकर पूल बी में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमी-फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। सब जूनियर वर्ग में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी को 10-1 से हराया। घुम्मनहेरा राइजर्स अकादमी के युवराज सिंह (6') ने मैच का पहला गोल किया, लेकिन यह मैच में उनके लिए खुशी का एकमात्र क्षण था क्योंकि इसके बाद राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने 10 गोल दागे। पंजाब के लिए अमनदीप (14', 47', 49') ने तीन, सनी (36', 60') ने दो, चरणजीत सिंह (8'), गुरजोत सिंह (11'), सैमुअल (16'), राजभर साजन (27') और वरिंदर सिंह (51') ने 1-1 गोल किया।

### ऑस्ट्रेलिया के पहले टेस्ट मैच से पूर्व अबरार चोटिल

**कैनबरा।** पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ चार दिवसीय अभ्यास मैच के तीसरे दिन चोटिल हो गए हैं। 25 वर्षीय खिलाड़ी को मैदान से बाहर ले जाया गया। उनकी शिकायत के बाद, अबरार को एमआरआई स्कैन के लिए भेजा गया था। पीसीबी ने एक बयान में कहा, मेडिकल पैनल द्वारा एमआरआई रिपोर्ट का आकलन करने के बाद आगे की जानकारी उचित समय पर साझा की जाएगी।

# गेल प्रीमियम विंडीज व श्रीसंत इंडियंस के कप्तान

**एजेंसी। स्टन**



क्रिस गेल को 19 से 31 दिसंबर तक यहां मूसा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले अमेरिकन प्रीमियर लीग (एपीएल) के दूसरे सीजन के लिए प्रीमियम विंडीज टीम का कप्तान घोषित किया गया है। टूर्नामेंट में खेलने वाली छह अन्य टीमों में से, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत प्रीमियम इंडियंस की कमान संभालेंगे, सोहेल तनवीर प्रीमियम पाक्स की कप्तानी करेंगे, अफगानिस्तान टीम के वर्तमान कप्तान मोहम्मद नबी प्रीमियम अफगानों का मार्गदर्शन करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर बेन कटिंग प्रीमियम ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी संभालेंगे। गेल ने कहा,मैं एक बार फिर विंडीज टीम का कप्तानी बैंड पहनने के लिए उत्साहित हूं। अमेरिका में खेलना घरेलू मैदान पर खेलने जैसा है। एक खेल के रूप में क्रिकेट को एक दिन अमेरिका में जगह बनानी ही थी और इस तरह की लीग आयोजित करने का यह सबसे अच्छा समय है। इंग्लैंड के उभरते सितारे डैन लॉरेंस, जिन्होंने 2021 की शुरूआत में श्रीलंका में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, को प्रीमियम अमेरिकियों के लिए कप्तान के रूप में नामित किया गया है जो सीजन के शुरूआती गेम में प्रीमियम विंडीज से भिड़ेंगे। पंजाब में जन्मे कनाडाई नवनीत धालीवाल, जो हाल ही में विश्व टी20 क्वालीफायर में कनाडा का नेतृत्व करने और टी20 विश्व कप 2024 में अपना पक्ष रखने के बाद सुर्खियों में आए, अपने पड़ोसी देश में प्रीमियम कैनेडियन की कप्तानी करेंगे। गेल कुछ महीने पहले लीग मालिकों और फवाद आलम (पाकिस्तान) और रवि बोपारा (इंग्लैंड) जैसे अन्य अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर में एपीएल लॉन्च करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में से एक थे।

## वॉलीबॉल क्लब विश्व चैम्पियनशिप

# सदा क्रूजेरो वोलेई के खिलाफ हार के बावजूद सनबड्र्स सेमीफाइनल में

**एजेंसी। बेंगलुरू**

जापान की सनटोरी सनबड्र्स पुरुषों की वॉलीबॉल क्लब विश्व चैंपियनशिप 2023 के मौजूदा संस्करण के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई है। चार बार के चैंपियन सदा क्रूजेरो वोलेई ने गुरुवार रात यहां कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में सनटोरी पर 3-2 से जीत दर्ज की लेकिन बावजूद इसके सनटोरी सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। पहली बार प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खेल रहे सनबड्र्स सनटोरी ने पूल-बी के अपने दूसरे मैच के तीसरे सेट में चार मैच प्वाइंट बचाए और फिर निर्णायक सेट में भी अंक सुनिश्चित करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सदा भी नॉक-आउट चरण में एक स्थान की तलाश थे क्योंकि उन्होंने चैंपियनशिप के अपने शुरूआती मुकाबले को 25-21, 31-29, 28-30, 22-25, 15-12 से जीतने के लिए समय पर खुद



को फिर से संगठित किया और दो मूल्यवान अंक अर्जित किए। टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार, 3-2 के अंतर से जीतने वाली टीम तीन अंक अर्जित करती है जबकि हारने वाली टीम को भी उनके प्रयास के लिए एक अंक मिलता है। पूल-बी में जो स्थिति है, उसके अनुसार, सनबड्र्स के पास अब चार अंक हैं, जबकि सदा को शुक्रवार को एक अहम मुकाबले में तुर्की के हल्कबैंक स्पोर कुलुबु का सामना करना पड़ेगा। सदा और सनबड्र्स के बीच तीसरे सेट के अंत तक ऐसी संभावना असंभव लग रही थी, क्योंकि ब्राजीलियाई टीम अपनी बेहतर स्पाइकिंग की बदौलत पूरे तीन अंक हासिल करने के लिए तैयार दिख रही थी। हालांकि, सनबड्र्स ने तब धैर्य बनाए रखा जब मूल्यवान अंक अर्जित करना सबसे अधिक महत्वपूर्ण था। सदा, जो अब तक अपने पांच ब्राजीलियाई सुपरलिगा मैचों में अजेय रहे हैं, तीसरे सेट में अच्छी स्थिति में दिख रहे थे। उन्होंने पहले दो सेट जीत लिए थे, क्योंकि उन्होंने कुछ क्वालिटी ब्लॉक्स के साथ 14-10 की बढ़त बना ली थी।

### एसआर डीएवी पुंदाग बना ओवरऑल चैंपियन

**रांची ।** डीएवी. स्पोर्ट्स क्लस्टर - 6 के तत्वावधान में झारखंड, जोन - जी के विभिन्न डीएवी. विद्यालयों में खेल - कूद प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। उक्त प्रतियोगिताओं में एस. आर. डीएवी. पब्लिक स्कूल, पुंदाग,रांची के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मार्शल आर्ट्स में तीस में से सत्ताईस में चैंपियन रही। इसके अलावा क्रिकेट अंडर17 एवं 19बालक वर्ग में तथा अंडर17 बालिका वर्ग में चैंपियन रही। इसके अलावा चेस,हैंडबॉल तथा शॉर्टपुट ,फुटबॉल में भी पदक हासिल किया और इसी के साथ एस. आर. डीएवी.पुंदाग के खिलाड़ी क्लस्टर स्तर की अंडर -19 बालक वर्ग में ओवरऑल चैंपियन बन गए। इससे विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई। ये सभी खिलाड़ी आगामी सप्ताह राज्य स्तरीय खेलों में जोर आजमाएंगे। प्राचार्य एस. के. मिश्र ने सभी खिलाड़ियों के साथ उनके खेल शिक्षक आशीष जायसवाल तथा ऋतु रानी को भी बधाई तथा शुभ कामनाएं दीं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज - कल खेलों का महत्त्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

# लीजेंड्स लीग के खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे सुरेश रैना और हरभजन

**एजेंसी। सूरत**

21 दिनों की तमाम आतिशबाजी के बाद, लीजेंड्स लीग क्रिकेट सूरत में अंतिम मुकाबले में पहुंच गया है, क्योंकि नवोदित अर्बनराइजर्स हैदराबाद और मणिपाल टाइगर्स फाइनल में पहुंच गए हैं। कप्तान सुरेश रैना और हरभजन सिंह आज फाइनल से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में काफी सहज दिखे और उन्होंने ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और फाइनल के लिए अपनी राह पर चर्चा की। दोनों कप्तानों ने इस बारे में बात की कि अपने पहले सीजन में लीजेंड्स लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने और फाइनल में पहुंचने का टीम के लिए क्या मतलब है, जैसा कि उन्होंने कई बार किया है, यहां तक ??कि भारतीय क्रिकेट टीम में टीम के साथी के रूप में और अन्य लीग में अपनी-अपनी टीमों के साथ। दोनों टीमों के लिए फाइनल की राह लीग चरण और क्वालीफायर में विस्फोटक क्रिकेट से भरी थी क्योंकि अर्बनराइजर्स



हैदराबाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम थी क्योंकि उन्होंने क्वालीफायर 1 में मणिपाल को हराया था। मणिपाल को कड़ी मेहनत से गुजरना पड़ा और इंतजार करना पड़ा इंडिया कैपिटल्स के खिलाफ सेमीफाइनल में उनकी बारी एक करीबी जीत की थी, जिससे फाइनल में अर्बनराइजर्स के खिलाफ मुकाबला तय हो गया। फाइनल से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुरेश रैना ने कहा, ‍लीजेंड्स लीग क्रिकेट हमारे द्वारा खेले गए किसी भी क्रिकेट की तरह ही प्रतिस्पर्धी रहा है और हम फाइनल में भी उतने ही अच्छे क्रिकेट मैच की उम्मीद कर रहे हैं। हम दोनों ने एक साथ और एक-दूसरे के खिलाफ कई फाइनल खेले हैं और मुझे पता है कि यह अनुभव भी दूसरों की तरह ही अच्छा होगा। हरभजन सिंह ने कहा,फाइनल के लिए यह एक अच्छी राह थी और हम अपने पदार्पण में भी इसे बनाकर बहुत खुश हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट एक बहुत ही मजेदार अनुभव रहा है और इसमें समान रूप से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट भी देखा गया है।

## पीकेएल 10

### लीग में अब तक युवा रेडर सोनू और राकेश ने सभी को किया प्रभावित

# सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में उभरा गुजरात जायंट्स, बेंगलुरु चरण आज से

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अहमदाबाद में कबड्डी के दीवाने प्रशंसकों ने अपनी टीम को अपने शहर में खेलते हुए देखने के लिए चार साल तक इंतजार किया और घरेलू टीम ने भी उन्हें निराश नहीं किया। फजल अत्राचली के नेतृत्व में और प्रो कबड्डी लीग के सबसे सफल कोचों में से एक - राम मेहर सिंह के मार्गदर्शन में, घरेलू टीम गुजरात जायंट्स ने चार मैचों में से तीन में जीत दर्ज की। लीग में अब तक गुजरात जायंट्स के युवा रेडर सोनू और राकेश ने सभी को प्रभावित किया है।

सोनू ने 33 अंक जुटाए, जबकि राकेश ने 26 अंक दर्ज किए, जिससे घरेलू टीम को 16 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहते हुए अहमदाबाद चरण पूरा करने में मदद मिली। इसके अलावा, सोनू और राकेश को रक्षा इकाई में उनके कप्तान फजल अत्राचली (8 टैकल पॉइंट) और सोमबीर (13 टैकल पॉइंट) से जबरदस्त समर्थन मिला। अत्राचली ने इस सीजन में कप्तान के रूप में 100 मैच पूरे किए और इस साल के संस्करण के पहले चरण में हाई-फ्लायर पवन सहरावत ने अपना रिकॉर्ड 1000वां रेड पॉइंट भी हासिल किया। अहमदाबाद में कबड्डी प्रेमियों को कई जोरदार मुकाबले देखने को मिले। 04 दिसंबर 2023 को बेंगलुरु बुल्स के खिलाफ दूसरे हाफ में बंगाल वॉरियर्स 23-15 से आगे थी, हालांकि, बुल्स ने शानदार वापसी करते हुए 37वें मिनट में स्कोर 28-28 कर दिया। लेकिन वॉरियर्स ने धैर्य बनाए रखा और अंत में 32-30 के स्कोर के साथ विजयी हुआ। यू मुंबा और गुजरात जायंट्स के बीच भी रोचक मुकाबला हुआ। मैच के आखिरी मिनटों तक वे बराबरी पर थे, हालांकि, सोनू डटे रहे और शानदार रेड मारकर अपनी टीम को 05 दिसंबर 2023 को 39-37 से जीत दिलाई। एक टीम और मेजबान के रूप में बेहद सफल अहमदाबाद चरण के बारे में अदानी स्पोर्ट्सलाइन के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (सीबीओ) संजय अडेसरा ने कहा, ‍अहमदाबाद ने 10वें सीजन में प्रशंसकों द्वारा टीमों का उत्साहवर्धन करने के मामले में पूरी तरह से ट्रेंड सेट कर दिया है। प्रो कबड्डी लीग और हमारे अपने गुजरात जायंट्स ने भी मैट पर प्रदर्शन का स्तर बढ़ाया है। हमें इस बात की खुशी है कि हम टूनार्मेंट के इस विशेष संस्करण की शुरूआत करने वाले शहर में हैं, और इस सप्ताह ने गुजरात में कबड्डी को और अधिक लोकप्रिय बनाने में भी मदद की है, क्योंकि अधिक से अधिक लोगों ने इस खेल की ओर अपना ध्यान आकर्षित किया है। हम सभी को शुभकामनाएं देना चाहते हैं क्योंकि कारवां बेंगलुरु की ओर बढ़ रहा है। अहमदाबाद ने एक बार फिर बड़े मंच पर अच्छी तरह से और सही मायने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, और हम इस तरह के और हफ्तों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।' पीकेएल के बेंगलुरु लौटने के बारे में पूछे जाने पर, बेंगलुरु बुल्स के सीईओ, कीर्ति मुरलीकृष्णन ने कहा, ‍बेंगलुरु हमेशा से एक खेल का दीवाना शहर रहा है और हमें यकीन है कि प्रशंसक बड़ी संख्या में कबड्डी के लिए अपना समर्थन दिखाने के लिए आएंगे। स्टेडियम में ऊर्जा हमेशा विद्युतमय रहती है और हम अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। हम बेंगलुरू चरण में एक टीम के रूप में लय हासिल करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।' इस बीच, हेड स्पोर्ट्स लीग, मशाल स्पोर्ट्स और लीग कमिश्नर, प्रो कबड्डी लीग अनुपम गोस्वामी ने कहा, ‍हम प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 को भव्य तरीके से शुरू करने को इच्छुक थे और हमें ऐसा करने में मदद करने के लिए मैं अहमदाबाद के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। स्टेडियम में मौजूद प्रशंसक न केवल अपनी टीम बल्कि खेल में शामिल अन्य सभी टीमों का भी समर्थन कर रहे थे। अहमदाबाद चरण के सफल प्रदर्शन के बाद, अब हम बेंगलुरु में अपनी गति जारी रखना चाहेंगे।" प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 बेंगलुरु लेग 8-13 दिसंबर 2023 तक खेला जाएगा।

**पीकेएल 08 से बेंगलुरु के गार्डन सिटी में खेला जाएगा**

**इसके बाद, लीग पुणे (15-20 दिसंबर 2023), चेन्नई (22-27 दिसंबर 2023), नोएडा (29 दिसंबर 2023 - 3 जनवरी 2024), मुंबई (5-10 जनवरी 2024), जयपुर (12-17 जनवरी 2024), हैदराबाद (19-24 जनवरी 2024), पटना (26-31 जनवरी 2024), दिल्ली (2- 7 फरवरी 2024), कोलकाता (9-14 फरवरी 2024) और पंचकुला (16-21 फरवरी में) खेला जाएगा।**



बुल्स ने शानदार वापसी करते हुए 37वें मिनट में स्कोर 28-28 कर दिया

### एशियन किड्स क्लाइंबिंग चैंपियनशिप

# 91 प्रतिभागी ले रहे हिस्सा



**एजेंसी। जमशेदपुर**

जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन की ओर से तीन दिवसीय एशियन किड्स क्लाइंबिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. शुक्रवार को इसका शुभारम्भ हुआ. इस चैंपियनशिप में कुल 11 देशों के 91 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है, जिसमें से 31 प्रतिभागी भारत से हैं. वहीं, 18 प्रतिभागी जमशेदपुर के हैं. जिन देशों के प्रतिभागी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, उनमें थाइलैंड के 10, साउथ कोरिया के 11, मलेशिया के 1, सिंगापुर के 9, कजाकिस्तान के 17, इरान के 7, इंडोनेशिया के 1, बांग्लादेश के 2, श्रीलंका के 1, नेपाल के 1 और भारत के 31 प्रतिभागी शामिल हैं. इसमें 10 से 13 साल के प्रतिभागी हिस्सा लें रहे है. प्रतिभागियों को 10-11 वर्ष के आयु वर्ग में यूथ डी और 12-13 वर्ष के आयु वर्ग में यूथ सी के दो समूहों में विभाजित किया गया है. कार्यक्रम में एथलीट लीड, स्पीड, बोल्डरिंग और कंबाइंड श्रेणी की तीन श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे. बता दें कि चैम्पियनशिप का पहला चरण 2022 में आयोजित किया गया था जिसमें 10 देशों के 84 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 पदक जीते थे.

## एक नजर

### निकट भविष्य में शेयर बाजार दायरे में रहेगा

**नई दिल्ली।** निकट भविष्य में शेयर बाजार के एक दायरे में रहने की संभावना है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि रैली का अगला चरण शुरू होने से पहले बाजार के मौजूदा स्तर के आसपास बने रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था मजबूत है जो वित्त वर्ष 25 में आय वृद्धि की मौजूदा प्रवृत्ति को बनाए रखने में सक्षम है। बिजली की मांग, आवास की मांग, ऋण वृद्धि और ग्रामीण मांग में बड़ोतरी जैसे प्रमुख संकेतक एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत देते हैं जो बाजार को उत्साहित रख सकता है। बैंकिंग जैसे उचित मूल्य वाले सेक्टर में गिरावट पर संचय हो सकता है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल में गिरावट पेंट, टायर और विमानन के लिए सकारात्मक है, जहां मांग मजबूत बनी हुई है। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 279 अंक ऊपर 69,637 अंक पर है।

### निफ्टी नई ऊंचाई पर 21 हजार के पार

**नई दिल्ली।** एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे का कहना है कि आरबीआई गवर्नर के मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद निफ्टी 21,000 अंक को पार करते हुए ऑल टाइम हाई स्तर पर पहुंच गया।आरबीआई गवर्नर ने लेंडिंग रेट को 6.50 प्रतिशत पर बरकरार रखा, एक ऐसा निर्णय जिसकी बाजार को पहले से ही उम्मीद थी। 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान में संशोधन से बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। 21,000 से ऊपर का स्पष्ट ब्रेकआउट सूचकांक को 21,550-21,700 की सीमा तक ले जा सकता है। उन्होंने कहा, महत्वपूर्ण समर्थन स्तर 20,800 है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि रैली का अगला चरण शुरू होने से पहले मौजूदा स्तरों के आसपास समेकन की संभावना है।

### एप्पल भारत में 50 मिलियन निर्माण करने को तैयार : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एप्पल का लक्ष्य भारत में प्रति वर्ष 50 मिलियन से अधिक आईफोन निर्माण करने का है। उसका फोकस कुछ प्रोडक्शन चीन से बाहर शिफ्ट करना है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में घटनाक्रम से जुड़े लोगों का हवाला देते हुए कहा गया है कि टेक दिग्गज का लक्ष्य अगले दो से तीन वर्षों के भीतर लक्ष्य हासिल करना है, जिसके बाद अतिरिक्त दसियों लाख इकाइयों की योजना बनाई जाएगी। अगर एप्पल इस लक्ष्य को हासिल कर लेता है तो विश्व में आईफोन उत्पादन (प्रोडक्शन) में भारत की हिस्सेदारी एक चौथाई हो जाएगी। शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन अभी भी सबसे बड़ा आईफोन निमार्ता बना रहेगा। एप्पल को एक कठिन लड़ाई का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि वह अपना प्रोडक्शन चीन से बाहर शिफ्ट करने की योजना बना रहा है।

## मारुति-टाटा के बाद हुंडई भी बढ़ाएगी कारों के दाम

# कंपनी की इनपुट कॉस्ट बढ़ी, एक जनवरी से लागू होंगी नई कीमतें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मारुति सुजुकी और टाटा मोटर्स के बाद हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने भी अपने लाइनअप में शामिल सभी गाड़ियों के दाम बढ़ाने का ऐलान किया है। दोनों ऑटोमेकर ने यह फैसला बढ़ती महंगाई, कमोडिटी कीमतों में लगातार बढ़ोतरी व इनपुट कॉस्ट बढ़ने के कारण लिया है।





### पिछले महीने 65,801 गाड़ियां बेचीं

हुंडई मोटर इंडिया को सेल्स के मामले में नवंबर में सालाना आधार पर 3% की ग्रोथ मिली। पिछले महीने उसने कुल 65,801 गाड़ियां बेचीं। नवंबर 2022 में ये आंकड़ा 64,003 यूनिट्स का था। कंपनी की कुल सेल्स में 60% योगदान रवश सेगमेंट की कारों का रहा।

बढ़ी हुई कीमतें 1 जनवरी-2024 से लागू होंगी। हालांकि, कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी के स्केल को नहीं बताया है, लेकिन कीमतें कारों के मॉडल के अलग-अलग वैरिएंट के अनुसार बढ़ाई जाएंगी।

**कंपनी मेकिंग कॉस्ट वहन करने की कोशिश करती है :** चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर तरुण गर्ग ने कहा, 'कंपनी हमेशा मेकिंग कॉस्ट का खुद वहन करने की कोशिश करती है, ताकि कस्टमर्स पर बोझ न पड़े। हालांकि, अब बढ़ती इनपुट कॉस्ट के कारण दाम बढ़ाना अनिवार्य हो गया है।'कंपनी के लाइनअप में ग्रैंड10 निओस से लेकर इलेक्ट्रिक रवश तक शामिल है। इनकी कीमत 5.84 लाख रुपए से 45.95 लाख रुपए के बीच है।

**ये कंपनियां भी जनवरी से बढ़ाएंगी प्राइस**

साल के आखिर में लगभग सभी कार कंपनियां नए साल से अपनी गाड़ियों के दाम बढ़ाने का ऐलान करती हैं। मारुति सुजुकी, टाटा, ऑडी, महिंद्रा, होंडा व मोटर इंडिया 1 जनवरी से अपनी कारों की कीमतों में बढ़ोतरी का एलान कर चुकी हैं।

# ऑनलाइन भुगतान में कनाडा से आगे भारत : कुमार उत्कर्ष

**एजेंसी। रांची**

रांची निवासी सोनिया सिंह कनाडा से लगभग दो वर्षों के बाद आईं हैं और यहां फोन पे, पेटीएम जैसे आसान डिजिटल भुगतान माध्यमों से उत्साहित होकर कनाडा की तरह क्रेडिट कार्ड के बजाय इन ऑनलाइन भुगतान माध्यमों से धड़ल्ले से कर रही है हैं । इनका मानना है कि भारत और झारखंड तेजी से बादल रहे हैं और भारतीय होने पर गर्व की अनुभूति होती है । डिजिटल पेमेंट के मामले में भारत रोजाना नए रिकॉर्ड बना रहा है। दुनिया में सबसे ज्यादा डिजिटल पेमेंट करने के मामले में भारत टॉप पायदान पर पहुंच गया है। भारत की तरफ से साल 2022 में रिकॉर्ड संख्या में डिजिटल पेमेंट किए गए। इस दौरान करीब 89.5 मिलियन डिजिटल लेनदेन हुए हैं। भारत टॉप-5 लिस्ट में बाकी चार देशों से कहीं आगे है।



**माइगोव इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 46 फीसद रियल टाइम पेमेंट किए गए। इस लिस्ट में ब्राजील दूसरे पायदान पर है। ब्राजील में 29.2 मिलियन डिजिटल पेमेंट हुए। जबकि चीन का तीसरा स्थान है, जहां 17.6 मिलियन लेनदेन डिजिटल हुए। इस लिस्ट में चौथे पायदान पर थाईलैंड है, जहां 16.5 मिलियन डिजिटल लेनदेन हुए। साउथ कोरिया 8 मिलियन डिजिटल पेमेंट के साथ पांचवें पायदान पर है।**

# आरबीआई ने आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर सात फीसदी किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश के आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया है। रिजर्व बैंक ने मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण क्षेत्र में क्षमता इस्तेमाल बढ़ने के बीच विकास दर के अनुमान में इजाफा किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो रेट 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। उन्होंने मौद्रिक समीक्षा बैठक के नतीजे के बारे में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर सात फीसदी रहेगी। दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी और मार्च तिमाही में छह फीसदी रहने का अनुमान है। शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी ने मौद्रिक समीक्षा में







अगले वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.7 फीसदी, दूसरी तिमाही के लिए 6.5 फीसदी और तीसरी तिमाही के लिए 6.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। इससे पहले केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। उल्लेखनीय है कि भारत की अर्थव्यवस्था 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी। देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की जून और सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर क्रमशः 7.8 फीसदी और 7.6 फीसदी रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्वबैंक और रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 फीसदी रहने की संभावना जताई है, जबकि एसएंडपी ने विकास दर 6.4 फीसदी रहने की उम्मीद जताई है।

### लगातार पांचवीं बार रेपो रेट 6.50 प्रतिशत पर कायम

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। साथ ही मुख्य नीतिगत रेपो रेट को लगातार पांचवीं बार 6.50 फीसदी पर बरकरार रखते हुए चालू वित्त वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ सात फीसदी रहने का अनुमान जताया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने सम्मेलन में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करते हुए रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। दास ने कहा कि इसके फलस्वरूप स्थायी जमा सुविधा दर 6.25 फीसदी और सीमांत स्थायी सुविधा दर तथा बैंक दर 6.75 फीसदी पर बनी हुई है।

# 'भारत 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार और उद्योग के सामूहिक प्रयासों से भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, ताकि पूर्ण रूप से विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सके। मंत्री ने शीर्ष व्यापार संगठन फिक्की की 96वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पहले ही मजबूत बुनियादों के साथ ₹फ्रेजाइल 5₹ से निकलकर दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने बताया कि देश का 600 अरब डॉलर का मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार सबसे कठिन समय में भी स्थिर रहा है, चाहे वह भू-राजनीतिक उथल-पुथल हो जैसे कि यूक्रेन में युद्ध या महामारी। निवेशकों ने भारत में रहने और बाहर न जाने को प्राथमिकता दी है, जिससे पता चलता है कि उन्हें देश की अर्थव्यवस्था पर कितना भरोसा है। उन्होंने कहा कि विदेशी बैंकर भी भारतीय मुद्रा को दुनिया में सबसे सुरक्षित मानते हैं। गोयल ने



कहा कि देश की विदेशी मुद्रा स्थिति इतनी मजबूत है कि अगले पांच से छह वर्षों तक मौजूदा चालू खाते के घाटे पर देश के आयात का ध्यान रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों में भारी मंदी और यहां तक कि संकट के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत विकास के साथ आगे बढ़ रही है। इससे दूसरे देशों के बीच देश का सम्मान बढ़ा है और इसके बाजार के बड़े आकार को देखते हुए अन्य देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए उत्सुक हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि कुछ देश ऐसे भी हैं जिन्हें इस बात की शिकायत है कि भारत व्यापार समझौतों के मामले में उन्हें पीछे छोड़ देगा।

### सरकार ने प्याज के निर्यात पर अगले साल मार्च तक लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाया है। सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश के लिए प्याज के निर्यात पर 31 मार्च, 2024 तक प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। डीजीएफटी की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि प्याज निर्यात की नीति को 31 मार्च, 2024 तक मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में डाल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि घरेलू बाजार में प्याज की खुदरा कीमत 60 से 65 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया है। सरकार ने प्याज की कीमत को नियंत्रित करने के लिए 29 अक्टूबर, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 तक की अवधि के लिए प्याज निर्यात का एफओबी आधार पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 800 डॉलर प्रति मीट्रिक टन अधिसूचित किया था।

## विदेश

# अमेरिकी दूतावास के पास विस्फोट गाजा में इजराइल के दो सैनिक शहीद

**एजेंसी। बगदाद/गाजा**

इराक की राजधानी बगदाद में आज (शुक्रवार) तड़के करीब चार बजे किलेबंदी वाले शांति क्षेत्र में अमेरिकी दूतावास के पास तेज विस्फोट हुआ है। इजराइल के प्रमुख अखबार द यरुशलम पोस्ट के अनुसार विस्फोट के बाद काफी समय तक चेतावनी सायरन बजते रहे। इस बीच इजराइल के दो सैनिक गाजा पट्टी में युद्ध के दौरान शहीद हो गए। इसकी पुष्टि इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने की है। द यरुशलम पोस्ट के अनुसार इस विस्फोट पर दूतावास ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। फिलहाल किसी भी सशस्त्र समूह ने अमेरिकी दूतावास के पास हुए विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर के



मध्य से अब तक इराक और सीरिया में सैन्य ठिकानों और अमेरिकी बलों को 70 से अधिक हमलों का सामना करना पड़ा है। इनकी जिम्मेदारी इराकी शिया मुस्लिम सशस्त्र समूह के एक संगठन ने ली है। द यरुशलम पोस्ट के अनुसार आईडीएफ ने कल (गुरुवार) गाजा पट्टी में युद्ध में शहीद हुए दो सैनिकों के नामों का खुलासा किया है। साथ ही उनके परिवारों को इसकी सूचना दी है। आईडीएफ ने कहा है कि फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के साथ छिड़े युद्ध में तिबरियास के 41 वर्षीय मेजर कोबी द्राश और यरुशलम के 28 वर्षीय मेजर इयाल मीर बर्कोविट्ज उत्तरी गाजा पट्टी में युद्ध में शहीद हो गए। इस अखबार ने कहा है कि एंटी डिफेमेशन लीग (एडीएल) के रब्बीनिक फेलो और हार्वर्ड डिवाइनिटी स्कूल के विजिटिंग स्कॉलर रब्बी डेविड वोल्पे ने शुक्रवार सुबह एक्स पर एक पोस्ट में घोषणा की कि उन्होंने हार्वर्ड में यहूदी विरोधी सलाहकार समिति से इस्तीफा दे दिया है। इजराइल के दूसरे प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार फिलिस्तीनी कवि रेफैट अलारेर की गाजा पट्टी में युद्ध के दौरान मौत हो गई। कवि मोसाब अबू तोहा ने फेसबुक पर अपलोड पोस्ट में यह जानकारी देते हुए अपना दुख साझा किया है। अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार इजराइल ने हमास पर 'मानवीय क्षेत्रों' से रॉकेट दागने का आरोप लगाया है।

### अमेरिका में भारतीय मूल के मोटल मालिक की गोली मारकर हत्या

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उत्तरी कैरोलीना राज्य में एक बेघर अतिक्रमणकारी ने भारतीय मूल के 46 वर्षीय मोटल मालिक सत्येन नाइक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि हमलावर ने खुद को भी कमरे में बंद करके गोली मार ली, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। सत्येन नाइक, जिनकी कथित तौर पर 59 वर्षीय ट्रॉय केलम ने हत्या कर दी थी। उसे न्यूपोर्ट में हॉस्टेस हाउस के एक कमरे के बाहर घायल अवस्था में पड़ा मिला, जिसके शरीर पर गोलियों के निशान थे।

# हमास से लड़ाई में भारतीय मूल के एक इजराइली सैनिक की मौत

**एजेंसी। यरुशलम**

इजराइल और हमास के बीच गाजा पट्टी में संघर्ष के दौरान मंगलवार को भारतीय मूल के इजराइली सैनिक की मौत हो गई। भारतीय यहूदी विरासत केंद्र के हवाले से यह जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार मास्टर सार्जेंट (रिटायर्ड) गिल डेनियल की मंगलवार को गाजा में हमास के आतंकियों ने हत्या कर दी। वह अशदोद के रहने वाले थे जहां बुधवार को उनका अंतिम संस्कार एक सैन्य कब्रिस्तान में किया गया। वहीं, इजराइली रक्षा बलों ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि हमास के साथ लड़ाई के दौरान मारे गए दो और सैनिकों में गिल भी शामिल थे। भारतीय यहूदी विरासत केंद्र ने कहा कि हमास के साथ जारी युद्ध में इजराइल ने अभी तक कई सैनिकों को खो दिया है। हम इजराइल सेना की एक और सैनिक की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हैं। केंद्र के मुताबिक, गाजा में युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद गिल 10 अक्टूबर को रिजर्व में गए थे। मालूम हो कि गिल ने हिब्रू यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फामेर्सी से मास्टर डिग्री हासिल की थी। मालूम हो कि इजराइली हमले में अब तक 16,248 लोग मारे गए हैं, जिसमें 7,112 बच्चे और 4,885 महिलाएं शामिल हैं।

## प्रतिबंध डेनमार्क के संसद में कानून पारित

# किसी भी धार्मिक ग्रंथ का अनादर गैरकानूनी

**एजेंसी। कोपेनहेगन**

डेनमार्क में किसी भी देश के पवित्र ग्रंथ का अपमान करना गैरकानूनी बनाया गया है। डेनमार्क की संसद ने इस संबंध में बृहस्पतिवार को एक नया कानून पारित किया है। यह कानून ऐसे समय पारित किया है, जब हाल में इस्लाम विरोधी कार्यकताओं द्वारा सार्वजनिक रूप से कुरान का अपमान करने की घटना के बाद कई देशों में प्रदर्शन किए गए। स्कैंडिनेवियाई राष्ट्र को एक ऐसे स्थान के रूप में देखा जाता है जो अन्य देशों की संस्कृतियों, धर्मों और परंपराओं का अनादर करता है। न्याय मंत्रालय ने कहा है कि कानून का उद्देश्य सुनियोजित तरीके से आयोजित अनादर की घटनाओं का मुकाबला करना है, जिसने अन्य बातों के अलावा, डेनमार्क में आतंकवाद के खतरे को बढ़ाया है। संसद ने इसे 77 के मुकाबले 94 मतों से मंजूर किया जबकि आठ सांसद अनुपस्थित रहे। नया कानून किसी समुदाय के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथ या वस्तु का अनादर करना अपराध बना देगा। कला के तहत अभिव्यक्ति को कुछ शर्तों के साथ प्रतिबंध के दायरे से बाहर रखा गया है।



### रूसी विदेशी खुफिया सेवा प्रमुख की चेतावनी

**यूक्रेन के लिए अमेरिका बन जाएगा दूसरा वियतनाम**

**मॉस्को।** अमेरिका के लिए यूक्रेन दूसरा वियतनाम बन जाएगा। यह चेतावनी रूस के विदेशी खुफिया सेवा प्रमुख (एसवीआर) के प्रमुख सर्गेई नारीशकिन ने बृहस्पतिवार को दी है। सर्गेई ने अमेरिका और पश्चिमी देशों का यूक्रेन का समर्थन आने वाले वर्षों में वाशिंगटन को परेशान करेगा। ज्ञात रहे कि पिछले साल (2022) की शुरूआत में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था, जो अभी तक जारी है। इस युद्ध में अभी तक हजारों लोगों की मौत हुई है और व्यापक पैमाने पर नुकसान हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम ने यूक्रेन को अब तक 246 अरब डॉलर से अधिक की सहायता और व्यापक पैमान पर हथियार दे चुका है। एवीआर प्रमुख ने अमेरिकी मदद को लेकर कहा कि यूक्रेन अधिक से अधिक संसाधनों को अवशोषित करने वाला 'ब्लैक होल' बन जाएगा।

### श्रीलंका अगले वर्ष एफएओ सम्मेलन की मेजबानी करेगा

**कोलंबो।** श्रीलंका फरवरी, 2024 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के एशिया प्रशांत क्षेत्रीय सम्मेलन (एपीआरसी) के 37वें सत्र की मेजबानी करेगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एफएओ के हवाले से बताया कि यह सम्मेलन एशिया प्रशांत क्षेत्र के 46 सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों और उच्च अधिकारियों को खाद्य और कृषि से संबंधित चुनौतियों और प्राथमिकताओं पर चर्चा करने और क्षेत्रीय सामंजस्य को बढ़ावा देने में सक्षम बनाएगा। श्रीलंका के कृषि मंत्री महिंदा अमरवीरा ने कहा कि यह सभा क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी, जिससे श्रीलंका के कृषि परिदृश्य, मत्स्य पालन क्षेत्र और पर्यावरण के साथ-साथ भाग लेने वाले सदस्य देशों को लाभ होगा। एफएओ के अनुसार, इस आयोजन की मेजबानी कर श्रीलंका न केवल घर पर बल्कि पूरे क्षेत्र में कृषि के टिकाऊ विकास के प्रति देश के समर्पण को प्रदर्शित करता है, और टिकाऊ कृषि विकास में भागीदार बनने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## पेज एक के शेष

### बारिश थमी...

विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि नौ दिसंबर के बाद आसमान से बादल छंटने के बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट के साथ कंपकंपी बढ़ेगी। कुहासा व धुंध का असर भी बढ़ने लगेगा। उन्होंने कहा कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से में उठे चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर के कारण ही राज्य के मौसम में बदलाव हुआ है। इसके अलावा हरियाणा और पंजाब समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा भी पड़ेगा। हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्से में पश्चिमी विक्षोभ के चलते साइक्लोनिक सकुर्लेशन जैसी परिस्थितियां बन रही हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना पश्चिमी हिमालय रीजन में बर्फबारी भी बढ़ेगी। जिससे मैदानी इलाकों का पारा और नीचे गिरता जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर भारत के हिस्सों में तापमान गिर रहा है तो दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में अभी भी तेज बारिश की संभावना बनी है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप में अगले दो दिनों तक तेज बारिश के आसार बन रहे हैं। जबकि नॉर्थ ईस्ट के कुछ राज्यों में भी लगातार ऊपरी हिस्से में विक्षोभ के दबाव के चलते बारिश के आसार बन रहे हैं।

### डिजिटल अरेस्ट ज्यादा ...

पढ़े लिखे और समझदार लोगों को शिकार बनाया जा रहा है। इस नई साइबर ठगी का नाम डिजिटल अरेस्ट है। डिजिटल अरेस्ट ब्लैकमेल करने का एक एडवांस तरीका है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार वही लोग होते हैं जो अधिक पढ़े लिखे और अधिक होशियार होते हैं। डिजिटल अरेस्ट का सीधा मतलब ऐसा है कि कोई आपको ऑनलाइन धमकी देकर वीडियो कॉलिंग के जरिए आप पर नजर रख रहा है। डिजिटल अरेस्ट के दौरान साइबर ठग नकली पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को धमकाते हैं और अपना शिकार बनाते हैं। कई बार डिजिटल अरेस्ट वाले ठग लोगों को फोन करके कहते हैं कि वे पुलिस डिपार्टमेंट या इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से बात कर रहे हैं। ये कहते हैं कि आपके पैन और आधार का इस्तेमाल करते हुए तमाम चीजें की खरीदी गई हैं या फिर मनी लॉन्ड्रिंग की गई है। इसके बाद वे वीडियो कॉल करते हैं और सामने बैठे रहने के लिए कहते हैं। इस दौरान किसी से बात करने, मैसेज करने और मिलने की इजाजत नहीं होती। इस दौरान जमानत के नाम पर लोगों से पैसे भी मांगे जाते हैं। इस तरह लोग अपने ही घर में ऑनलाइन कैद होकर रह जाते हैं।

यदि आपके पास भी इस तरह की धमकी वाले फोन कॉल आते हैं तो आपको डरने की जरूरत नहीं है। ऐसे कॉल आने पर तुरंत पुलिस में शिकायत करें। यदि कोई मैसेज या ई-मेल आता है तो उसे सबूत के तौर पर पुलिस को दें। यदि किसी कारण आपने कॉल रिसीव कर लिया और आपको वीडियो कॉल पर कोई धमकी देने लगा तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के जरिए वीडियो कॉल को रिकॉर्ड करें और शिकायत करें। किसी भी कीमत पर डरें नहीं और पैसे तो बिलकुल भी ना भेजें। झारखंड के पूर्व एक मंत्री को भी ऐसा ही कॉल आया था पर वे ठगे नहीं गए।

### अनुच्छेद 370 निरस्त ...

हुआ कि क्या विशेष प्रावधान अस्थायी हैं या स्थायी। याचिकाकताओं ने दलील दी थी कि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के भंग होने के बाद संविधान के अनुच्छेद 370 ने स्थायी स्वरूप ले लिया है। मार्च 2020 में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने इस मुद्दे को सात न्यायाधीशों की बड़ी पीठ को सौंपने के याचिकाकताओं के तर्क को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। तत्कालीन सीजेआई एन.वी. रमण की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने तर्क दिया कि अनुच्छेद 370 की व्याख्या से संबंधित प्रेम नाथ कौल मामले और संपत प्रकाश मामले में शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए पहले के फैसले विरोधाभासी नहीं थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## पीएम ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का किया शुभारंभ, बोले

# धर्म की नगरी के साथ विकास नगरी भी बन रहा है उत्तराखंड

**मेक इन इंडिया की तरह वेडिंग इन इंडिया मूवमेंट चलाने की जरूरत : पीएम**

**उत्तराखंड, टूरिज्म का एक सशक्त ब्रांड बनकर उभरने वाला है**

**डेस्टिनेशन शादी के लिए लोग विदेश जाकर शादी कर रहे हैं**

**एजेंसी। देहरादून**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उत्तराखंड धर्म की नगरी के साथ-साथ विकास की नगरी भी बन रही है। डबल इंजन की सरकार से राज्य लाभान्वित हो रहा है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को देहरादून में 'उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामर्थ्य से भरी ये देवभूमि निश्चित रूप से आपके लिए बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है। आज भारत विकास और विरासत के जिस मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है, उत्तराखंड उसका प्रखर उदाहरण है। राज्य की विकास हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वो राज्य है जहां आपको धर्म और विकास दोनों का अनुभव एक साथ होता है। आकांक्षी भारत आज अस्थिरता नहीं चाहता है बल्कि वह आज स्थिर सरकार चाहता है। हाल में हुए विधानसभा चुनाव इसके उदाहरण हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देहरादून में दो दिवसीय उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर राज्यपाल गुरमीत सिंह, बाबा राम देव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। उत्तराखंड सरकार की ओर से इस बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की थीम 'पीस टू प्रॉस्पेरिटी' रखा गया है। इन्वेस्टर्स समिट में देश-दुनिया के हजार से अधिक इन्वेस्टर और डेलीगेट्स शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में कहा कि सरकार की ओर से उत्तराखंड को निवेश की नई डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में ढाई लाख करोड़ के निवेश के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है।



## पीएम मोदी ने की अपनी सरकार के तीसरे टर्म में आने की घोषणा

**डेस्टिनेशन** उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे टर्म में आने की घोषणा कर दी। उन्होंने देश में लगातार विकास और पॉलिसी लेवल पर सुधार पर बोलते हुए सभी निवेशकों का आह्वान किया कि उत्तराखंड में अधिक से अधिक निवेश करें। इस दौरान पीएम मोदी ने ऐलान किया कि उनके तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसका मतलब साफ है कि पीएम मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव को जीतने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त और कॉन्फिडेंट हैं। प्रधानमंत्री ने संबोधन में अपनी लिखी कविता पढ़ी, जहां अंजुली में गंगाजल हो, जहां हर एक मन बस निश्छल हो, जहां गांव-गांव में देशभक्त, जहां नारी में सच्चा बल हो, इस देशभूमि का आशीर्वाद लिए मैं चलता जाता हूं, इस देवभूमि के ध्यान में सदा धन्य हो जाता हूं, हे भाग्य मेरा सौभाग्य मेरा, मैं तुमको शीष नवाता हूं। कहा, राज्य में छोटी सड़कों से लेकर चारधाम मार्ग पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने जिक्र किया कि देहरादून और पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार से एयर कनेक्टिविटी सशक्त होगी। सरकार हेली टैक्सी सेवाओं को विस्तार दे रही है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन से रेल कनेक्टिविटी भी सशक्त होगी। ये आधुनिक कनेक्टिविटी जीवन को आसान बनाने के साथ ही बिजनेस को भी आसान बना रही है। इस दौरान पीएम मोदी ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में आए उद्योगपतियों से बात की। पीएम मोदी ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने काम का स्वाट (एसडब्लूओटी) एनालिसिस करते हैं। एक राष्ट्र के रूप में भारत को लेकर आज हमें ऐसी एनालिसिस करनी होगी तो हमें चारों तरफ एस्पिरेशन, होप, इनोवेशन, सेल्फ कॉन्फिडेंस और अपॉर्चुनिटी ही दिखेगी।

### थीम बेस्ड टूरिज्म सर्किट तैयार हो रहा है

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया की तरह वेडिंग इन इंडिया मूवमेंट चलाने की जरूरत है। आज डेस्टिनेशन शादी के नाम पर लोग विदेश में जाकर शादी समारोह कर रहे हैं। ऐसे में वेडिंग इन इंडिया मूवमेंट समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि आने वाले पांच साल में लोग अपने परिवार की एक डेस्टिनेशन शादी उत्तराखंड में करें। अगर एक साल में 05 हजार शादियां भी यहां होने लग जाएं तो एक नया इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा हो जाएगा और दुनिया की शादियां यहां होने लग जाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत को देखने के लिए भारतीयों और विदेशियों दोनों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। हम पूरे देश में थीम बेस्ड टूरिज्म सर्किट तैयार कर रहे हैं। कोशिश ये है कि भारत के नेचर और हेरिटेज दोनों से ही दुनिया को परिचित कराया जाए। इस अभियान में उत्तराखंड, टूरिज्म का एक सशक्त ब्रांड बनकर उभरने वाला है।

# महुआ के पास अदालत जाने और संसद से अनुरोध करने का विकल्प

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कैश फॉर क्वेरी मामले में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। संसदीय आचार समिति की रिपोर्ट संसद में पेश किए जाने और चर्चा के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा। आचार समिति ने मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की थी। महुआ मोइत्रा 2019 में चुनाव जीतकर पश्चिम बंगाल के कृष्णा नगर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। अब बड़ा सवाल यही है कि महुआ मोइत्रा आगे क्या करेगी? उनके पास क्या विकल्प होंगे?

संवैधानिक विशेषज्ञ के अनुसार महुआ मोइत्रा के पास तीन प्राथमिक आधारों पर अदालत में फैसले को चुनौती देने का विकल्प है। ये हैं प्राकृतिक न्याय से इनकार, घोर अवैधता, और सदन के निर्णय या संसदीय समिति की प्रक्रिया की असंवैधानिकता। मोइत्रा इन उदाहरणों के आधार पर प्राकृतिक न्याय से इनकार का तर्क दे सकती हैं। इसके अतिरिक्त, मोइत्रा अपनी शर्तों के अनुसार, अपराध के संबंध में सजा की असमानता को उजागर करते हुए अनुच्छेद 20 का इस्तेमाल कर सकती है। इसके अलावा महुआ मोइत्रा फैसले की समीक्षा के लिए संसद के समक्ष अनुरोध कर सकती हैं। हालांकि यह पूरी तरीके से संसद के विवेक पर निर्भर है कि वह पर विचार करना चाहती है या नहीं। एक विकल्प यह भी है कि वह फैसले को स्वीकार करें और 4 महीने बाद होने वाले आम चुनाव में एक बार फिर से मैदान में उतरे। टीएमसी सांसद के रूप में अपने निष्कासन के बाद महुआ मोइत्रा ने कहा, एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है...यह आपके (बीजेपी) अंत की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि अगर इस मोदी सरकार ने सोचा कि मुझे चुप कराकर वे अडानी मुद्दे को खत्म कर देंगे। मैं आपको यह बता दूं कि इस कंगारू कोर्ट ने पूरे भारत को केवल यह दिखाया है कि आपने जो जल्दबाजी और उचित प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है, वह दर्शाता है कि अडानी आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। और आप एक महिला सांसद को समर्पण करने से रोकने के लिए उसे किस हद तक परेशान करेंगे।




### हमें नियमों के तहत काम करना पड़ता है

भाजपा सांसद और लोस आचार समिति की सदस्य अपराजिता सारंगी ने कहा कि महुआ मोइत्रा का निष्कासन सारे सांसदों के लिए एक सीख है। जब हम सांसद बनते हैं तो हम संविधान के तहत शपथ लेते हैं और हमें कुछ नियमों के तहत काम करना पड़ता है। याद रहे कि हम कांच के घर में हैं और पूरा देश हमें देख रहा है... महुआ मोइत्रा के मामले में अनैतिकता दिखी, दायित्वपूर्ण व्यवहार नहीं दिखा जिस वजह से आज उनका लोकसभा से निष्कासन हुआ। इससे पहले जब एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश की गई तो विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने इसे पढ़ने के लिए तीन से चार दिन का समय देने की मांग आसन से की।

### मोइत्रा ने खुद स्वीकारी लॉग इन पासवर्ड साझा करने की बात

हिना वी. गवित ने कहा कि जब हम सांसद बनते हैं तो हम सभी को नियमों के तहत संसद के लॉग इन और पासवर्ड मिलते हैं। सांसद बनने पर हम जिन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते हैं, उनमें साफ लिखा होता है कि हम किसी के साथ इन लॉग इन पासवर्ड को साझा नहीं कर सकते जबकि महुआ मोइत्रा ने खुद स्वीकार किया कि उन्होंने लॉग इन पासवर्ड साझा किए। आप नैचुरल जस्टिस की बात करते हैं लेकिन आप खुद नियम तोड़ रहे हैं। 'ये पक्ष या विपक्ष का सवाल नहीं है बल्कि संसद की मयार्दा का सवाल है। संसदीय आचरण का सवाल है।

### निशिकांत दुबे ने एथिक्स कमेटी का बचाव किया

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा एथिक्स कमेटी का बचाव किया है। साथ ही उन्होंने दावा किया है कि अगर साबित हो जाता है कि तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा से 'पुरुष मित्र' को लेकर कोई प्रश्न किया गया था, तो वह राजनीति से संन्यास दे देंगे। साथ ही उन्होंने समिति पर लगे आरोपों को लेकर बहुजन समाज पार्टी सांसद दानिश अली पर भी सवालिया निशान लगाए हैं।

## राहुल ने ममता को फोन कर गठबंधन की बैठक में आने के लिए मनाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्षी दलों के आईएनडीआई गठबंधन की अगली बैठक में शामिल होने के लिए हामी भर दी है। इसके पहले बैठक में शामिल होने से उन्होंने इनकार कर दिया था। ममता ने आरोप लगाया था कि समय पर उन्हें सूचना नहीं दी गई। इसके बाद नीतीश कुमार और अखिलेश यादव के भी बैठक से किनारा करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के दिल्ली स्थित आवास पर होने वाली बैठक टाल दी गयी थी। अब सूचना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को फोन कर अगली बैठक में शामिल होने के लिए मनाया है।

**कॉलेजियम पर बोले सीजेआई**

# मुझे कानून से निर्धारित नियम का पालन करना होगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में कॉलेजियम प्रणाली से न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में कानून द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। सुप्रीम कोर्ट की खुली अदालत में एक वकील ने सुझाव दिया था कि सुप्रीम कोर्ट को कॉलेजियम प्रणाली और अधिवक्ताओं के 'वरिष्ठ पदनाम' की प्रक्रिया में सुधार के बारे में सोचना चाहिए। इस पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, आपको अपने दिल की इच्छा पूरी करने की आजादी है। मैं कानून और संविधान का सेवक हूं। मुझे कानून द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। सीजेआई व सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों वाली समिति, जिसे आमतौर पर कॉलेजियम कहा जाता है।

**FILMY हलचल**

## 'टॉक्सिक-ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के लिए गीतू के साथ जुड़े यश

**केजीएफ** फेम एक्टर यश जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक-ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन निर्देशक गीतू मोहनदास ने किया है। फिल्म के शीर्षक की घोषणा करने वाले एक वीडियो का शुक्रवार को अनावरण किया गया। यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म के बारे में अपने विचार साझा करते हुए गीतू ने कहा, "मैंने हमेशा अपनी नैरेटिव स्टाइल्स के साथ एक्सपेरिमेंट किया है। हालांकि, 'लायर्स डाइस' और 'मूथॉन' को इंटरनेशनल लेवल पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह प्रोजेक्ट उसी विचार से उपजा है। यह फिल्म दो विपरीत दुनियाओं और कहानी कहने के एस्थेटिक को एक साथ लाने का मिश्रण है और मुझे यश मिला, जो सबसे प्रतिभाशाली दिमागों में से एक है और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए हमारी टीम के लिए उत्साहित हूं।" निर्माता वेंकट के. नारायण ने कहा, "हमें अपने अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए यश के साथ सहयोग करते हुए खुशी हो रही है।



### एक्शन से भरपूर 'फाइटर' का टीजर जारी




**अगले** वर्ष 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'फाइटर' का टीजर जारी कर दिया गया है। फिल्म का टीजर दर्शकों को 'फाइटर' की दुनिया के बारे में बताता है। फिल्म के टीजर को अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा- कभी उड़ान के लिए, कभी जंग के लिए और हर बार देश के लिए। टीजर का लॉन्च पॉवर और सटीकता से भरा हुआ है, जिसमें ऑडियंस की एक्सपेक्टेशन को जगाने के लिए एलिमेंट शामिल है। टीजर में आकर्षक विजुअल से लेकर कलाकारों की टोली का बेहतरीन प्रदर्शन है, जिसमें स्क्वाड्रन लीडर के रूप में रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण फर्स्ट टाइम ऑन-स्क्रीन पेयरिंग और कमांडिंग ऑफिसर के रूप में अनिल कपूर की दिखेंगे है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में और वायाकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के सहयोग की प्रस्तुत 'फाइटर' एक सिनेमाई अनुभव है।

## मशहूर अभिनेता जूनियर महमूद का निधन

**कैंसर** से पीड़ित मशहूर अभिनेता जूनियर महमूद का निधन हो गया। 67 वर्षीय अभिनेता ने अपने घर पर ही कल देर रात लगभग दो बजे अंतिम सांस ली। महमूद के निधन की पुष्टि उनके फैमिली फ्रेंड सलाम काजी ने की। दरअसल, मशहूर अभिनेता जूनियर महमूद कैंसर से पीड़ित थे और काफी समय से बीमार थे। जूनियर महमूद के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार जुहू स्थित कब्रिस्तान में किया जाएगा। उनके परिवार में पत्नी, दो बच्चे, एक बहू और एक पोता है। नईम सैयद को जूनियर महमूद के



नाम से जाना जाता था। उन्हें "जूनियर महमूद" नाम महमूद अली ने दिया था। जूनियर महमूद पिछले दो महीने से बीमार थे। जब उनका वजन कम होने लगा तो उनका परीक्षण किया गया। उस समय उन्हें कैंसर का पता चला था। जूनियर महमूद ने 7 अलग-अलग भाषाओं में लगभग 265 फिल्मों में अभिनय किया और 6 मराठी फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया। जूनियर महमूद ने अभिनेता सचिन पिलगांवकर और जितेंद्र के साथ कई फिल्मों में काम किया। सचिन और जूनियर महमूद बचपन के दोस्त थे। कुछ दिन पहले उन्होंने सचिन और जितेन्द्र से मिलने की इच्छा जताई थी। इसके बाद सचिन पिलगांवकर और जितेन्द्र ने उनसे मुलाकात की। जूनियर महमूद और सचिन पिलगांवकर ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रूप में की थी।

## राकांपा: अयोग्य ठहराए जाने की याचिकाओं पर दोनों गुटों के आठ एमएलसी को नोटिस जारी

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के आठ विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) को नोटिस जारी कर उन्हें अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर अपना जवाब देने को कहा है। एक सूत्र ने बताया कि विधान परिषद के आठ सदस्यों - सतीश चव्हाण, अनिकेत तटकरे, विक्रम काले, अमोल मिटकारी, रामराजे नाइक निंबालकर (अजीत पवार गुट) और एकनाथ खडसे, शशिकांत शिंदे और अरुण लाड (शरद पवार गुट) को सात दिसंबर को नोटिस जारी किए गए। ये नोटिस महाराष्ट्र विधान परिषद (दल-बदल के आधार पर अयोग्यता) नियम, 1986 के तहत जारी किए गए। इसमें उन्हें नोटिस प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर अपने बचाव में उपसभापति को संबोधित दस्तावेज जमा करने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि अगर विधायक सात दिनों के भीतर दस्तावेजों के साथ उपसभापति को लिखित जवाब नहीं सौंपते हैं, तो यह माना जाएगा कि उनके पास कहने को कुछ भी नहीं है और फिर उसके अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

**संकल्प से सिद्धी** | **एबीवीपी के 69वें राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले गृह मंत्री**

# किसी को विश्वास नहीं था कि राम मंदिर बनेगा

**पीएम ने संकल्प लिया है कि आने वाले 25 वर्षों में भारत विश्व गुरु बनेगा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और विकास विरोधाभासी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पहले किसी को भी विश्वास नहीं था कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर मंदिर का निर्माण किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को दिल्ली के बुराड़ी मैदान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 69वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण पर सवाल खड़ा करने वालों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले किसी को विश्वास नहीं था कि अयोध्या में राम



मंदिर बन सकता है। शाह ने राम मंदिर निर्माण पर प्रश्न करने वालों को भी 22 जनवरी को अयोध्या में मिठाई खाने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और विकास विरोधाभासी नहीं है। हमारी विरासत ही आधुनिक विकास की कुंजी है। हमने अपनी सांस्कृतिक विरासत को अपनाया है और दुनिया भर ने इसको उचित श्रेय दिया है।

अमित शाह ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं से कहा कि इस देश का स्वर्णिम भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। पिछले 10 सालों में देश में जबरदस्त बदलाव हुए हैं। 'घोटालों' की जगह अब हमारे पास नई-नई 'योजनाएं' हैं। 'तुष्टीकरण, परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति' के बजाय अब हमारे पास 'प्रदर्शन की राजनीति' है। उन्होंने कहा कि भारत का समय आ गया है। हर समस्या के समाधान के लिए आज विश्व भारत की ओर आशा के साथ देख रहा है। आप सभी युवाओं की जिम्मेदारी है कि ये जो परिवर्तन आया है, इस परिवर्तन को सातत्यपूर्ण बनाते हुए हमारी कल्पना के भारत की रचना आपको करनी है।

शाह ने एबीवीपी से अपने जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा, मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि मैं एबीपीपी का ऑर्गेनिक प्रॉडक्ट हूं। उन्होंने कहा कि वह आज यहां राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर गौरव महसूस कर रहे हैं। शाह ने कहा, ये अनुभव वही व्यक्ति कर सकता है, जिसकी शुरूआत राजकोट अधिवेशन में पंडाल के अंत में बैठकर हुई है और वो आज मुख्य अतिथि बनकर यहां खड़ा है।

उन्होंने एबीवीपी को शिक्षा व्यवस्था का सबसे बड़ा संगठन बताते हुए कहा कि यह न केवल शिक्षा प्रणाली की खामियों को दूर करने का प्रयास करता है, बल्कि अपने छात्रों के चरित्र निर्माण में भी मदद करता है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी ने अपनी स्थापना के बाद से देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे भाषा आंदोलन हो, शिक्षा आंदोलन हो या संस्कृति का संरक्षण एबीवीपी हमेशा सबसे आगे रही है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद के छात्र देश के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, चाहे वह शिक्षा हो, मीडिया हो या राजनीति। विद्यार्थी परिषद ने वर्षों से अपने छात्रों की हर छोटी-बड़ी समस्याओं को उठाया है। मेरे आगमन पर, 'कश्मीर हो या गुवाहाटी, अपना देश अपनी मिट्टी' की गूंज थी! (चाहे कश्मीर हो या गुवाहाटी, यह हमारा देश है, यह हमारी धरती है!) चिंता न करें, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, कश्मीर हमारा है! उत्तर-पूर्व हमारा है!

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि आने वाले 25 वर्षों में भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि अमृत महोत्सव और अमृतकाल का जो संकल्प नरेन्द्र मोदी जी ने देश के सामने रखा है, वो आपके लिए है क्योंकि इसे देखने के लिए आप सभी होंगे।